राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-350
लखनऊ, शुक्रवार 09 अगस्त, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का पांच साल का ब्लू प्रिंट तैयार 03

विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा, हिल्डेब्रांट ने खिताब जीता 12


# भारतीय हॉकी टीम ने भारत को दिलाया चौथा कांस्य पदक

**एजेंसी, पेरिस।**

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। आज यहां यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहला क्वार्टर में गोल रहित रहा। हांलाकि इस दौरान भारत ने नौ बार आक्रामक तरीके से सर्कल में प्रवेश किया लेकिन स्पेनिश गोलपोस्ट में गोल करने में सफल नहीं हुये।

उसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए शीर्ष-दाएं कोने से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीति ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीति ने फिर से गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसकी के साथ ही टूर्नामेंट में हरमनप्रीति के गोलों की संख्या 10 हो गई। भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाये लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी।



## राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने हॉकी टीम को दी बधाई



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर हमारी हॉकी टीम को हार्दिक बधाई। यह पांच दशक से भी अधिक समय के बाद हुआ है जब भारत ने लगातार दो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान के लिए टीम सबसे अधिक प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया है। इस टीम द्वारा दिखाई गई निरंतरता, कौशल, एकजुटता और जुझारूपन हमारे युवाओं को प्रेरित करेगा। भारतीय हॉकी टीम, बहुत बढ़िया। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई। विश्व मंच पर भारत को गौरवान्वित करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। टीम को उनके भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

## ओलंपिक में जीत के साथ श्रीजेश ने लिया संन्यास



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पी आर श्रीजेश गुरुवार को स्पेन पर मिली 2-1 की जीत के बाद संन्यास ले लिया है। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में आज स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता है। यह लगातार दूसरी बार भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। पुरुष हॉकी में उनका 13वां ओलंपिक पदक है। म्यूनिख 1972 के बाद यह पहली बार है जब भारत ने लगातार दो ओलंपिकों में पदक जीते हैं। मैदान पर उतरने से पहले आखिरी बार श्रीजेश ने प्रशंसकों के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर एक नोट में लिखा, जैसे ही मैं अंतिम बार गोलपोस्ट के बीच खड़ा हुआ, मेरा दिल कृतज्ञता और गर्व से भर गया। एक सपना देखने वाले एक युवा लड़के से भारत के सम्मान की रक्षा करने वाले व्यक्ति तक की यह यात्रा असाधारण रही है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रतिफल है हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राजधानी लखनऊ में निर्मित हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल वर्ष 2022 में संपन्न ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का प्रतिफल है।

श्री योगी ने इस 300 बेडेड सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल का बटन दबाकर लोकार्पण व शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में इन्वेस्टर समिट के दौरान ही हॉस्पिटल को लेकर एमओयू हुआ था और 200 करोड़ रुपए की लागत से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण कर इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत हेल्थ केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में नियत समय सीमा में पूर्ण होने वाला यह पहला प्राइवेट प्रोजेक्ट है।

उन्होने कहा कि 25 करोड़ की आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती और इसमें भी सबसे ज्यादा युवा हैं। उन्हें विकास और रोजगार से जोड़ सकें इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों को हम चिन्हित करके उन्हें विकसित कर रहे हैं। 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया जिससे 6.5 लाख से ज्यादा युवाओं को हम नौकरी देने में सक्षम हुए। 2018 में इनवेस्टर समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश के द्वार भी खुल गए। योगी ने कहा कि भाजपा सरकार से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर एक नकारात्मक स्थिति थी। नए निवेश आना तो दूर, जो निवेश यहां पहले से थे वह भी वाइंडअप करना चाहते थे। उत्तर प्रदेश में अपराध का बोलबाला था, न बेटी सुरक्षित थीं न व्यापारी। ऐसे में, हमने तब जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जिसे आज पूरा देश मॉडल के रूप में स्वीकार करता है। बेहतरीन कानून के राज के लिए यह कदम जरूरी थे और इसी के फलस्वरूप निवेश ने पंख फैलाने शुरू किए।

योगी ने कहा कि हॉस्पिटल सेवा का माध्यम होने के साथ ही आजीविका का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी टीम को बधाई दूंगा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में जो इन्होंने एमओयू किया था वह आज साकार हो गया है। पिछले 10 वर्ष के अंदर देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन हुआ। स्वास्थ्य की सेवा फ्री होनी चाहिए और इसी प्रेरणा से हमने 5 करोड़ 11 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए लाभान्वित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना से भी हमने लोगों को जोड़ा है। मुख्यमंत्री राहत कोष से हमने 1 लाख 88 हजार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई है। विवेकानंद पॉलीक्लीनिक से शुरू हुई यह यात्रा 300 बेडेड सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल के रूप में साकार हो गई है। हम ग्रीन कॉरीडोर सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मेरा आग्रह है कि इस अस्पताल में आयुष्मान भारत के लिए भी प्रावधान रखा जाए। इस योजना से हम व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक की बीमा कवर उपलब्ध कराते हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल माध्यम से न केवल लखनऊ बल्कि आस-पास के सभी क्षेत्रों में हेल्थ सर्विसेस का लाभ मिलेगा।



**संबोधन**

- 300 बेडेड सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल का सीएम किया लोकार्पण-शुभारंभ
- स्वास्थ्य की सेवा फ्री होनी चाहिए और इसी प्रेरणा से हमने 5 करोड़ 11 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए लाभान्वित किया

## संक्षिप्त समाचार

### जौनपुर में प्रेमिका की मां को जला कर मारने का प्रयास

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र में गुरुवार भोर एक युवक ने प्रेमिका की मां पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपित प्रेमी पर जान से मारने की कोशिश का मुकदमा पंजीकृत कर उसे हिरासत में ले लिया है। साथ ही पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता प्रविदा देवी के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। प्रथमदृष्टया मामला प्रेम प्रपंच का ही प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### थूक लगा कर मसाज करने बाले शख्स की दुकान जमींदोज



**कन्नौज।** यूपी के कन्नौज जिले में सैलून कर्मी की करतूत का एक ऐसा वीडियो सामने आया जिसे देखकर हर कोई सन्न रह गया। ऐसा गंदा वीडियो जिसे देखने के बाद अब हर एक व्यक्ति सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि वह बाहर कहीं दाढ़ी बनवाने या मसाज करवाने जाए या न जाए। आरोपी युवक मसाज करने के दौरान थूक कर ग्राहक के मुंह पर मसाज करने लगा और बड़ी आराम से खुद ही अपनी करतूत का वीडियो बनाते थम्सअप दिखा रहा था। पुलिस ने मामले को तत्काल संज्ञान में लिया और आरोपी को महज कुछ ही घंटे में ही सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। जांच में पता चला कि आरोपी न तो बोल सकता है और न ही सुन सकता है। युवक के घर में उसके तीन भाई और पिता हैं। सभी लोग यही काम करते हैं। घटना के बाद से सभी फरार हैं, वहीं घटना के बाद आरोपी युवक और उसके पिता के अवैध सैलून को बुलडोजर चलाकर जमीदोज कर दिया गया है।

### अवमानना के मामले में एसडीएम चांदपुर को कोर्ट ने किया तलब

**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश की अवमानना करना चांदपुर के एसडीएम को भारी पड़ सकता है। सिविल जज सीनियर डिवीजन अंशुमन धुन्ना ने एसडीएम विजय शंकर को नोटिस जारी कर 12 अगस्त को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। चांदपुर के ग्राम पीपला जागीर की वकील शबाना परवीन ने सीनियर डिवीजन की कोर्ट में दाखिल वाद में कहा था कि उनकी 190. 90 मीटर जमीन है जिस पर उनका कब्जा है। इस पर निर्माण करना चाहती हैं परंतु चांदपुर के अनीश, शकील अहमद, नजाकत आदि अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। इस मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने 30 जुलाई को आदेश दिया था कि प्रतिपक्षी अनीश, शकील आदि निर्माण कार्य में अग्रिम तिथि तक कोई बाधा न डालें। इस आदेश को जब एसडीएम चांदपुर को अनुपालन करने के लिए अनुरोध किया गया तो उन्होंने इस आदेश को पढ़कर कहा कि ऐसे आदेश तो आते रहते हैं। आप कोई निर्माण नहीं कर सकते। उन्होंने निर्माण करने पर जेल भिजवाने की बात कही। साथ ही वकील के पुत्र फिरोज का चालान करा दिया।

# सबको हक देने के लिए है वक्फ संशोधन विधेयक : रिजिजु

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक गरीब तथा सभी मुसलमानों के हित को ध्यान में रखकर लाया गया है और इस विधेयक के कानून बनने से वक्फ की अरबों की संपत्ति का दुरुपयोग रुकेगा और गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिल सकेगा।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजु ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पेश करते हुए कहा कि इसको लेकर विपक्ष के सदस्य जो विरोध कर रहे हैं वह राजनीतिक दबाव में हो रहा है लेकिन सच यह है कि यह विधेयक सबके हित में है और इससे वक्फ संपत्ति में गरीब मुसलमानों का हित साधा जा सकेगा। विधेयक में किए प्रावधान से संविधान के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है और इसमें किसी का हक नहीं छीना जा रहा है। इसमें जिनको हक नहीं दिया गया है उन्हें हक दिया गया है। विधेयक में वक्फ बोर्ड के लिए महिलाओं की सदस्यता को अनिवार्य किया गया है और इसमें हर मुस्लिम वर्ग की महिलाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पहली बार यह विधेयक नहीं लाई है। सरकार 1995 में जो वक्फ विधेयक लेकर आई थी वह कानून अपने मकसद में सफल नहीं रहा है। विधेयक जिस उद्देश्य के लिए लाया गया था उसमें पूरी तरह से विफल रहा है। उन्होंने कहा कि नया बिल बहुत विचार कर लाया गया है और इस बिल का सभी को समर्थन करना चाहिए क्योंकि करोड़ों लोगों को इंसाफ नहीं मिल रहा है। इस बिल का विरोध करने से पहले करोड़ों गरीब मुसलमानों के बारे में सोचिए तब इसका विरोध कीजिए। इस मुद्दे पर कई कमेटियां बनी थी इसको लेकर वक्फ इक्वरी रिपोर्ट पेश की गई थी। सारी वक्फ संपत्ति को व्यवस्थित करने की जरूरत है। इसके लिए एक न्यायाधिकरण हो तथा आडिट और एकाउँट की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ पर दो कमेटी कांग्रेस के समय में बनी थी। सच्चर समिति ने कहा कि जितना वक्फ बोर्ड की संपत्ति है इससे बहुत कम पैसा आ रहा है यह गलत है और अगर सही तरीके से इस संपत्ति का संचालन ठीक हो तो 12 हजार करोड सालाना मिल सकता है।

सच्चर कमेटी ने कहा कि वक्फ बोर्ड में विशेषजों को लाने की जरूरत है और उसके पैसे का राजस्व का रिकार्ड होना चाहिए।



**सत्र**

- इस विधेयक के कानून बनने से वक्फ की अरबों की संपत्ति का दुरूपयोग रुकेगा और गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिल सकेगा

## विपक्ष के विरोध के बीच मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024 लोकसभा में पेश

विपक्ष के विरोध के बीच अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 को गुरुवार को सदन में पेश किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी ने इस दौरान मत विभाजन की माँग की लेकिन अध्यक्ष ओम बिरला ने इसकी अनुमति नहीं दी और विधेयक को ध्वनिमत से पेश कर दिया गया। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि सरकार वक्फ संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। पूरे देश में वक़्फ़ की 9.4 लाख एकड़ भूमि है जिस पर सरकार हस्तक्षेप करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होना चाहिए क्योंकि यह संपति मुस्लमानों की है और उसके निर्णय में उन्हीं को होना चाहिए। यह संवेदनशील मामला है इसमें जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। श्री रिजिजू ने कहा कि इस कानून को निरस्त करना आवश्यक है। वर्ष 1923 का अधिनियम तो अस्तित्व में ही नहीं है, इसलिए इसे हटाना चाहते हैं। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि आजादी के बाद वक्फ बोर्ड के कानून में संशोधन होने के बाद मुसलमान वक्फ कानून-1923 का अस्तित्व अपने आप ही समाप्त हो गया था, लेकिन, इसे कागजों से नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि यह उस कानून को सिर्फ कागजों से हटाने के लिए लाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है।

## नये कानून में पूरी तकनीकी का इस्तेमाल कर विधेयक को लाया गया

किरेन रिजिजु ने कहा कि नये कानून में पूरी तकनीकी का इस्तेमाल कर विधेयक को लाया गया है और वक्फ संपत्ति सबकी संपत्ति बने और उसका दुरुपयोग नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए विधेयक लाया गया है। नये बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया गया है और मुसलमानों में सभी वर्गों को इसमें रखा गया है। उन्होंने कहा कि 90 हजार से ज्यादा मामले वक्फ बोर्ड में लम्बित पड़े हैं और इन सब विसमताओं को देखते हुए और लोगों को न्याय देने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस के चलते पार्सल बुकिंग पर रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे प्रशासन ने दिल्ली एरिया में यथा नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल , तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए रजिस्टर्ड न्यूज़ पेपर एवं मैगजीन्स को छोड़ कर समस्त प्रकार के पार्सल पैकटो की बुकिंग एवं लीज्ड एसएलआर, एजीसी व वीपीएस पर 12 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 तक अस्थाई रूप से रोक लगाई गई है। किन्तु यात्री अपना सामान अपने साथ कोच में ले जा सकते है। 12 से 15 अगस्त 2024 तक उक्त स्टेशनो के लिए कोई भी पार्सल बुक नही किये जायेगें तथा लोडिंग व अनलोडिंग भी स्थगित रहेगी।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, पति-पत्नी एक साल तक साथ न रहे तो ले सकते हैं डायवोर्स

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 40 साल से अलग रह रहे जोड़े के विवाह विच्छेद (डायवोर्स) के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि भले ही पति ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश की मांग की हो लेकिन ऐसे आदेश के पारित होने के एक साल बाद तक साथ न रहने पर पति विवाह विच्छेद का आदेश मांग सकता है।

हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13 (1ए) (2) में वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश के पारित होने के एक साल या उससे अधिक समय बाद तक साथ न रहने पर तलाक देने का प्रावधान है। जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 (1ए) (आई) इस बात में कोई संदेह नहीं छोड़ती कि एक पक्षकार, जिसे वैवाहिक अधिकारों की बहाली का आदेश दिया गया हो, तलाक का दावा कर सकता है, यदि उस आदेश को उनके पति या पत्नी द्वारा प्रभावी नहीं किया जाता, या उसका पालन नहीं किया जाता। अपील के दोनों पक्षकारों का विवाह 1979 में हुआ था। 1984 में प्रतिवादी-पति ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए मुकदमा दायर किया, जिसे उनके पक्ष में एकतरफा आदेश दिया गया। एक वर्ष से अधिक समय तक साथ रहने में विफल रहने पर फैमिली कोर्ट ने पक्षकारों के बीच विवाह को भंग करने का आदेश पारित किया। फैमिली कोर्ट के विवाह विच्छेद के आदेश को अपील में चुनौती देते हुए पत्नी अपीलकर्ता मायादेवी ने कहा कि दोनों पक्ष दिवाली 1984 के दौरान एक साथ रह रहे थे। तर्क के समर्थन में कहा गया कि अपीलकर्ता-पत्नी ने दिवाली के दौरान अपने पति को 5000 रुपये भी दिए थे। हालांकि पत्नी के पिता ने अपने बयान में उक्त तथ्य का खंडन किया। न्यायालय ने देखा कि प्रतिवादी-पति विवाह विच्छेद के आदेश के हकदार हैं, क्योंकि 1984 से दोनों पक्षकारों के बीच कोई सहवास नहीं था। यह देखते हुए कि दोनों पक्ष 40 वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के बीच विवाह विच्छेद के फैमिली कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखा।



# एसजीपीजीआई के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से संगठन के पदाधिकारियों ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की मांग की थी, जिसके फलस्वरुप एसजीपीजीआई के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ा दिया गया है।

महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री से मिलकर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) समेत अन्य चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की मांग पत्र दिया गया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने संगठन को जानकारी दिया कि एक अगस्त से एसजीपीजीआई के कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जा चुका है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री की ओर से मिले आश्वासन पर बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को रखने वाली एजेंसियों से वार्ता के बाद वेतन वृद्धि का निर्णय हो रहा है। इसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने व्यक्तिगत रुचि ली है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्यदायी संस्थाओं व एजेंसियों को एक निर्देश जारी कर कर्मचारियों की सूची भी मांगी गयी है।

## नीट पीजी परीक्षा स्थगित करने की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 11 अगस्त को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2024 में कुछ व्यवहारिक परेशानियों के कारण स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल सोरेन और अन्य के अधिवक्ता अनस तनवीर की ओर से मामले का उल्लेख करते हुए शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की और नौ अगस्त के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# केस रफा-दफा करने के लिए ईडी अधिकारी ने मांगी 20 लाख की रिश्वत, गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक सहायक निदेशक को राष्ट्रीय राजधानी में 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार ईडी अधिकारी की पहचान संदीप सिंह यादव के रूप में हुई है। वह ईडी में दर्ज मामले में जौहरी के बेटे को राहत देने के एवज में एक जौहरी से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि ईडी अधिकारी को दिल्ली के लाजपत नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई को शिकायत मिली और उसी के आधार पर जाल बिछाया गया तथा ईडी अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया।



अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में है। इस मामले पर अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में सीबीआई ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में दिल्ली के व्यवसायी अमन ढल्ल को बचाने के लिए 5 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में ईडी के एक सहायक निदेशक सहित छह अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के 34 साल के वाम मोर्चा शासन के दूसरे और अंतिम मुख्यमंत्री और वयोवृद्ध वामपंथी नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हो गया है। उनकी उम्र 80 वर्ष थी। गुरुवार सुबह उनके बेटे सुचेतन भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी है। बुद्धदेव भट्टाचार्य ने 2000 से 2011 तक लगातार 11 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। गुरुवार सुबह उनके बेटे सुचेतन ने बताया कि सुबह बुद्धदेव ने नाश्ता किया था, लेकिन उसके बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सुबह 8:20 बजे पाम एवेन्यू स्थित उनके घर पर ही उनका निधन हो गया। खबर मिलते ही सुचेतन वहां पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात को बुद्धदेव की सांस की समस्या गंभीर हो गई थी।

**चौकसी** | हिंसा के भय से बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़ने की कोशिशों में जुटे

# बांग्लादेशी नागरिकों ने भारतीय सीमा में घुसने का किया प्रयास

**एजेंसी, किशनगंज।**

बांग्लादेश में जारी हिंसा और उपद्रव को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट घोषित किया गया है। बीते कई दिनों से बांग्लादेश में हिंसा जारी है। उपद्रव और हिंसा के भय से बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़ने की कोशिशों में जुटे हुए है ताकि उनके जान माल की रक्षा हो सके। उसी क्रम में गुरुवार को किशनगंज से सटे बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र से सटे बांग्लादेश की सीमा पर सैकड़ो बांग्लादेशी नागरिक आ गए और भारत से शरण मांगने लगे।

बांग्लादेशी नागरिकों के बॉर्डर पर जमा होने की सूचना के बाद बीएसएफ कमांडेंट अजय शुक्ला, इस्लामपुर थाने के एसपी जेबी थॉमस पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और हालत का जायजा लेने के साथ साथ अधिकारियो ने बीजीबी के सहयोग से सभी नागरिकों को वापस उनके गांव भेज दिया है। सीमा सुरक्षा बल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के अधीनस्थ दो बीओपी पर घुसपैठ की कोशिश की गई। जहां अधिकारियो और जवानों द्वारा समझा बुझाकर सभी को वापस भेज दिया गया है। बीएसएफ द्वारा बताया गया की स्थिति को देखते हुए सभी बीओपी पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है और आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे सख्त निगरानी का निर्देश दिया गया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है की बीएसएफ उत्तर बंगाल फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बनाए रखने और क्षेत्र में सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सेनाएं स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं और किसी भी घटनाक्रम का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

**निगरानी**

- अधिकारियों और जवानों ने समझा बुझाकर सभी को लौटाया वापस
- स्थिति को देखते हुए सभी बीओपी पर अतिरिक्त जवानों की की गई तैनाती



# शारदा बैराज फाटक खोलने को लेकर किया चक्का जाम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय किसान यूनियन, भाकपा माले के संयुक्त आंदोलन में किसानों ने शारदानगर बैराज पर चक्का जाम कर दिया। किसानों की मांग थी, कि जब तक शारदा बैराज के फाटक नहीं खोले जाएंगे, तब तक वह लोग चक्का जाम रखेंगे।

बता दें कि शारदा नदी में बढ़ते जलस्तर व शारदा बैराज के फाटक बंद होने के कारण हजारों किसानों हजारों एकड़ फसल व जमीनें नदी में समा गईं। तो कहीं पूरे पूरे के पूरे घर नदी के कटान में बहकर लापता हो गए। लोग अपने ही घरों से बेघर हो गए। जिसके चलते एक सप्ताह से शारदा बैराज पर अखिल भारतीय किसान महासभा व किसान यूनियन टिकैत गुट सहित भाकपा माले के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान धरना प्रदर्शन कर रहे है। साथ ही किसानों ने अपनी छह सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम निघासन को सौंपा था।

**कामरेड रामदरस ने योगी मोदी सरकार की किसान उजाड़ो नीति के खिलाफ लंबा आंदोलन चलाए चलाने की कही बात**



जिसमें 15 जुलाई से 15 सितंबर तक बैराज का फाटक बराबर खोलकर रखे जाने, नदी में छोड़े गए पानी से नष्ट फसलों का मुआवजा दिया जाने, नदी में कटी कृषि भूमि का मुआवजा दिया जाने, नदी कटान पर रोक लगाने के साथ नदी के किनारे की ठोकरें एवं बांध का निर्माण कराया जाने, बाढ़ कटान से पीड़ित सभी किसानों के कर्ज माफ किए जाने, डूब क्षेत्र का शासनादेश वापस लिया जाने आदि मांगे प्रमुख रुप से रखी गई थी। मांगे पूरी न होने पर अक्रोषित किसानों ने शारदा बैराज पुल पर चक्का जाम कर दिया। जिससे घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। कामरेड रामदरस ने योगी मोदी सरकार की किसान उजाड़ो नीति के खिलाफ लंबा आंदोलन चलाए चलाने की बात कही। किसान यूनियन के उपाध्यक्ष जसपाल सिंह पक्ष ने पूर्ण समर्थन और सहयोग देने की घोषणा की। किसान शारदा बैराज पर डेरा डालकर बैठे जबकि अधिकारी उन्हें समझा बुझाकर आंदोलन समाप्त कराने के लिए विचार विमर्श कर रहे है।

# क्षत विक्षत अवस्था में मिला लापता अधेड़ का शव

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।



एक सप्ताह पूर्व घर से लापता हुए अधेड़ का शव क्षत विक्षत अवस्था में रकेहटी के होलिका दहन स्थल के पास से बरामद हुआ, अधेड़ की गुमशुदगी रिपोर्ट 3 अगस्त को परिजनों के द्वारा निघासन कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। तभी से निघासन पुलिस सहित परिजन तलाश कर रहे थे।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी निवासी 62 वर्षीय सकटू पुत्र कामता दिनांक 2 अगस्त की दोपहर से घर से बिना बताए लापता हो गए थे, परिजनों के काफी तलाश करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला, तो पुत्र मदन के द्वारा दिनांक 03 अगस्त को निघासन कोतवाली में अपने पिता की गुमशुदगी की तहरीर देकर पिता के तलाश की प्रार्थना की थी, प्राप्त तहरीर के अनुसार पुलिस सहित परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। ब्रहमपतिवार की शाम लगभग 5 बजे रकेहटी के दक्षिण स्थित होलिका स्थल के पास एक बड़े से तालाब के किनारे से एक शव बरामद हुआ, शव मिलने की सूचना पर घटना स्थल पर ग्रामीणों का तांता लग गया, वहीं सूचना मिलते ही परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए, परिजनों ने शव के शरीर पर मौजूद अंडरवियर और चप्पलों से सकटू के रूप में पहचान की, शव पूरी तरह से सड़ चुका था, जिसे कौवे और कुत्तों ने बुरी तरह से छत विक्षत कर दिया, जिससे शव की पहचानना मुश्किल था। घटना की सूचना मिलते ही निघासन कोतवाल एसके मिश्रा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज कर आगे की जांच पड़ताल में जुट गई।

# सांप के काटने से व्यापारी की मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बिजुआ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज़।



भीरा थाना क्षेत्र में एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। बता दें कि थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम मालपुर निवासी सिधांशु उर्फ दीपू पांडेय पुत्र रामचन्द्र पांडेय उम्र 32 वर्षीय मालपुर चौराहे पर लखीमपुर भीरा राजमार्ग के किनारे कई वर्षों से किराने की दुकान है। दीपू बुधवार की दोपहर को अपनी दुकान में कुछ कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दुकान में बैठे सर्प ने दीपू के हाथ की उंगली में काट लिया। बताते है दीपू को लगा शायद किसी चूहे ने काटा। थोड़ी देर बाद जब सर्प को दुकान में रेंगते देखा तो तब उसे अहसास हुआ कि सांप ने काटा है। जिसके बाद दीपू ने तत्काल अपने परिजनों को फोन पर जानकारी दी। परिजन आनन फानन में दीपू को जिला अस्पताल मोतीपुर में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दीपू को लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते वक्त रात में इटौंजा के पास दीपू की मौत हो गई।

गुरुवार को सूचना मिलते ही सुबह पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज संदीप यादव, आरक्षी चंद्र मोहन त्यागी व अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# ट्रक की चपेट में आई तीन महिलाएं जख्मी

**दो महिलाएं खतरे बाहर एक लखनऊ रेफर, कावंडियों की सुरक्षा पर उठे सवाल**

खमरिया लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सावन मास में हाईवे से गुजरने वाले कांवरियों की सुरक्षा को लेकर भले ही यूपी के सीएम बेहद सख्त हों, लेकिन खमरिया पुलिस की लापरवाही के चलते आए दिन कांवरिया सड़क हादसों का शिकार हो रहे है। ताजा मामला थाना खमरिया क्षेत्र से महज 1 किलोमीटर दूर स्थित जसवंत नगर का है। जहां सुबह शिव मंदिर जंगलीनाथ पूजा करने जा रही तीन बुजुर्ग महिलाएं ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रुप से जख्मी हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को लखीमपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दो महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया है। गुरुवार की सुबह करीब 6:00 बजे थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया निवासी जगदीश पांडे की 70 वर्षीय पत्नी विद्यावती, नीता पांडेय (65) पत्नी गिरीश चंद्र पांडेय के साथ बसढिया निवासी श्यामा देवी (60) पत्नी श्याम सुदर पूजा करने पैदल जसवंत नगर स्थित जंगलीनाथ शिव मंदिर जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही आनन फानन में उनके परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने विद्यावती पांडे व अनीता पांडे को गंभीर हालत के चलते लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं श्यामा देवी का इलाज जारी है।

**एसपी के आदेश के बाबजूद भी पुलिस नहीं कर रही पेट्रोलिंग**

27 जुलाई 2024 को थाना खमरिया क्षेत्र के खानीपुर नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक कांवरिया की मौत और नौ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा ने खमरिया पुलिस को निर्देशित किया था। कि श्रावण मास में लगातार हाईवे पर पेट्रोलिंग की जाए। जिससे किसी भी कांवरिया को परेशानी न हो। लेकिन 11 दिन बाद शिव मंदिर में पूजा करने जा रही तीन महिलाओं के साथ हुए हादसे ने पुलिस पेट्रोलिंग पर सवालिया निशान लगा दिया है। परिजनों का आरोप है, कि सुबह भारी संख्या में क्षेत्र से जंगलीनाथ मंदिर के लिए हाईवे से होकर लोग पूजा पाठ करने के लिए पहुंचते है। लेकिन फिर भी खमरिया पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग नहीं की जा रही है। जिससे आए दिन तेज रफ्तार वाहन हादसों को अंजाम दे रहे है।

## हादसा: बिजली का करंट लगने से युवक घायल

अमीर नगर खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से युवक घायल हो गया। युवक के करंट लगने से परिजनों में चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायल युवक को मोहम्मदी सीएचसी में भर्ती कराया गया किंतु हालत नाजुक होने के कारण उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव हज़रतपुर निवासी संजीत कुमार (22) पुत्र राजनाथ बृहस्पतिवार सुबह अपने घर में विधुत फर्राटा पंखा लगा रहा थातभी पंखा लगाते समय उसका पैर स्पार्किंग करते हुए बिजली के तार पर पड़ गया जिससे संजीत को जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सुभाष निषाद अपने निजी वाहन से घायल को मोहम्मदी सीएचसी लेकर पहुंचे किंतु हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया।



# गन्ना अधिकारियों ने सुनी किसानों की समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन

मितौली,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़। विकास खंड बेहजम क्षेत्र के दुर्गापुर ग्राम में गत दिवस किसानों का सर्वे दिखाते हुए किसानों के बीच में गन्ना समिति के सचिव आनंद प्रकाश दुबे, सीडीआई राजदेव कपिल साथ में गन्ना समिति हर गांव के गन्ना पर्यवेक्षक गौरव शर्मा, प्रवेश मिश्रा व हरगांव चीनी मिल के सीडीओ प्रवीण कुमार ने किसानों के बीच में बैठकर किसानों को गन्ना समिति के बारे में जानकारी दी। साथ ही आश्वासन दिया कि किसानों का कार्य घर बैठे कराया जाएगा। उन्हों किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। इसी के साथ कई विशेष मुद्दों चर्चा की गई। किसानों को सब्सिडी नहीं दिए जाने की शिकायतों को लेकर गंभीरता से निस्तारण कर उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया। इस मौके पर किसान नेता रवि तिवारी सहित क्षेत्र के सम्मानित किसान मौजूद रहे।

# उपचुनाव में गुलरिया पत्थरशाह से आशिक तो नौरंगाबाद से माया देवी बनी प्रधान

निघासन,लखीमपुर समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड निघासन की दो ग्राम प्रधानों के निधन के पश्चात रिक्त हुए पदों पर प्रशासन ने उपचुनाव कराए। जिसमें दोनों ग्राम पंचायत में 6 अगस्त को प्रत्याशी चुनने के लिए जनता ने दो अलग अलग ग्राम पंचायत में वोट किया। जबकि आठ अगस्त को वोटों की गिनती होनी थी। जिसके तहत सुबह आठ बजे काउंटिंग शुरू हुई। तो सबसे पहले ग्राम पंचायत नौरंगाबाद की बक्से खोले गए। जिसमें दिनेश कुमार अपने सभी प्रतिद्वंदियों से आगे चले उसके बाद जब दूसरा तीसरा चौथा राउंड हुआ उसमें माया देवी ने लगातार बढ़त बनाते हुए यह दिखा दिया की जनता ने उन्हें पुनः मौका दिया। माया देवी ने 258 वोटो से अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर दूसरी बार जीत दर्ज की।



वहीं दूसरी तरफ गुलरिया पत्थरशाह सीट पर काउंटिंग में पहले राउंड की काउंटिंग में मुनेश पाल ने अपनी बढ़त बनाई जोकि तीसरे राउंड तक बरकरार रही। चौथे राउंड में आशिक अली ने 123 वोटो की बढ़त बनाई। कड़े संघर्ष के साथ उनकी बढत बनी रही। अंततः आशिक अली ने अपने प्रतिद्वंदियों को 79 वोटो से पराजित कर दिया। विजेता प्रत्याशियों को नायब तहसीलदार हरिराम ने प्रमाण पत्र देकर जीत की बधाई दी।

## हरियाली तीज पर श्री सुरेश्वर नाथ महादेव का हुआ दिव्य श्रृंगार

लखीमपुर खीरी। हरियाली तीज के मौके पर श्री सुरेश्वर नाथ महादेव ने मनभावन स्वरूप धारण कर अपने भक्तों पर कृपा बरसाई। नगर के मोहल्ला संकटा देवी निकट गली स्थित प्राचीन श्री सुरेश्वर नाथ महादेव मंदिर में हरियाली तीज की बेला पर भोलेनाथ का दिव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।

प्रभु के मनमोहक दर्शन कर भक्त जन झूम उठे। श्री सुरेश्वर नाथ महादेव मंदिर यूं तो विभिन्न अवसरों पर सदा से ही विशेष रूप ले लेते रहे है। किंतु सावन माह की तो बात ही निराली है। जहां प्रारंभ से अब तक नित्य प्रति भोलेबाबा विभिन्न मोहक स्वरूप धर अपने भक्त जनों पर निरंतर कृपा बरसा रहे हैं। प्रति दिन प्रातः काल से यहां भक्त जन भोले नाथ का श्रंगार, आरती पूजन कर सभी के कल्याण की कामना करते हैं।

# सुदृढ़ कानून व्यवस्था रखना हमारा पहला लक्ष्यः थाना प्रभारी

**नवागत थाना प्रभारी ने कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र के पत्रकारों के साथ की शिष्टचार बैठक**

बिजुआ खीरी,समृद्धि न्यूज़।

थाना भीरा के नवागत थाना प्रभारी ने कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र के पत्रकारों के साथ शिष्टाचार बैठक का आयोजन किया।

अमन-चैन व आपसी भाईचारा कायम रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस सहायता केंद्र पड़रिया तुला परिसर बैठक में थाना प्रभारी ने मीडियाकर्मीयों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रखने में अपील की। इसी के साथ मीटिंग में थाना प्रभारी ने कहा क्षेत्र की जनता के साथ बेहतर समन्वय कर सुदृढ़ कानून व्यवस्था उनका पहला लक्ष्य रहेगा। भीरा थाने के नवागत थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने गुरुवार को पुलिस पिकेट परिसर में क्षेत्र के पत्रकारों की एक परिचयात्मक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पत्रकारों से क्षेत्र में सक्रिय रहकर कार्य करने की अपील की। साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने मीटिंग में पत्रकारों से कहा कि आप लोग सिर्फ़ सच्चाई को ही जनता व अधिकारियों तक पहुचाएं।



साथ ही कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सच्चाई को लोगों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की घटनाओं से पुलिस को अवगत कराते रहे। जिससे क्षेत्र की जनता की सेवा की जा सके। और पीड़ितों को न्याय मिल सके। साथ ही पुलिस और पत्रकार को आपस में सामंजस्य बनाएं रखने का अनुरोध करते हुए सहयोग बनाएं रखने की बात कही। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने कहा कि पत्रकारों ने भी देश और समाज में अपना योगदान लेखनी के माध्यम से देने का भरोसा दिलाया इस भरोसे को कभी टूटने मत देना। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने एक-एक पत्रकार से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया तथा पुलिस को हर संभव मदद करने की अपील की। जिससे भयमुक्त व अपराध मुक्त क्षेत्र व समाज का निर्माण हो सके। इस मौके पर पडरिया तुला चौकी प्रभारी संदीप यादव,आरक्षी प्रदीप चीमा,अरविंद कुमार, चंद्र मोहन त्यागी, होमगार्ड अखलेश शुक्ला आदि पुलिस स्टॉफ और क्षेत्रीय पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के तहत लगाए गए पौधे



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पर्यावरण मित्र समूह एवं विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण व हरियाली बढ़ाने की मंशा से पौधारोपण कर धरा को सजाने का कार्य किया गया। स्थानीय गुरुगोविंद सिंह चौक से घंटाघर मार्ग पर छायादार, शोभादार पौधों को रोपित कर उन्हें ट्री गार्ड्स की सुरक्षा प्रदान कर वन विभाग 'हरितिमा अमृत वन' की साइट पर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत जियो टैगिंग भी की गई। हरियाली तीज के अवसर पर धरा को सजाने इसे हरा भरा बनाने के इस पुनीत कार्य में पर्यावरण मित्र समूह सदस्यों सहित विभिन्न समाज सेवियों एवं सुधी नागरिकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

# प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव के लिए चल रहा प्रांतीय सदस्यता अभियान

**लोकेश अग्रवाल गुट के व्यापारी मुकुंद बिहारी मिश्रा गुट में शामिल**

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश में त्रैवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत स्थानीय इकाइयों के पुनर्गठन के पश्चात प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव के लिए, प्रांतीय सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमे जनपद के विभिन्न कस्बों, ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में प्रयास चल रहा है। इसी कड़ी में नगर के प्रमुख व्यवसायी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (लोकेश अग्रवाल गुट) के नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, सतीश वर्मा, शुशील दिक्षित, विपुल गुप्ता, विकाश वर्मा ने अपने साथियों सहित उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए, सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर युवा प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, दीपक गुप्ता ने सभी व्यापारियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने संगठन का विस्तार करते हुए दिनेश कुमार मिश्रा,विपुल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष सतीश वर्मा को गोला तहसील अध्यक्ष विकास वर्मा को जलालपुर का संयोजक नियुक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को व्यापारी समाज को संगठित कर उनके हक के लिए निरंतर संघर्षरत रहने को कहा।

# डीएम ने क्रांतिकारियों को अर्पित किए पुष्पचक्र



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर गुरुवार को डीआईओएस दफ्तर में स्थापित शहीद स्मारक पर क्रान्तिकारियों के सम्मान में ‘वीर शहीदों को नमन कार्यक्रम हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ शहीद स्थल पर सभी वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ शत-शत नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन देश के स्वाधीनता समर की अमर कहानी है। यह राष्ट्र के प्रति दायित्व बोध कराने वाला पर्व है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन की तिथि 09 अगस्त 1925 विशेष महत्व रखती है। इस वर्ष 09 अगस्त से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ होगा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यकता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

## विश्वास के प्रतीक है अधिवक्ता बंधु

लखीमपुर खीरी। जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में गुरुवार को संघ सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का स्वागत समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन, संयोजन महामंत्री विश्वास श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिवक्ताओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश प्रताप सिंह, राकेश मिश्रा, राजेश शुक्ला, शशांक यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता संघ डीएम के आगमन पर गौरवान्वित महसूस कर रहा। इस दौरान अधिवक्ता बंधुओं ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

**बाघ के हमलों से भयभीत ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र**

# बाघ के हमले से हुई बच्ची की मौत पर एक करोड़ मुआवजे की मांग

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय दलित पैंथर के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में संज्ञान कराया कि मैलानी व गोला रेंज से लगे आस पास के ग्रामों में बाघ के आतंक बना हुआ है। जिससे ग्राम के लोग डरे सहमे व परेशान हैं।

आए दिन मानव बाघ संघर्ष की घटनाएं होती रहती है। जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड रही है। बाघ के भय के कारण किसान अपनी खेती किसानी का कार्य सुचारु रुप से नहीं कर पा रहे है वहीं अपने पालतू मवेशियों को भी बचाना एक बड़ी समस्या बन चुकी है। प्रतिवर्ष बाघ के हमले से कई मौतों के बाबजूद भी वन महकमा नहीं चेत रहा है। 4अगस्त शाम को चार बजे जानकी पुत्री राकेश उम्र 14 वर्ष निवासी बलारपुर, पोस्ट हजरतपुर, थाना मैलानी की बाघ के हमले से जान चली गई।



संस्था के समर्थन में आवाज बुलंद करते बहुजन संगठन के पदाधिकारी भी बच्ची के परिवारजनों के भरण पोषण के लिए, सरकार से एक करोड़ रुपये की मुआवजा राशि की मांग करते हैं। साथ ही बाघ के हमले को रोके जाने के लिए विशेष प्रभावी प्रयास किए जाए। जिससे लोगों को अकाल मौतो से जूझना न पड़े। भविष्य में बाघ के हमले होने से जाने वाली जानों को लेकर संपूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग व शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर बहुजन समाज के मनोज कुमार, सचिन सिंह, दीपक राय, विमल राय गौतम, खुबचंद, राजेश कुमार मास्टर सहित बुद्धिजीवी व बांकेगंज क्षेत्र के संगठन के साथी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण : ट्रेनिंग ऑफ़ हेल्थ प्रोफेशनल का हुआ आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सीएमओ कार्यालय सभागार में हेल्थ प्रोफेशनल के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला/ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई और कार्यक्रम का संचालन डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमओ ने तम्बाकू उत्पाद का सेवन न करने और तम्बाकू सेवन छोड़ने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ संजय कुमार ने तम्बाकू से हो रहे रोगों, रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर आदि के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है। उन्होंने तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्रीनंबर 1800112356 पर बात कर सकते है।

## थाना प्रभारी की सक्रियता से बरामद की अभियुक्त सहित अपहृता

विशेश्वरगंज,बहराइच। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम बेसिया (लोनियन पुरवा) दा रामनगरा एक अपहृता मय अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 245/21 धारा 137(2),87,64 बी एन एस तथा 5(ख)6 पाक्सो एक्ट के अभियुक्त सुरेश पुत्र चिंताराम जायसवाल को मय अपहृता को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का पांच साल का ब्लू प्रिंट तैयार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए पांच वर्ष का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। आज एनेक्सी सभागार में सरकार एवं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन बीएमजीएफके मध्य मेमोरेंडम ऑफ को-ऑपरेशन एमओसी का पांच साल विस्तार किया गया। डिप्टी सीएम और फाउंडेशन के पदाधिकारियों के मध्य एमओसी का आदान-प्रदान हुआ।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार और बीएमजीएफ मिलकर मरीजों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस हस्ताक्षर समारोह में 11 जून 2024 से 10 जून 2029 तक एमओसी का विस्तारीकरण किया गया। पांच साल के लिए बढ़ाया गया यह अनुबंध प्रदेश सरकार के तय लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को प्राप्त करने में सहायक होगा। हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक गणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का जो लक्ष्य तय किया है, उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में 207 इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर्स ईटीसी की स्थापना की गई है। सिजेरियन डिलीवरी और नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल में भी सुधार हुआ है। टेली कंसल्टेशन सेवा ई-संजीवनी एप के माध्यम से पूरे प्रदेश में लागू की गई है। दो करोड़ से अधिक मरीज इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। इस वर्ष 85 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है।



- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बीएमजीएफ के साथ एमओसी का किया विस्तार
- हस्ताक्षर समारोह में पांच वर्षों के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

### राज्य में 22,473 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित

डिप्टी सीएम ने जानकारी दी कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने फाउंडेशन को सरकार की मदद करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। जिला स्तर पर दवा गोदामों की स्थापना से आमजन को दवाएं मिलना सुलभ हुआ है। दिमागी बुखार, जापानी इंसेफेलाइटिस लोगों की मृत्यु का कारण नहीं बनता। स्वास्थ्य प्रणाली का डिजिटलीकरण हुआ है। राज्य में 22,473 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। 43 जिलों में 403 ब्लॉकों को कवर करते हुए 204 स्वयं सहायता समूहों के नेतृत्व वाली टेक होम राशन टीएचआर इकाइयां स्थापित की गई हैं। पीएमजेएवाई योजना के तहत राज्यभर में 5506 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, एनएचएम की एमडी पिंकी जोएल, बीएमजीएफके इंडिया हेड हरि मेनन, विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी,महानिदेशक स्वास्थ्य ब्रजेश राठौर, महानिदेशक परिवार कल्याण नरेंद्र अग्रवाल, बीएमजीएफनिदेशक डॉ. रजनी रंजीत वेद, बीएमजीएफउप निदेशक डॉ. देवेंद्र उपस्थित रहे।

# दयाशंकर सिंह पहुंचे मेडिकल कॉलेज, ली भर्ती बच्चों से स्वास्थ्य की जानकारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं देवरिया के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह आज जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के साथ राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना में हुई फूड प्वॉइजनिंग की घटना से प्रभावित छात्रों का कुशलक्षेम जानने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश बरनवाल ने प्रभारी मंत्री को चिकित्सारत बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी।

श्री सिंह ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर मिल रही चिकित्सीय सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिस पर सभी लोगों ने संतोष जताया। बच्चों तथा अभिभावकों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि फूड प्वॉइजनिंग की घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मेस का संचालन करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य का निलंबन भी हो चुका है। मजिस्ट्रियल जांच की रिपोर्ट के आधार पर भी कार्रवाई होगी। बच्चों के स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार हो रहा है। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



## खबरें एक नजर में

### महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने वाला भेजा गया जेल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के मध्य क्षेत्र की पुलिस उपायुक्त रवीना त्यागी ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने वाले अधिवक्ता सुनील कुमार को प्रस्तुत किया। उन्नाव के गढी पुरवा निवासी सुनील कुमार को लखनऊ की गौतमपल्ली पुलिस ने उन्नाव से हिरासत में लिया गया था और उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत जेल भेजने की कार्यवाही कर रही है। पुलिस उपायुक्त रवीना ने बताया कि उन्नाव की रहने वाली महिला द्वारा एक दिन पूर्व में लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर आत्मदाह का प्रयास किया गया था। जिसका उपचार इस वक्त किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इस मामले में गौतमपल्ली थाने की पुलिस ने जांच के दौरान महिला के मोबाइल फोन से रिकार्डिंग पाया। जिसमें अधिवक्ता सुनील कुमार उस महिला को आत्मदाह करने के लिए उकसाते हुए पाया गया। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार को ट्रैस कर उसे उन्नाव से हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ में उसने अपनी बातचीत की रिकार्डिंग के बारे में बताया है। समुचे घटनाक्रम में अधिवक्ता की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध भी है। सुनील कुमार को घटना में उकासाने की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल में मिला पूर्व गार्ड का शव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी स्थित जीआरएस मेमोरियल स्कूल में पूर्व गार्ड का शव फांसी पर लटकता मिला है। सुबह 5.30 बजे स्कूल वैन में आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को फांसी पर लटकता शव मिला। फायर ब्रिगेड की टीन ने मामले की जानकारी पुलिस और स्कूल प्रशासन को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया, अर्जुनगंज स्थित जीआरएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल कैंपस में खड़ी गाड़ियों में सुबह आग लग गई। दो वैन और ई-रिक्शा में आग लगी थी। किसी व्यक्ति ने धुआं निकलता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी थी, तभी उन्होंने सीढ़ी की रेलिंग से शव लटकता देखा। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी अंजनी कुमार ने बताया कि सीतापुर का रहने वाला लालता प्रसाद लखनऊ में अपने परिवार के साथ रहता था। लालता जीआरएस स्कूल में गार्ड की नौकरी करता था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे स्कूल की सीढ़ी से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। लालता शराब पीने का आदी था। जिसके चलते परिवार से अलग रहता था। शराब की लत की वजह से उसको स्कूल से निकाल दिया गया था। कुछ दिन नशामुक्ति केंद्र में इलाज भी चला।

### डीसीपी ट्रैफिक से मिले व्यापारी, जाम से निजात मांग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा ने जाम की समस्या को लेकर गुरुवार को डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारी नेता ने कहा कि त्योहारों का सीजन होने की वजह से ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने डीसीपी से पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस लगाने की मांग की जिससे जाम की समस्या से निजात मिल सके। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने बताया कि आलमबाग चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की और जरूरत है। आगामी त्योहार में आलमबाग चौराहे से अवध चौराहे तक भयंकर जाम लगता है। जाम के चलते कारोबार पर असर पड़ता है। ग्राहक जाम की वजह से दुकान पर नहीं पहुंच पाते। ज्ञापन देने वालों में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा, उपाध्यक्ष कृष्ण पाल, मुदित चावला और मयंक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### दबंगों ने व्यापारी के बेटे को दांतो से काटा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। हुसैनगंज थाना अंतर्गत लूटपाट के इरादे से नाकाम दबंगों ने गल्ला कारोबारी के बेटे को दांतों से काटा उसका मांस निकाल लिया। संघर्ष करने पर आरोपित उससे मारपीट करने लगे। हालांकि, भीड़ जुटने पर आरोपित पीड़ित को धमकी देते हुए वहां से रफूचक्कर हो गए। इसके बाद पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफसम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र में लक्ष्मी साहू की सरकारी गल्ले की दुकान है। दुकान पर बेटा शेखर और बेटी रीता बतौर सहायक के रुप में काम करते हैं। लिखित शिकायत में शेखर साहू ने बताया कि रविवार शाम तकरीबन साढ़े पांच बजे बहन रीता के साथ सरकारी राशन बांट रहा था, तभी हाता ख्वाजा गौहर निवासी इमरान अहमद और मोज्जम उनकी दुकान पर पहुंचे और लूटपाट करने लगे। कार्डधारकों के शोर मचाने पर आरोपित अभद्रता पर उतारु हो गए। आरोप है कि इस बीच दबंगों ने शेखर पर हमला कर दिया, वह उसे लात घूंसों से पीटने लगे।तभी आरोपित दुकान में रखी गुल्लक से रुपया निकालने की कोशिश करने लगे, जिस पर शेखर ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तब आरोपितों ने उसके सीने पर दांतों से काट मांस निकाल लिया। पीड़ित ने बताया कि सीने पर जख्म होने की वजह से संक्रमण की स्थिति बन गई है। आरोप है कि दोनों युवक दुकान पर राशन लेने आई महिलाओं व युवतियों पर फब्तियां कसते थे, मना किए जाने पर वह उससे रंजिश रखने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवकों के खिलाफसुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# पसंदीदा पर्यटन स्थलों के बारे में दीजिए राय : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने देखो अपना देश पीपल्स चॉइस-2024 नाम से शुरू की राष्ट्रव्यापी पहल



उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024" नामक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है। इसके तहत देश-प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में ऑनलाइन आप भी अपनी राय दे सकते हैं। प्रतिभागी सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक कार्यकलाप व अन्य में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों के सबंध में आम लोगों की राय जानना है, ताकि उन्हें विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सके।

इच्छुक प्रतिभागी अपने पसंदीदा टूरिस्ट आकर्षण के पांच निर्धारित श्रेणियों आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक कार्यकलाप और अन्य में राय दे सकते हैं, जो प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। प्रतिभागियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे पांच श्रेणियों में से किसी एक से कम से कम एक आकर्षण का केन्द्र चुनें, जिसे वे पहले ही देख चुके हैं और कम से कम एक आकर्षण चुनें, जिसे वे भविष्य में देखना चाहते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के नियमों के अनुसार सर्वे में वह सभी लोग हिस्सा ले सकते हैं, जो भारत या किसी अन्य देश में रह रहे हैं। देश में रहने वाले प्रतिभागियों के पास भारतीय मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। भारत से बाहर रहने वाले प्रतिभागियों के पास एक ईमेल आईडी होनी चाहिए। सबसे ज्यादा वोट मिलने के आधार पर मनपसन्द आकर्षण स्थल तय किए जाएंगे। मंत्रालय के पास अपने विवेक से विजेता को चुनने और उसे पुरस्कार देने का अंतिम अधिकार सुरक्षित होगा।

### मुख्यमंत्री ने नाग पंचमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। गुरुवार को यहां जारी एक बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीव-जन्तु समेत इस चराचर जगत के साथ आत्मीय सम्बन्ध जोड़ने की समृद्ध एवं प्राचीन परम्परा है। नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ हमारे इस जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में नाग पंचमी भगवान शिव संग नागों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। शक्ति के प्रतीक नाग पंचमी के पर्व पर हमारे समाज में पारम्परिक रूप से कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें जनता उत्साह के साथ प्रतिभाग करती है। पर्व एवं त्योहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से आयोजित करने की अपील करते हुए सभी प्रदेशवासियों को नाग पंचमी की मंगलमय शुभकामनाएं दीं।

# यूपी में फहराये जायेंगे पौने पांच करोड़ तिरंगे

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



आजादी की सालगिरह के पावन पर्व पर इस साल 13 से 15 अगस्त के बीच उत्तर प्रदेश में चार करोड़ 75 लाख तिरंगा फहराया जायेगा जो पिछले साल की तुलना में 25 लाख अधिक है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर योगी सरकार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। सरकार ने पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5 से 10 प्रतिशत अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2023 में प्रदेश के अंदर जहां 4.5 करोड़ तिरंगा फहराए गए थे तो वहीं इस बार यह लक्ष्य 4.75 करोड़ रखा गया है। इस लक्ष्य के अनुरूप सभी जनपदों को भी लक्ष्य दिया गया है। वर्ष 2022 एवं 2023 में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण देश में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक झण्डे फहराए। विगत दोनों वर्षों के अभियानों में प्रत्येक वर्ष 4.5 करोड़ से अधिक झण्डे फहराए गए। प्रदेश के नागरिकों द्वारा सेल्फी अपलोड अभियान में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए सर्वाधिक सेल्फी अपलोड की गई। इस वर्ष भी उसी उत्साह से आयोजन को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में 4 करोड़ घरों और 30 लाख प्रतिष्ठानों समेत करीब 4.30 करोड़ स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत आमजनमानस को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों झण्डा फहराने के लिये विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूपी के शहरों में लगेंगे सौर ऊर्जा आधारित ड्रिंकिंग वॉटर कियोस्क

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न शहरों में सौर ऊर्जा आधारित पेयजल कियोस्क की स्थापना करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश के विभिन्न सोलर सिटीज में अलग-अलग योजनाओं के जरिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब सोलर एनर्जी बेस्ड एक और इनोवेशन को बढ़ावा देने जा रही है। इसके लिये आधुनिक सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वॉटर कियोस्क की स्थापना करने की तैयारी की जा रही है।

इस क्रम में, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए 3.99 करोड़ रुपए की लागत से 20 कियोस्क्स की स्थापना करने जा रही है। सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वॉटर कियोस्क दरअसल एक स्मार्ट जल शोधन और वितरण प्रणाली है जिसे दूरदराज के क्षेत्रों में जल शोधन के लिए पहुंच और उपयोग में आसानी बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सौर ऊर्जा द्वारा संचालित है, जो एक बार पूरी तरह से चार्ज होने पर डिवाइस को घंटों तक चला सकता है। जिन सोलर बेस्ड वॉटर कियोस्क्स की स्थापना होनी है वह कई मायनों में विशिष्ट है। परियोजना के अंतर्गत जिन कियोस्क की स्थापना होनी है वह वॉटर ट्रीटमेंट के लिए रिजर्व ऑस्मॉसिस प्वॉइंट तकनीक पर काम करेगा। प्रत्येक सोलर बेस्ड वॉटर कियोस्क सीजनल रिक्वायरमेंट के हिसाब से 10 डिग्री से 30 डिग्री के बीच शुद्ध जल उपलब्ध कराएगा। कियोस्क का वॉटर फिल्टरेशन लेवल बीआईएस 16240 के मानकों के अनुरूप होगा। इसकी वॉटर स्टोरेज कैपेसिटी 5000 लीटर तथा ट्रीटेड वॉटर कैपेसिटी 1000 लीटर की होगी।

कियोस्क से प्रति घंटे 250 लीटर प्रति घंटे शुद्ध जल प्राप्त हो सकेगा जबकि कियोस्क की वॉटर डिस्पेंसिंग स्पीड 10 से 12 लीटर प्रति मिनट होगी। इसे इस प्रकार से विकसित किया जा रहा है कि कम से कम प्रतिदिन 2000 लीटर शुद्ध जल की आपूर्ति हो सकेगी। इन कियोस्क्स को 5 वर्षों की कार्यावधि के लिए स्थापित किया जाएगा और इसके लिए यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी कियोस्क को रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस किया जाएगा जिसके जरिए की जा रही जलापूर्ति के विभिन्न मानकों जैसे कि पीएच स्केल, बेसिसिटी, एल्केलिनिटी और मिनरल तत्व शामिल हैं।

# एलएलबी छात्रा हॉस्टल से किडनैप, दोस्त ने घटना को दिया अंजाम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



> बीबीडी इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह का कहना है कि छात्रा से पूछताछ की गई है। उसने बताया कि अभिनव के कहने पर उसका अपहरण किया गया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोप की जांच की जा रही है। दोस्तों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। आरोप सही पाए जाने के बाद सभी के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

राजधानी लखनऊ में दो अगस्त को एलएलबी की छात्रा का हॉस्टल से अपहरण हो गया था। लेकिन मामला बुधवार देर रात सामने आया, जब लड़की के पिता ने बीबीडी थाने में तहरीर दी। छात्रा का अपहरण उसके दोस्तों ने ही किया था।

दरअसल, दोस्त ने पिता बनकर वार्डन को फोन किया कि मौसी की तबीयत खराब है। इसलिए उसे घर जाना है। छात्रा हॉस्टल से बाहर निकली तो दोस्तों ने घर छोड़ने के बहाने उसे कार में बैठा लिया, जबरदस्ती प्रतापगढ़ ले गए। यहां तीनों दोस्तों ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। मना करने पर मारपीट भी की। फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। बाद में ब्लैकमेल कर पैसे भी वसूले। छात्रा बस्ती की रहने वाली है। वह शहर के एक प्राइवेट कॉलेज से लॉ की पढ़ाई करती है। उसने पिता को फोन पर किडनैपिंग की जानकारी दी थी। इसके बाद पिता ने लड़कों से बातचीत कर उसे छुड़वाया। हालांकि अब छात्रा घर वापस आ गई है। बीबीडी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। छात्रा के पिता ने बताया कि कॉलेज की एक क्लासमेट बेटी की अच्छी फ्रेंड है। दोनों के बीच फोन पर अक्सर बात होती थी। कुछ दिन पहले उसने उसे दोस्त अभिनव त्रिपाठी से मिलवाई। अभिनव प्रतापगढ़ के बलीपुर का रहने वाला है। बात दो अगस्त की रात 8 बजे की है। अभिनव ने पिता बनकर हॉस्टल के वार्डन को फोन किया। कहा- मौसी की तबीयत खराब है। उसे घर जाने की इजाजत दे दीजिए। वार्डन ने उसे अनुमति दे दी। जैसे ही वह हॉस्टल से निकली, गेट पर अभिनव और उसके दोस्त प्रशांत और वेदांश कार लेकर खड़े थे। दोनों उसे घर छोड़ने की बात कहकर कार में बैठा लिए। मना करने के बाद भी उसे प्रतापगढ़ ले गए। पिता ने बताया कि देर रात मैंने हालचाल के लिए बेटी को फोन किया तो वह घबराई हुई थी। बोली कुछ लोगों ने मुझे किडनैप कर लिया है। इतना सुनते ही मैं बस्ती से लखनऊ के लिए निकला। लखनऊ पहुंचा तो आरोपियों ने बेटी को हॉस्टल के बाहर छोड़ दिया था। उसकी नाक से खून बह रहा था। टी-शर्ट में भी खून के निशान थे। छात्रा का आरोप है कि अभिनव लगातार मेरे रूम पार्टनर को फोन पर धमकी दे रहा है कि मुझसे बात कराओ, नहीं तो तुम्हारे पिता को बता देंगे। यह भी कहता है कि घटना में तुम भी शामिल थी। तुमको भी आरोपी बनाएंगे।

# धार्मिक मामलो में दिलचस्पी की बजाय राष्ट्रधर्म निभाने में दें जोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



संसद में पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक पर केंद्र सरकार से जल्दबाजी में फैसला न लेने की सलाह देते हुये बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धार्मिक मामलों में दिलचस्पी लेने के बजाय केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को राष्ट्रधर्म निभाने में जोर देना चाहिये।

उन्होंने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये अपने विचार व्यक्त किये। उन्होने लिखा, केन्द्र व यूपी सरकार द्वारा मस्जिद, मदरसा, वक्फ आदि मामलों में जबरदस्ती की दखलन्दाजी तथा मन्दिर व मठ जैसे धार्मिक मामलों में अति-दिलचस्पी लेना संविधान व उसकी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त के विपरीत अर्थात ऐसी संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति क्या जरूरी। सरकार राष्ट्रधर्म निभाए। उन्होने कहा कि मन्दिर-मस्जिद, जाति, धर्म व साम्प्रदायिक उन्माद आदि की आड़ में कांग्रेस व भाजपा आदि ने बहुत राजनीति कर ली और उसका चुनावी लाभ भी काफी उठा लिया, किन्तु अब देश में खत्म हो रहा आरक्षण व गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन आदि पर ध्यान केन्द्रित करके सच्ची देशभक्ति साबित करने का समय। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि आज संसद में पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जिस प्रकार से इसको लेकर संदेह, आशंकाएं व आपत्तियाँ सामने आयी हैं, उसके मद्देनजर इस बिल को बेहतर विचार के लिए सदन की स्थायी (स्टैण्डिंग) समिति को भेजना उचित। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार अगर जल्दबाजी न करे तो बेहतर।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज जायेंगे प्रयागराज



समृद्धि न्यूज, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज 09 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे प्रयागराज के शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट न-3 में काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नाग पंचमी के त्योहार पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

**महोत्सव** | प्रदेशवासियों को काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना से परिचित कराने के लिए योगी सरकार की पहल

# काकोरी की शौर्यगाथा बताएगी 'काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस'

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर योगी सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वर्तमान और भावी पीढ़ी को काकोरी एवं स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा के जरिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए स्कूली बच्चों, किशोर-युवाओं की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस भी चलाई जा रही है। इस ट्रेन के माध्यम से प्रदेशवासियों को काकोरी ट्रेन घटना से परिचित कराया जाएगा। यह ट्रेन आगामी दो माह तक प्रदेश के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगी और लोगों को इस घटना के विषय में जानकारी देगी।

सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ 9 अगस्त से होगा। शताब्दी महोत्सव पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष पर्यंत मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक उच्चस्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन सेंटेनरी फेसिटवल को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन को भारत के स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण घटना बताते हुए निर्देश दिया था कि रेलवे के सहयोग से प्रदेश में एक ट्रेन %काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस% संचालित की जाए, जो लोगों तक काकोरी शौर्यगाथा पहुंचाएगी। काकोरी शौर्यगाथा पर आधारित 12 बोगी वाली ट्रेन आगामी दो माह तक विभिन्न जनपदों और नगरों का भ्रमण करेगी। इसमें काकोरी शौर्यगाथा पर आधारित सचल प्रदर्शनी होगी। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस का प्रत्येक जनपद में दो दिन तक पड़ाव रहेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों को ट्रेन में सचल प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। इस दौरान अन्य सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता एवं जीवन गाथा पर आधारित गतिविधियां सम्मिलित होंगी। ट्रेन में काकोरी ट्रेन एक्शन के अभिलेखों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। यही नहीं, काकोरी गाथा का एआर/वीआर के माध्यम से 3डी मॉडल भी प्रदर्शित होगा। ट्रेन के अंदर और बाहर भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा नुक्कड नाटक का भी मंचन होगा। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस का आजादी से जुड़े प्रदेश के विभिन्न नगरों के साथ-साथ देश के प्रमुख नगरों में ठहराव होगा।

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ 9 अगस्त यानी शुक्रवार से होगा। इस दिन शताब्दी वर्ष पर विशेष डाक के साथ ही मोटरसाइकिल रैली, 6 दिवसीय स्मरणोत्सव मेला, वीरों व शहीदों के परिजनों का सम्मान, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अभिलेख प्रदर्शनी और शहीद स्मारकों, अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं में 100-100 पौधों का रोपण किया जाएगा। 9 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ संपूर्ण प्रदेश में जनभागीदारी एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। वहीं जनपदों के शहीद स्मारकों पर जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भव्य आयोजन सुनिश्चित किए जाएंगे। जनपद व राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। 15 अगस्त के कार्यक्रम में विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# रेस्टोरेंट में दबंगों ने वेटर-कैशियर को पीटा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**खाने का बिल मांगने पर भड़के**

राजधानी लखनऊ में रेस्टोरेंट के वेटर को बिल मांगना भारी पड़ गया। दबंग युवकों ने पहले तो गाली-गलौज की, फिर वेटर और उसके साथी को पीट दिया। कैशियर के साथ भी मारपीट की। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना गोमती नगर के बाराका कैफे की है। वेटर नित्यानंद दीवान ने गोमती नगर थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह मोहनलालगंज के जैती खेड़ा का रहने वाला है। लखनऊ में बाराका नाम के कैफे में वेटर का काम करता है। 7 जुलाई को कुछ कस्टमर कैफे में आए हुए थे। वे पहले भी आते रहते थे, इनकी संख्या करीब 6 से 7 रही होगी। वेटर ने बताया कि इनमें से 4 लोगों का नाम जानता हूं। उन्होंने खाने का ऑर्डर दिया। खाना खाने के बाद मैं बिल लेकर उनके पास गया। वो लोग मेरा नाम पूछने लगे। मैंने नाम बताया तो जातिसूचक शब्दों में गाली दी। कहा कि हमने तुम्हारा छुआ खा लिया और अब तू पैसे भी मांग रहा है। पीड़ित ने बताया कि पहले गालियां दीं, फिर मारपीट करने लगे। पास में रखे कांटे वाले चम्मच और छुरी से भी मारा। मैंने कहा कि मैं तो यहां बस नौकर हूं, आप लोग कैशियर से बात कीजिए। इसके बाद वे मुझे कैशियर के पास ले गए और उनको भी गालियां देने लगे। कहा कि अब बिल मांगा तो कैफे बंद करवा देंगे। वेटर ने बताया कि दबंगों ने धमकी दी कि तुम लोग हमारे बारे में जानते नहीं हो, पूरा इलाका हमसे डरता है। उनमें से एक साजन मिश्रा ने बोला कि हम यहां पहले ही पचासों हजार का बिल दे चुके हैं। अब तुम लोग हमें महीने का पचास हजार रुपए दोगे नहीं तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। तुम्हारे मालिक को भी मार देंगे और तुम्हारा कैफे चलने नहीं देंगे। वेटर ने बताया कि दबंगों ने बोला कि तुम कैशियर हो गल्ले की चाभी दो। हमको अभी पैसा चाहिए। वे लोग मैनेजर वकार को मारते हुए गल्ले की चाभी छीनकर पैसा निकालने की कोशिश करने लगे। वकार के विरोध करने पर लगातार पीटते रहे। उनमें से एक व्यक्ति घटना का वीडियो बनाते हुए धमका रहा था। इसके बाद हम बहुत डर गए थे, क्योंकि वे सभी जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस महीने का पैसा पहुंचाने की बात कहकर वे वहां से चले गए। बाद में मैनेजर सर ने मुझे जानकारी दी कि इन लोगों ने हुक्के का पुराना वीडियो बनाया है और उसी से ब्लैकमेल करते हैं।

# सड़क हादसों में किशोर समेत दो की मौत

**साइकिल सवार किशोर को पिकअप ने रौंदा, कार पर पेड़ गिरने से अज्ञात की मौत**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दो स्थानों पर हादसे हो गए। जिसमें किशोर समेत दो की मौत हो गई।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपिहानी के मजरे लोधन पुरवा निवासी राजेश कुमार के 12 वर्षीय पुत्र को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक चकपिहानी से गंडारा जाने वाले मार्ग पर जाकर पिकअप पलट गया। दीपू अपने घर से साइकिल में हवा भरने के लिए सड़क पर गया था। बृहस्पतिवार सुबह हुजूरपुर की ओर से आ रही एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर इसी थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर एक ढाबा के निकट सुबह 10.30 बजे लखनऊ से आ रही कार पर पेड़ गिर गया। जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा गाड़ी में बैठे एक युवक की दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य मुकेश यादव उम्र 19 वर्ष निवासी गिरंट बाजार थाना मल्हीपुर श्रावस्ती व पंकज सिंह उम्र 31 वर्ष ग्राम पटना घोसियारी थाना रिसिया घायल हो गये।कार का ड्राइवर मौके से भाग निकला।मृतक का नाम व पता अभी तक पता नहीं चल सका है।

इस घटना से अफरा तफरी मच गयी। सड़क के दोनों ओर नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। कैसरगंज पुलिस ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया ।गाड़ियों को बढ़ौली से जमल्दीपुर परमहंस डिग्री कॉलिज के निकट से बने बाईपास रास्तों से गांव के बीच से गुजरना पड़ा।

जिससे कई घंटे तक जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। कोतवाल ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

**ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

किशोर की हादसे में मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने सड़क जाम कर दिया। पिकअप चालक दुर्घटना करने के पश्चात गाड़ी लेकर भागा। लेकिन चकपिहानी से गण्डारा जाने वाले मार्ग पर आगे पलट गया। इस घटना की पुलिस को सूचना दी। कोतवाल राजनाथ सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

# मकान से नकदी समेत हजारों की चोरी पुलिस ने की जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर के मोहल्ला बड़ीहाट निवासी किरायेदार के मकान में दीवार फांदकर चोर घुस गए। चोरों ने नकदी समेत हजारों की चोरी की। कोतवाली नगर के मोहल्ला बड़ीहाट निकट मिनारा मस्जिद निवासी दानिश के मकान में इलियास किराए से मकान लिए हुए हैं। इलियास इस समय दिल्ली में काम करते हैं। जबकि पत्नी गुड़िया और बेटी घर में रहती है। बुधवार रात को दीवार फांदकर घर में चोर घुसे। इसके बाद सभी ने तीन हजार रुपये नकदी, कपड़ा और अन्य सामान की चोरी की। सुबह दरवाजा खुला और सामान बिखरा होने पर महिला को चोरी की जानकारी हुई।

# विद्यानगर में खड़ंजा निर्माण में जमकर हुई धांधली

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के विकासखंड मनकापुर में ग्राम पंचायत विद्यानगर में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत विद्यानगर के मजरा पण्डित पुरवा में कच्चे रास्ते को खड़ंजा निर्माण के नाम पर लाखो रुपये खर्च किये गए और आधा अधूरा खड़ंजे का निर्माण हुआ। इस बीच मानसूनी बारिश में पड़ने वाले बुलबुले ने विद्यानगर ग्राम पंचायत में विकास की कलयी खोल कर रख दिया है।

वही विद्यानगर ग्राम पंचायत के मजरा पंडित पुरवा में बनी सड़क के ध्वस्त होने से जहां लाखो रुपये का वारा न्यारा हो गया है।वहीं खरंजा निर्माण के नाम पर कोरम पूरा किये जाने से ग्रामवासियों के लोगों के बीच धीरे धीरे प्रधान के विरुद्ध गुस्सा पनपने लगा है। कॉम्पेंशन के अभाव में बारिश की पानी में खड़ंजा से मिट्टी बह जाने से खड़ंजा के नाम पर कहीं-कहीं केवल ईंट शेष रह जाने से आवागमन तक बाधित हो जा रहा है कुल मिलाकर योगी सरकार के सात निश्चय योजना पार्ट 2 के तहत खड़ंजा निर्माण के नाम कोरम पूरा किया गया है कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी वही ग्राम पंचायत विद्यानगर माजरा पंडित पुरवा ग्राम वासी संजय पाठक ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से निर्माण में गुणवत्ता खराब होने की शिकायत की है।और शिकायत में बताया है कि जहाँ खड़न्जा का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान आलोक और सेक्रेटरी विनय गुप्ता द्वारा दो सौ मीटर का कार्य पिछले तीन महीनों से कराया जा रहा है।वह कार्य घटिया और अधूरा कराया गया है।बारिश होने की वजह से और घटिया कार्य कराने की वजह से रास्ते की हालत बिल्कुल खराब हो चुकी है,जिससे ग्रामवासियों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।और खड़ंजा निर्माण में गुणवत्ता की जाँच कराकर सम्बन्धित प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करें और रास्ते को ठीक कराया जाये जिससे लोगों को आने-जाने में राहत मिल सके।

# एसपी ने किया 12 चौकी प्रभारी सहित 18 उप निरीक्षकों का तबादला

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 12चौकी प्रभारी सहित 18 उपनिरीक्षको का तबादला कर दिया है। पुलिस लाइन में रहे उपनिरीक्षक गौरव सिंह तोमर को कोतवाली देहात के खोरहसा चौकी प्रभारी बनाया गया।

पुलिस लाइन से विपुल कुमार पांडेय को चौकी प्रभारी बड़गांव नगर कोतवाली का बनाया गया। चौकी प्रभारी कहोबा मोतीगंज थाना के दिनेश राय को महाराज गंज चौकी प्रभारी पुलिस लाइन से अंगद कुमार सिंह को गुरुनानक चौकी प्रभारी नगर कोतवाली, पुलिस लाइन से सत्य प्रकाश सिंह को भमभुवा चौकी प्रभारी कर्नल गंज, चौकी प्रभारी भमभुवा के अंकित सिंह को थाना नवाब गंज भेजा गया।थाना उमरी बेगम गंज के उमेश सिंह को थाना नवाब गंज के कस्बा का चौकी प्रभारी बनाया गया। चौकी प्रभारी कस्बा नवाब गंज के मनीष कुमार को चौकी प्रभारी कहोबा मोती गंज का ब बनाया गया। मनका पुर थाना से अखिलेश कुमार राही को चौकी प्रभारी धोबहा राय कटरा बाजार का बनाया गया। धाने पुर थाना के विजय प्रकाश को ढेमवा घाट नवाब गंज का चौकी प्रभारी बनाया गया। पुलिस लाइन से बृजेश कुमार चौबे को डुमरिया डीह वजीर गंज का चौकी प्रभारी बनाया गया। पुलिस लाइन से ही तेज नारायण गुप्ता को मसकना चौकी प्रभारी छपिया का बनाया गया। इटिया थोक थाना से सुनील कुमार को थाना कर्नल गंज थाना भेजा गया।कोतवाली देहात के राजेश कुमार दुबे को आर्यनगर चौकी प्रभारी कौड़िया का बनाया गया। पुलिस लाइन में रहे रमेश कुमार को थाना तरब गंज, बिकाऊ प्रसाद को खोडारे थाना, सिगेन्द्र राम को थाना छपिया, विजय प्रताप सिह को थाना मनका पुर भेजा गया।

# तीज क्वीन में क्षमा अग्रवाल प्रथम, दूसरे पर रही आस्था



**तीज महोत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में तीज महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज की नवविवाहित मारवाड़ी बहू बेटियां सुंदर साड़ी, लहंगा,व सूट में पारंपरिक परिधान धारण करके मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम के लिए शामिल हुई। जिसमें आयोजक मंडल द्वारा तीज स्पेशल सरप्राइज क्वेश्चन, गेम्स, नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाएं व बेटियों ने भाग लिया। तीज क्वीन में क्षमा अग्रवाल, चंचल गोयल,आस्था अग्रवाल , श्रृंगारिका मित्तल, अंकिता गोयल, आरती गोयल,आंचल गर्ग और नविका नेवटिया ने हिस्सा लिया। जिसमें तीज क्वीन का ताज क्षमा अग्रवाल को प्रथम और आस्था अग्रवाल को द्वितीय स्थान मिला और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा कार्यक्रम में गेम्स में चूड़ी गेम और श्रृंगार गेम्स , नृत्य में वान्या - आस्था, कीर्ति, आस्था, सौम्या-श्रेया ने हिस्सा लिया।

मैच स्टिक गेम्स में प्रथम पायल अग्रवाल और वीना शर्मा दूसरे स्थान पर रही। और श्रृंगार गेम्स में सीमा प्रथम और चंचल गोयल दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में डॉक्टर रेनू अग्रवाल ,दीपा मोदी और रंजन मोदी कार्यक्रम की जज रही। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ,रेनू अग्रवाल, नीतू गर्ग, पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर डीपीआरओ का हुआ स्वागत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे का दो वर्ष का कार्यकाल जिले में पूरा होने पर उन का भव्य स्वागत उन के कर्मचारियों के द्वारा किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, जिला महामंत्री शिव राम शुक्ला ने उन को माला पहना कर स्वागत किया। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक रमन सिंह ने कहा कि दो वर्ष का कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है और आगे भी रहेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के सुरेश बाबू, गिरीश बाबू रमन सिंह, मनीष मिश्रा अमित कुमार, शाहिद अली, राम पाल यादव डीपी एम अरुण कुमार, शिव कुमार, गणेश यादव, अनुरुद कुमार सहित आदि कर्मचारियों ने उन का स्वागत किया।

# पंचायत उप चुनाव में रेखा देवी हुई विजयी



**विशेश्वरगंज,बहराइच।** विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रानियापुर प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। ग्राम पंचायत उपचुनाव के लिए दो उम्मीदवार रेखा देवी व कमलेश्वर मौर्य मैदान में थे।कुल पड़े 1568 मतों में से रेखा देवी को 836 तथा कमलेश्वर मौर्य को 700 मत प्राप्त हुए वही 32 मत अवैध रहे। इस प्रकार रेखा देवी 136 मतों से अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया।

# डीएम के निरीक्षण में पूर्णकालिक शिक्षक मिली अनुपस्थित

**सभी अनुपस्थित का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश**

**दाल की क्वालिटी ठीक न मिलने पर दाल व चाय की पत्ती का लिया सैम्पल**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेगमपुर का निरीक्षण कर कक्षा 07 व 08 में जाकर पठन-पाठन की गुणवत्ता को परखा तथा छात्राओं से यूनीफार्म की धनराशि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति का जायज़ा लेने पर पूर्णकालिक शिक्षक पूनम, अंशकालिक पिंकी रानी व सीमा सिंह व लेखाकार दीप्ति यज्ञसैनी अनुपस्थित पायी गयीं।

डीएम ने सभी अनुपस्थित से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा एक दिवस का वेतन काटने का निर्देश दिया। कक्षा 07 के निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्रा अंजली से अंग्रेजी की बुक पढने को कहा तो छात्रा द्वारा पुस्तक का पैराग्राफ को पढ़कर सुनाया।इसके उपरान्त डीएम ने रसोई के भण्डार गृह का निरीक्षण कर छात्राओं के भोजन के लिए उपयोग में लायी जाने वाली सामग्री का अवलोकन करते हुए दाल की क्वालिटी ठीक न पाये जाने पर दाल व चाय की पत्ती का सैम्पुल कलेक्ट किया। पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपलब्ध पुस्तकों इत्यादि का जायज़ा लेते हुए वार्डेन इरफाना तस्नीम को निर्देश दिया कि बच्चों को पुस्तक अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाये।

डीएम ने कहा कि आवासित बच्चों को मानक के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जायें तथा बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करें। डीएम ने निर्देश दिया कि सुरक्षा प्रोटोकाल का कड़ाई के साथ पालन सुनिश्चित कराया जाय।

# मोहनपुर से पूनम, साहिबपुर से रूबी व बल्लीपुर से रेखा सिंह बनी प्रधान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

वजीर गंज ब्लाक क्षेत्र में तीन ग्राम पंचायतो में प्रधान पद का चुनाव हुआ। मोहन पुर ग्राम पंचायत में सपा के पूर्व एम एल सी रण विजय सिंह की पत्नी पूनम सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी प्रियांशी को 218 वोट से हराया। पूनम सिंह 604 वोट पाकर विजय हुई। प्रियांशी सिंह को 386 मत पाकर हार गई। साहिब पुर ग्राम पंचायत में रूबी सिंह 613 वोट पाकर जीत दर्ज किया। दूसरे नम्बर पर प्रधान रहे अर्चना सिंह 371 वोट पाकर भी हार गई। यहाँ पांच प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। रमा वती को 194, रंजना को 24 और काजल को 31 वोट मिले। रूबी सिंह ने 242 वोट से हराया। चर्चित गांव बल्ली पुर में जबरदस्त लड़ाई थी। यहाँ प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में रहे। रेखा सिंह ने अपने निकटतम प्रत्याशी शीला सिंह को 287 वोट से हराया। रेखा सिंह को 918 वोट और शीला सिंह को 631 वोट पाकर दूसरे नम्बर पर रहे। जय प्रकाश सिंह 55 और दिनेश सिंह को 2 वोट मिले।

**मात्र तीन वोट से बने बीडीसी**

वजीरगंज ब्लाक के धनेसरपुर ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव हुआ। यहाँ से हरीश यादव को 388 वोट मिले और दूसरे नम्बर के प्रत्याशी बकरीदी को 385 वोट मिले। तीन वोट से हरीश यादव ने हरा दिया। हरीश यादव पहले एक वोट से चुनाव जीते थे। लेकिन बक़रीदी ने दुबारा मतगना कराया जिसमें तीन वोट से हार गए। जो चर्चा का विषय बना हुआ था।

## खबरें एक नजर में

### छुट्टी के दिन खुलेगा परिवहन विभाग का ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट




**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वाहनों की फिटनेस के संबंध में दिये गये निर्देश के कम में फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों के साथ काट्रेक्ट/स्टेज कैरिज वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने हेतु शनिवार व रविवार प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक कैम्प का आयोजन ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टट्यूट निकट सेवायोजन कार्यालय आईटीआई चौराहा, गोण्डा में किया जा रहा है। गौरतलब हो की स्कूली वाहनों में कैमरा ,फर्स्ट एड बॉक्स ,जीपीएस ,सीजफायर सिलेंडर एवं रिफ्लेक्टर टेप का होना नितांत आवश्यक है इन सभी बातों की जानकारी आर आई संजय कुमार के द्वारा दी गई।

### सिपाही के विरुद्ध भ्रष्टाचार की प्राथमिकी दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात क्षेत्र में तैनात एक सिपाही पर उसी कोतवाली में ग्रामीण की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का केस दर्ज हुआ है। सिपाही पर 10 हजार रूपये रिश्वत लेने का आरोप है। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी मुनव्वर खान पुत्र अब्बास खान ने एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा से शिकायत की थी। मुनव्वर खान का कहना है कि उसके विरुद्ध रिसिया थाने में केस दर्ज है। जिसके नाम पर कोतवाली देहात के बदनापुर चौकी में तैनात सिपाही पुष्पांजलि सिंह 8 जुलाई को शाम पांच बजे उसके घर पहुंचे। सिपाही ने मुनव्वर को पड़कर बेडनापुर चौकी ले गए। जहां पर थाने में दर्ज केस में जेल न जाने के मामले 30 हजार रूपये की मांग की। उसका कहना है कि जेल जाने के भाई से उसने सिपाही को 10 हज़ार रूपये दे दिया।जिस पर सिपाही ने उसे छोड़ दिया इसके बाद उसने रिसिया थाने में दर्ज धारा के मामले में जानकारी ली तो पता चला कि इस धारा में कोई गिरफ्तारी ही नहीं है। इस पर ग्रामीण ने एएसपी सिटी से शिकायत की।

### गन्ने के खेत में निकला अजगर, देखकर डरा किसान



**मनकापुर/गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** टिकरी रेंन्ज के अम्बरपुर ग्राम सभा के मजरा गदामार पुरवा में विशालकाय अजगर देखे जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि अंबरपुर निवासी अंकित वर्मा आज दोपहर में अपने गन्ने के खेत में खाद की बुवाई कर रहा था अचानक उसकी नज़र विशालकाय अजगर पर पड़ी जिससे वह घबराकर हल्ला गुहार मचाया हल्ला गुहार सुन कर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के वनरक्षक श्रवण कुमार सिंह वाचर रविंद्र सिंह व अन्य स्टाफ के साथ अम्बरपुर के गदामार पुरवा मे पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को वन विभाग की टीम ने पकड़कर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। अजगर के पकड़े जाने के पश्चात गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

# चोर को पीटने का वीडियो वायरल, केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली देहात के हरिहरपुर रैकवारी गांव में घुसे चोर को रस्सी से बांधकर पीटा गया है। उसके शरीर पर लाल मिर्च भी डाला गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि पुलिस ने चोरी का मुकदमा मकान मालिक की तहरीर पर दर्ज कर लिया है। जबकि मृतक और जिंदा पकड़े गए चोरों के परिवार के लोगों से कोई तहरीर नहीं मिली है। कोतवाली देहात के हरिहरपुर रैकवारी गांव में सोमवार रात को पांच से छह की संख्या में चोर घुस गए थे। एक ग्रामीण के यहां चोरी करने के बाद दूसरे ग्रामीण के यहां चोर घुसे। चोर की आहट पाकर महिला जग गई और उसने शोर मचाया था। जिस पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए थे। सभी ने चोरों की पिटाई की। जिसमें एक चोर की मौत हो गई थी। जबकि सीतापुर के महमूदाबाद निवासी चोर को जिंदा पकड़ लिया गया था। पुलिस ने चोर की मौत को हार्ट अटैक बताया था। लेकिन अब चोर की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें चोर को रस्सी से बांध कर पीटा जा रहा है। इतना ही नहीं शरीर पर काफी जख्म हैं। लोगों का कहना है कि जख्म पर लाल मिर्च का पाउडर भी डाला गया है। इस वीडियो से कोतवाली देहात पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**चोरी का दर्ज हुआ केस**

कोतवाली देहात के हरिहरपुर रैकवारी गांव निवासी राजेश सिंह पुत्र सुखमंगल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। जिसमें जेवरात समेत अन्य सामान की चोरी होने, एक चोर के जिंदा पकड़े जाने और खेत में बाइक बरामद होने का जिक्र किया गया है।

# पार्क में खुद को आग लगाने वाले व्यक्ति की मौत

**लखनऊ में इलाज के दौरान हुई मौत**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट शहीद पार्क में बुधवार दोपहर को एक व्यक्ति ने खुद को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा लिया था। इलाज के दौरान लखनऊ में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला चांदपुरा निवासी कमरुद्दीन (53) के खिलाफ उसके भाई ने केस दर्ज कराया है। उसका कहना है कि पुलिस ने फर्जी प्रार्थना पत्र के आधार पर केस दर्ज कर लिया है और उसके उसके पत्र पर कोई जांच नहीं की जा रही है। इसको लेकर बुधवार सुबह शहीद पार्क में बैठ गया। कोई सुनवाई न होता देख दोपहर 12:30 बजे व्यक्ति ने खुद के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया इसके बाद आग लगा ली। आसपास के ग्रामीणों ने शोर मचाया कोतवाली नगर की पुलिस पहुंची। सभी ने कंबल और पानी डालकर आग बुझाया। इसके बाद उसे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां सदर तहसील के तहसीलदार ने झुलसे कमरुद्दीन का बयान दर्ज किया। प्राथमिक इलाज के बाद हालात गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**इनको बताया था मौत का जिम्मेदार**

शहीद पार्क में आग लगाने वाले कमरुद्दीन ने लाल रंग या खून से पत्र लिखा था। जिसमें उसने लिखा है कि अगर मेरी मौत होती है तो भाई जैनुल आब्दीन, उनके पुत्र गुलफाम और सद्दाम जिम्मेदार होंगे।

# हाथी पांव रोग के पैर में जंजीर डालेगी फाइलेरिया की खुराक

**प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत जनप्रतिनिधियों के साथ समारोहपूर्वक अभियान का कराएं शुभारम्भ**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जन सामान्य को फाइलेरिया एवं कृमि रोग से मुक्ति प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जनपद में 10 अगस्त से 3 सितम्बर तक संचालित होने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए) को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत जनप्रतिनिधियों के साथ समारोहपूर्वक अभियान का शुभारम्भ कराएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों के हाथों से मौजूद लोगों को दवा भी खिलाई जाय ताकि आमजन प्रेरित होकर स्वेच्छा से दवा का सेवन करने के लिए आगे आयें। डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय। अभियान से जुड़े वाहनों पर आर्कषक ढंग से फाइलेरिया उन्मूलन का सन्देश देने वाले स्टीकर व पोस्टर से आच्छादित किया जाय। प्रचार-प्रसार के दौरान लोगों को इस बात की जानकारी अवश्य दी जाय कि फाइलेरिया रोग आपके जीवन के लिए कितना घातक हो सकता है और दवा के सेवन से आप को क्या लाभ होने वाला है।

डीएम ने निर्देश दिया कि राशन कार्डधारकों को शत-प्रतिशत दवा का सेवन कराने में कोटेदारों एवं ग्राम प्रधानों से सहयोग लिया जाय। खाद्यान्न वितरण की अवधि में कोटे की दुकान पर खाद्यान्न के लिए आने वाले लोगों को अवश्य दवा का सेवन कराया जाय। डीएम ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है कि आमजन में फाइलेरिया को लेकर जागरूकता का संचार हो तथा उन्हें इस बात की अवश्य जानकारी होनी चाहिए कि दवा की खुराक लेते समय उन्हें क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

डीएम द्वारा नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि कूड़ा कलेक्शन करने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से सम्बन्धित पोस्टर एवं बैनर्स को प्रदर्शित किया जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि विशेष आबादी वाले क्षेत्रों जैसे स्कूल, अस्पताल, कार्यालय, इण्डस्ट्रीज, जेल, प्रोजेक्ट बाजार, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टैण्ड तथा स्थानीय मेलों एवं हाटों में दवा की खुराक देने के विशेष प्रबन्ध किये जायें। डीईसी की खुराक को खाली पेट लेने की मनाही को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सीएमओ व बीएसए को निर्देश दिया कि स्कूलों में मिड डे मील के बाद दवा की खुराक दी जाय।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में 10 अगस्त से सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे।

# अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में फूंका पुतला

**आतंकवाद और जमाते इस्लामी के खिलाफ की नारेबाजी, सरकार से की सुरक्षा की मांग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




जिले में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और सिक्खों पर हमले के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया और कट्टरपंथी संगठनों का पुतला फूंका।

प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यको पर हमले और उनके धर्मस्थलों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ रही है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यको की सुरक्षा के लिए कदम उठाए। इस दौरान राहुल राय, जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशांत मिश्रा,रवि प्रताप सिंह, वैभव जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्होंने जमकर नारेबाजी की प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगों के बारे में बताया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर होंगे कार्यक्रम : सीडीओ




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने कहा है कि मुख्य सचिव, उप्र शासन के निर्देशानुसार ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके क्रम में 09 अगस्त, 2024 को मुख्य कार्यक्रम मुंशीगंज शहीद स्थल पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए जनपद में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गये है।

उन्होंने समस्त नामित नोडल अधिकारियों से कहा है कि समन्वय करते हुए विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यन्त जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रमों की सूचना संस्कृति विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने हेतु एवं उनका सम्मान करने हेतु अंगवस्त्र आदि की व्यवस्था अपर जिलाधिकारी प्रशासन, रायबरेली के स्तर से सुनिश्चित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि 7 एवं 8 अगस्त को समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थल, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 09 अगस्त को समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जाए।

शहीद स्मारक/स्थलों पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि, शहीद स्मारको/ अमृत सरोवरों/अमृत वाटिकाओं में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम तथा 09 से 15 अगस्त तक शहीद स्मारको/स्थलों पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्धुन पर अधारित बैण्ड वादन किया जाऐगा एवं ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता/चित्रकला/पेंटिंग/सुलेख एवं निबंध/भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।

# रायबरेली के कविराज को मिला काव्य श्री सम्मान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आज जहाँ सामाजिक ताना-बाना क्षीण होता दिख रहा है वहीं कवि एवं साहित्यकार समाज को जोड़ने का प्रयत्न करते हुए व्यवस्था को आईना दिखाने का कार्य कर रहे हैं।

ऐसे जुझारू प्रबृत्ति को परखा है समन्वय वाणी फाउंडेशन जयपुर के तत्वावधान में चलने वाले अथाई समन्वय समूह ने, जयपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में जहाँ पूरे भारतवर्ष के अनेक कवि साहित्यकार सम्मानित हुए वहीं उत्तर प्रदेश के कई साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया जिनमें ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस को अथाई समन्वय समूह का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करते हुए काव्य श्री सम्मान, वेदप्रकाश सिंह प्रकाश को श्रेष्ठ समीक्षक के साथ काव्य शिल्पी सम्मान, सुशील पांडेय को काव्य श्री सम्मान, कविराज -शिवकुमार सिंह शिव को काव्य श्री सम्मान,सौरभ वर्मा स्माइल को काव्य श्री सम्मान,भगौती प्रसाद तिवारी बेधड़क एवं नरेन्द्र सिंह त्यागी नीर को काव्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रसन्नता का विषय है कि इस कार्यक्रम में महराजगंज क्षेत्र के दुसौंती ग्राम निवासी कविराज - शिवकुमार सिंह शिव ने अपने गांव जंवार का नाम रोशन किया इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए डाक्टर एम डी पासी ने कहा कि साहित्य ही समाज को दिशा देने में सक्षम है अतः जिस देश में साहित्यकारों तथा साहित्य का सम्मान होता है वह देश सदैव उन्नति के शिखर पर चढ़ता रहता है। इस मौके पर अंजनी, संतोष सिंह, संजीव कुमार,द्वारिका सिंह, दिनेश, बृजेश, मनमोहन, संतलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## नहर की कटान नहीं हुई बंद, किसानों को सिंचाई में हो रही परेशानी

**डलमऊ, रायबरेली।** भेला पोशाक गंग नहर से निकली नरेंद्रपुर माइनर में पिछले चार दिनों पूर्व हुई कटान बंद न होने की वजह से जहां किसानों की फसल जलमग्न हो गई वहीं पर टेल तक स्थित किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है डलमऊ तहसील क्षेत्र के गंग नहर से निकली हुई भेला पोशक नहर से नरेंद्रपुर माइनर में पिछले चार दिन पूर्व दाहिनी माइनर में कटान हो गई पानी के तेज बहाव होने के चलते आसपास की कई बीघे फसल जलमग्न हो गई किसानों को जानकारी हुई तो इसकी सूचना नहर विभाग के कर्मचारियों को दी गई तीन दिन बीतने के बाद भी कटान को बंद नहीं किया गया अंत में माइनर में छोड़े गए पानी को ही बंद कर दिया गया।

# महिला कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट को न्याय दिलाने को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महिला कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट को न्याय दिलाए जाने के लिए हाथों में तिरंगा और तक्तियां लेकर कांग्रेसी पदाधिकारी ने डीएम ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौपा गया है।आपको बता दे कि जनपद के कलेक्ट्रेट परिषद स्थित डीएम ऑफिस के सामने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी द्वारा महिला कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट को न्याय दिलाए जाने के लिए हाथों में तिरंगा लेकर वह न्याय दो की तक्तियां लेकर रैली निकालते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि महिला कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट को गंदी राजनीति व बदले की भावना के चलते राजनीति आधार की आड़ में आयोग की घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विनेश फोगाट तमाम चुनौतियों से जुड़ते हुए मोदी सरकार के सिस्टम से लड़ते हुए विपरीत हालातो को हार कर बड़ी सफलता हासिल कर भारतीय खेल जगत का नाम रोशन करते हुए कीर्तिमान इतिहास रचा है। देश के लाखों लोग जो मेडल जीतने का सपना देख रहे थे,उनके हौसले को कमजोर किया गया है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच होना आवश्यक है जिसको लेकर कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा है। और न्यायिक जांच करवाने की मांग की गई है जिससे महिला कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट को न्याय मिल सके।



## 921 वोट पाकर प्रधान बने अनुराग

**महराजगंज,रायबरेली।** जमुरावां प्रधानी उपचुनाव में अनुराग ने मारी बाजी पूर्व प्रधान की उम्र कम होने पर उसे आयोग घोषित कर दिया गया था वही प्रधानी के उपचुनाव के लिए फिर से चुनाव कराया गया जिसमें कुल 8 प्रत्याशी मैदान में जनता के बीच पहुंचे। वहीं जनता ने अनुराग को अपना समर्थन देते हुए अपनी ग्राम पंचायत का मुखिया चुन लिया 8 प्रत्याशियों में कमलेश को 25 वोट मिली थी छेदीलाल 7 नीलम 10 वोट मुन्नीलाल 303 और विशेश्वर 579 और सुमन देवी 33 हौसिला प्रसाद 12और विजेता अनुराग को 921 वोट मिला ।अनुराग और विशेषर पासी के बीच टक्कर देखने को मिली जिसमें अनुराग ने विशेषर पासी को 342 मतों से मात दी वही अनुराग के चुनाव जीतने पर उनके समर्थकों में गजब का उत्साह देखा गया फूल मालाओं से ग्राम प्रधान को लाद दिया गया तथा एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया गया।

# बटोही रेस्टोरेंट में लगी आग, सारा सामान राख

▸ अग्निकांड में 20 लाख का हुआ नुकसान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र का प्रतिष्ठित बटोही रेस्टोरेंट बुधवार की रात पूरी तरह जलकर राख हो गया है। बताया जाता है कि घटना के समय रेस्टोरेंट में कोई नहीं था। संभावना जताई जा रही है कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी है।

आग बुझाने में एक दमकल कर्मी झुलस गया है। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया है। घटना बुधवार रात करीब दो बजे की बताई जा रही थी। बुधवार रात करीब 11 बजे रोज की तरह रेस्टोरेंट बंद हुआ था। उसके बाद रेस्टोरेंट संचालक प्रमोद गुप्ता और सभी कर्मचारी अपने अपने घर चले गए। रेस्टोरेंट में कोई नहीं था। रात अचानक रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग ने जब विकराल रूप धारण किया तो रेस्टोरेंट के अंदर रखे गैस सिलेंडर में तेजी से विस्फोट होने लगा। धमाका सुनकर आसपास के लोगों की नींद टूटी और जब उन लोगों ने वहां देखा तो रेस्टोरेंट से आग की लपटें और धुआं तेजी के साथ बाहर निकल रहा था। उसके बाद मामले की सूचना रेस्टोरेंट संचालक को दी गई। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू हुई। काफी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पूरा रेस्टोरेंट जलकर खाक हो चुका था। आग बुझाने में दमकल विभाग का आरक्षी हंसराज झुलस गया। उसको तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं रेस्टोरेंट का काउंटर , फर्नीचर और सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया।

इस अग्निकांड में करीब बीस लाख रुपए की क्षति का अनुमान लगाया जाता है। बताया जाता है कि विद्युत शार्ट सर्किट से रेस्टोरेंट में आग लगी, फिर धीरे धीरे आग पूरे रेस्टोरेंट में फैल गई थी।

## खबरें एक नजर में

### लाभार्थी बैंक खाते को एनपीसीआई मोड में करायें सुनिश्चित

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जनपद रायबरेली के सभी दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशन के लाभार्थियों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से आधार सीडिंग बैंक खाते में होना है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वह अपने बैंक से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से एनपीसीआई मोड में जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी पेंशन धनराशि खाते में अंतरित होने में समस्या हो सकती है।

### परिषदीय विद्यालय में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**डलमऊ,रायबरेली।** परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही उनके अभिभावकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा दिए जाने के लिए अपने अनुभव साझा किया गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरवारा में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अध्यापकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉक्टर शकुंतला मिश्रा ने दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते हुए उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किया पुनर्वास विश्वविद्यालय के पीएचडी स्पेशल वी आई ऑनर रवि शंकर मिश्रा एवं हेड टीचर यूपीएस डलमऊ जो कि दिव्यांग है उन्होंने अपनी दिव्यंगिता के साथ शिक्षा एवं सफलता के अनुभव साझा किया उन्होंने अभिभावकों को बताया कि दिव्यांग बच्चे भी मेहनत करके ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।

### वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

**बछरावां,रायबरेली।** बृहस्पतिवार दोपहर में बांदा बहराइच मार्ग पर नटबीर नगर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया। जिसे राहगीरो की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया जहां युवक का इलाज किया गया। श्याम कुमार पांडे पुत्र नरेंद्र पांडे निवासी ग्राम राजमऊ उम्र 25 वर्ष युवक कोरियर कंपनी में काम करता है। जो किसी का पार्सल देने के लिए जा रहा था। नटबीर नगर के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन द्वारा उसकी बाइक में टक्कर मार दी गई। टक्कर जोरदार होने के चलते युवक को गंभीर चोटे आ गई। तो वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सिर में चोट होने के चलते युवक अचेत अवस्था में हो गया। जिसे राहगीरो के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। थाना अध्यक्ष ओपी तिवारी ने बताया है, कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत भवन से दो बैटरी चोरी

**बछरावां,रायबरेली।** रामपुर मोहिद्दीनपुर पंचायत भवन से बुधवार रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन में रखी इनवर्टर की दो बैटरियां चोरी कर ली है। सुबह जब पंचायत सहायक ज्योति पंचायत भवन पहुंची। तो उन्हें इन्वर्टर की दो बैटरियां गायब मिली। जिसकी सूचना उन्होंने ग्राम प्रधान रामपति को दी। ग्राम प्रधान ने तहरीर देकर घटना से पुलिस को अवगत कराया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया की तहरीर मिली है।

# दयानंद पीजी कॉलेज में मना स्वच्छता पखवाड़ा

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




66 बटालियन एनसीसी रायबरेली के तत्वाधान में दयानंद पीजी कॉलेज की एनसीसी यूनिट ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान रैली , पोस्टर प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया और उन्होंने कैडटों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की संजीवनी है स्वच्छता के माध्यम से तमाम रोगों से निजात पाई जा सकती है। एनसीसी के कैडटों ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से संदेश दिया है कि समाज में फैली संक्रामक बीमारियां दूर स्वच्छता के माध्यम से दूर की जा सकती हैं कैडेट राष्ट्र के सजक प्रहरी हैं हम सभी के प्रेरक भी हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वेदान्शी, द्वितीय स्थान रेणुका भारती, तृतीय स्थान अंश और अंजलि दीक्षित को संयुक्त रूप से दिया गया।

निबंध लेखन में प्रिया, गुंजन शिवम् सिंह, अजय यादव के निबंध को क्रमशः स्थान प्राप्त हुए। कैडटों ने एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया और मुन्शी चन्द्रिका प्रसाद गुरु जी की प्रतिमा सहित अन्य प्रतिमाओं की और उसके आसपास सफाई की और महाविद्यालय और उसके हास्टल परिसर को स्वच्छ किया।

कार्यक्रम का संयोजन ट्रेनर राहुल चौरसिया ने किया। इस पर अर्पिता, दीक्षा, राशी, शिवानी रिया, मुस्कान, विशाल, रोहित शिवम्, रघुराज प्रियतम, आकाश राहुल, आदि कैडेट्स उपस्थित रहे।

# बजाज शुगर ग्रुप के एमडी ने बाढ़ से नुकसान का लिया जायजा



**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर ग्रुप के एमडी अजय शर्मा ने ग्रुप के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के कार्यकारी सहायक संकल्प वर्मा के साथ चीनी मिल उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम महदेईया चमरूपुर शाहपुरइटई बरायल बीरदालाल नगर गोवर्धनपुर दुभरा आदि ग्रामों में यूनिट हेड राकेश यादव,आर पी शाही महाप्रबंधक गन्ना,आर एस मिश्रा एजीएम केन के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के उपरांत प्रबंध निदेशक ने शुगर फैक्ट्री में अधिकारियों कर्मचारियों की मीटिंग कर विचार विमर्श किया तथा आगामी पेराई सीजन के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बाढ़ एवं भारी बरसात के कारण गन्ना खेतों में हुए नुकसान का आंकलन किया। बाढ़ के कारण क्षेत्र में काफी जल भराव हो जाने के कारण काफी मात्रा में गन्ना खेतों में सूख कर नुकसान हो गया है। बाढ़ ग्रस्त इलाके का सर्वेक्षण कर गन्ना फसल के नुकसान का जायजा लिया।

क्षेत्र में बाढ़ से लगभग 400 हेक्टर गन्ने की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है जिससे गन्ना किसानों को भारी नुकसान हुआ है अभी भी जिन खेतों में बाढ़ का पानी भरा है उन खेतों में गन्ना सूखने का खतरा अधिक उत्पन्न हो गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार बाढ़ जल्दी आने से गन्ने की फसल पूरी तरह से बाढ़ के चपेट में आ गई। जिससे किसानों का मार्च अप्रैल में बोया गया गन्ना अत्यधिक क्षेत्रफल मे नुकसान हुआ है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक ने गन्ना कृषक बालकिशुन वर्मा बुधराम वर्मा करताराम वर्मा बिंदेश्वरी वर्मा आदि लोगों से संपर्क किये।

# खुलेआम चौराहे पर फायरिंग करने का वीडियो वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सरकार लगातार कानून व्यवस्था को लेकर भले ही अपनी पीठ थपथपा रही हो मगर हकीकत कुछ और ही है। प्रदेश के रायबरेली में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ होता नजर आया। मामला स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश सिंह के गृह जनपद का है। यहां दो पक्षों के विवाद में व्यक्ति ने चौराहे पर तंमचा लहराकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। चौराहे पर लहराया तमंचा खुलेआम चौराहे पर फायरिंग का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसे देखकर ज़िले में कानून व्यवस्था के हालात का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यहाँ दो पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से असलहे चलने लगे। दोनों तरफ से लोगों ने एक दूसरे पर वार किया। लोग चौराहे पर असलहे लहराते हुए दौड़ रहे हैं। हवाई फायरिंग की जा रही है। गोलियों की आवाज सुनकर राहगीर अपनी जान बचाकर दुबक गये। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ़्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वहीं सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया की दोनों में मारपीट हुई है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में आरओ-वाटर कूलर खराब




**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** उतरौला बाजार के भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में लगा दोनों आरओ वाटर कूलर खराब पड़ा है। हैंड पंप का पानी पीने लायक नहीं है। भीषण गर्मी में कॉलेज में पानी न मिलने से आने वाले छात्र–छात्राओं व शिक्षकों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। मामले की शिकायत प्रिंसपल ने नगर पालिका प्रशासन से किया है। भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में एक वाटर आरओ कूलर विधायक निधि से एवं नगर पालिक द्वारा एक वाटर आरओ कूलर लगवाया गया था। यह दोनों वाटर आरओ कूलर तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ा है। इधर बीच उमस भरी गर्मी बढ़ी तो कॉलेज आने वाले छात्र छात्रों को पीने के पानी की जरूरत पड़ी। कॉलेज में हैंड पंप भी लगा हुआ है लेकिन इसका पानी पीने योग्य नहीं है। जिस कारण छात्र–छात्राओं को बूंद–बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है। कॉलेज के प्रिंसपल कुमेश सरोज ने बताया कि जब से वाटर कूलर लगा है हर दूसरे तीसरे दिन खराब हो जाता है। खराब होने की सूचना संबंधित को लगातार दी जाती है। आरओ प्लांट की ठोस मरम्मत कराने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है। इसे लेकर कालेज के अध्यापकों व छात्र–छात्राओं में नगर पंचायत पालिका के प्रति नाराजगी है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य के उप चुनाव में आलोक कुमार जीते

**उतरौला,बलरामपुर।** विकास खंड उतरौला के ग्राम पंचायत मटियरिया कर्मा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के हुए उप चुनाव में आलोक कुमार श्रीवास्तव ने अपने प्रतिद्वंद्वी हरीराम को 177मतों से पराजित कर जीत हासिल की। मतगणना के दौरान 15 मत अवैध पाए गए,वहीं अनार चुनाव चिन्ह से रहे प्रत्याशी आलोक कुमार को 374मत प्राप्त हुए,और अलाव चुनाव चिन्ह से रहे प्रत्याशी हरीराम को 197 मतों से संतोष करना पड़ा।

## आईजीआरएस रैंकिंग में रायबरेली रहा प्रथम

**रायबरेली।** एसपी की मेहनत लाई रंग आईजीआरएस रैंकिंग में तीसरे महीने प्रदेश में पहले स्थान पर रहा रायबरेली जिला, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि फरवरी व जून के महीने में भी जिले को प्रथम स्थान मिला था वहीं जुलाई माह में आईजीआईएस की रैंकिंग में जिले को उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है पुलिस अधीक्षक ने कहा लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए जनपद के सभी 18 थानों के थाना अध्यक्ष व क्षेत्राधिकार नियमित जनसुनवाई करते हुए उनका गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जा रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लौहरगांव वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 09.08.2024 से 15.08.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा मूल्य-100 रू.

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | लौहरगांव | गौशाला में खडण्जा निर्माण कार्य (गाटा नम्बर-348/2) | 550265 | 2 प्रतिशत | बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, ईंटा, खडण्जा आदि | | 1 वर्ष |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-WRL-82-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-WRL-83-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-WRL-81-24-2 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.08.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.08.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-LKO-WRL-77-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.08.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.08.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2444/2024


## बस संचालन को लेकर किया पत्राचार

**डलमऊ, रायबरेली।** जनता की समस्याओं एवं उनके निराकरण को लेकर सक्रिय रहने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष पं.बृजेश दत्त गौड़ ने एक बार फिर समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी रायबरेली को पत्राचार करते हुए समस्या से निदान दिलाए जाने की मांग की है। डीएम को लिखे पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष पं.बृजेश दत्त गौड़ ने मांग करते हुए कहा कि रायबरेली डलमऊ व फतेहपुर के मध्य बसों का संचालन न होने से यात्रियों एवं आम जनता को बड़ी समस्या हो रही है। डलमऊ गंगा तट पर बसा होने के चलते प्रत्येक मास की पूर्णिमा एवं अमावस्या के अवसर पर जनपद एवं गैर जनपदों के गंगा भक्त गंगा स्नान के लिए आते हैं।

# डीएम ने परखी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, दिए निर्देश



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नगर पालिका उतरौला में जल निगम शहरी द्वारा पटेल नगर में निर्माणधीन पाइप पेयजल परियोजना एवं सीएंडडीएस द्वारा निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माणाधीन पेयजल परियोजना के ओवर हेड टैंक के निर्माण को स्थलीय निरीक्षण करते हुए उसकी क्षमता की जानकारी प्राप्त की , इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को भी परखा तथा पाइप लाइन बिछाने के कार्य में प्रगति का निर्देश दिया।

उन्होंने निर्माणधीन परियोजना की थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराए जाने तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया। कार्यदाई संस्था सीएंडडीएस जो भी कमियां है उनको दूर किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

### सीएमओ कार्यालय के कार्यों का भी लिया जायजा



**बलरामपुर।** सरकारी कार्यालयों में जनमानस को बेहतर माहौल उपलब्ध कराए जाने के अभियान के तहत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा सीएमओ ऑफिस का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया एवं कार्यों के बारे में जाना। उन्होंने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कार्यालय में बाहरी व्यक्ति या दलाल सक्रिय न रहे , यदि कार्यालय में किसी भी सरकारी अधिकारी कर्मचारी की संलिप्तता बाहरी व्यक्तियों या दलाल से पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ कार्यालय के दवा स्टोर रूम का निरीक्षण के दौरान दवाओ के बेतरतीब ढंग से रखें जाने एवं दवाओ की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समुचित जानकारी न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्टोर प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई तथा सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखें जाने का निर्देश दिया।

## जीत जैसी शिकस्त

जीवटता की धनी महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पचास किलो वर्ग स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश करके करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया था। देश उनसे सोने के पदक की उम्मीद कर रहा था। लेकिन करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों पर उस समय वज्रपात हो गया जब पेरिस ओलंपिक में महज सौ ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश अब इस ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सकेंगी। निस्संदेह, जब विनेश इतिहास रचने जा रही थीं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। लेकिन फिर भी आज देश उनके साथ खड़ा है। खेल प्रेमी सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। निश्चय ही यह एक दिल तोड़ने वाली घटना है। कहा जा रहा है कि भारत को ओलंपिक संघ से कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। जाहिर है यह फाइनल स्पर्धा थी। भारत सोने के पदक की आस लगा रहा था। इस फैसले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलो तक लाने के लिये थोड़ा समय मांगा था। लेकिन तय वजन से अधिक भार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। असल में, रेसलिंग इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग व बॉक्सिंग जैसे खेलों में यह नियम है। ताकि सभी खिलाड़ियों के लिये निष्पक्ष अघ्वसर तय किये जा सकें। यही वजह है कि खिलाड़ी जिस भार वर्ग का चयन करता है, उसे उसी वर्ग में खेलने की इजाजत मिलती है। इसमें किसी तरह की ढील नहीं मिलती। हर स्पर्धा से पहले चिकित्सा जांच व वजन किया जाता है। साथ ही खिलाड़ी के वजन की प्रक्रिया में असफल होने पर उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है। फिर पहली प्रतियोगिता में हारे खिलाड़ी को खेलने का मौका दिया जाता है। विनेश के मामले में भी आईओसी ने ऐसा ही फैसला लिया है। लेकिन भारतीयों के लिये यह फैसला असहनीय है। निस्संदेह, हर भारतीय के लिये यह फैसला कष्टदायक है। वे फाइनल से पहले विनेश को अयोग्य करार दिये जाने की घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। कतिपय लोग इसे पश्चिमी देशों द्वारा विकासशील देशों के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव मानते हैं। उनका मानना है कि भारत सरकार को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ को भी इससे निबटने के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। देश के तमाम बड़े खिलाड़ी और राजनेता विनेश का हौसला बढ़ाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि विनेश आप भारत का गौरव हैं और हर एक भारतीय की प्रेरणा हैं। आप में लड़ने की क्षमता है। आप सबल होकर लौटें, सारा देश आपके साथ खड़ा है। निस्संदेह, सारे देश की ऐसी ही सोच है।

# शेख हसीना के जाने के बाद बांग्लादेश-भारत के लिए इसका क्या मतलब है?

**नित्य चक्रवर्ती**



**अंतरिम सरकार के संभावित प्रधानमंत्री पद के लिए कुछ नामों पर चर्चा हुई। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस उनमें से एक हैं। वे हसीना के खिलाफआंदोलन का नेतृत्व करने वाले सर्वोच्च निकाय छात्र समूह अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन की पसंद प्रतीत होते हैं। बांग्लादेश में उभरते राजनीतिक परिदृश्य के बारे में दो अहम सवाल हैं। क्या सेना प्रमुख वास्तव में सत्ता को नागरिकों और राजनीतिक दलों को सौंप देंगे, जैसा कि वे कह रहे हैं, या बांग्लादेश की सेना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शासन करना जारी रखेगी, जैसा कि उन्होंने पिछले वर्षों में कई मौकों पर किया है? फिर अगला सवाल, यदि सेना वास्तव में अंतरिम सरकार का गठन करती है और कुछ अंतराल के बाद चुनाव कराती है, तो कौन से राजनीतिक दल नये चुनावों में भाग लेंगे? यह मुद्दा भारत के लिए महत्वपूर्ण है। अभी तक तो ऐसा लगता है कि शेख हसीना काफी समय तक अपने देश वापस नहीं आयेंगी।**

भारत आज बांग्लादेश में अभूतपूर्व राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है, जब पिछले पंद्रह वर्षों से प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना वाजेद को सेना के जनरलों और उनकी अपनी सुरक्षा टीम के सदस्यों ने मात्र 45 मिनट के भीतर देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

वह अब दिल्ली में हैं और राजनीतिक शरण के लिए किसी पश्चिमी देश से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही हैं। बांग्लादेश में पिछले तीन दिनों में घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि भारतीय खुफिया एजेंसियों को भी अंतिम समय में हुए घटनाक्रम के बारे में कोई पूर्व सूचना नहीं थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी पड़ोसी देश में अचानक हुई घटनाओं से स्तब्ध हैं, जिसमें पिछले कई वर्षों से भारत की सरकारों ने राजनीतिक और आर्थिक पूंजी के मामले में सबसे अधिक निवेश किया है। पिछले कुछ वर्षों में घटित घटनाओं के इतिहास में जाये बिना, खासकर कोटा प्रणाली के खिलाफ शुरू में 36 दिनों तक चले छात्र आंदोलन और फिर अंतिम चरण में हसीना सरकार को हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन में बदल जाने के बाद, प्रदर्शनकारियों और सेना द्वारा दिये गये संकेत भारत के हितों के विपरीत हैं। भारत को अस्थिर द्विपक्षीय संबंधों के दौर के लिए तैयार रहना होगा। आइये, बांग्लादेश में हसीना के बाद के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें। अभी सेना प्रमुख वकर-उज-जमां ने बांग्लादेश का प्रशासन संभाल लिया है। उन्होंने अंतरिम सरकार के गठन के लिए अवामी लीग को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों के साथ सोमवार की रात बैठक की। चर्चा में दक्षिणपंथी विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने हिस्सा लिया। अंतरिम सरकार के संभावित प्रधानमंत्री पद के लिए कुछ नामों पर चर्चा हुई। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस उनमें से एक हैं। वे हसीना के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले सर्वोच्च निकाय छात्र समूह अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन की पसंद प्रतीत होते हैं। बांग्लादेश में उभरते राजनीतिक परिदृश्य के बारे में दो अहम सवाल हैं। क्या सेना प्रमुख वास्तव में सत्ता को नागरिकों और राजनीतिक दलों को सौंप देंगे, जैसा कि वे कह रहे हैं, या बांग्लादेश की सेना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शासन करना जारी रखेगी, जैसा कि उन्होंने पिछले वर्षों में कई मौकों पर किया है? फिर अगला सवाल, यदि सेना वास्तव में अंतरिम सरकार का गठन करती है और कुछ अंतराल के बाद चुनाव कराती है, तो कौन से राजनीतिक दल नये चुनावों में भाग लेंगे? यह मुद्दा भारत के लिए महत्वपूर्ण है। अभी तक तो ऐसा लगता है कि शेख हसीना काफी समय तक अपने देश वापस नहीं आयेंगी। उनके बेटे ने लंदन में बीबीसी को बताया कि वे राजनीति छोड़ देंगी। हसीना के अधिकांश परिवार के सदस्य लंदन में हैं। वे 77 वर्ष की हैं।

निश्चित रूप से उनमें अवामी लीग को पुनर्जीवित करके नये शासकों से लड़ने के लिए अधिक राजनीतिक क्षमता नहीं बची है। यदि वे अंततः राजनीति छोड़ने का फैसला करती हैं, तो अवामी लीग (एएल) का क्या होगा? एएल की सुप्रीमो के रूप में, उनका वचन ही कानून था। वे अपने अनुयायियों के भरोसे पार्टी और सरकार दोनों पर प्रभावशाली तरीके से शासन करती थीं। उनमें से कई अब बदनाम और शक्तिहीन हो चुके हैं। सत्ता खोने के बाद, आवामी लीग के नेताओं पर प्रदर्शनकारियों द्वारा शारीरिक हमले किये जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश को बीएनपी और जमात के समर्थकों द्वारा उकसाया जा रहा है। अब जब वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, अपने जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, तो उनमें से कई अपने परिवारों के साथ भारत जाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में, आवामी लीग को फिर से कौन खड़ा करेगा, जो बांग्लादेश की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो वर्षों से भारत के साथ खड़ी रही है? संकेत बताते हैं कि आने वाले दिनों में, बीएनपी और जमात प्रमुख पार्टियां होंगी, क्योंकि वर्तमान में देश में आवामी लीग-विरोधी लहर चल रही है। बीएनपी ने पिछले चुनावों का बहिष्कार किया था। जमात को चुनाव अधिकारियों ने अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि जमात बांग्लादेश के संविधान के सिद्धांतों के भीतर काम करने के लिए सहमत नहीं थी। जमात का अपना पार्टी संविधान है जिसे वह सर्वोच्च मानता है। अब भी, स्थिति वही बनी हुई है। अगर जमात को चुनावों में हिस्सा लेना है तो उसे बांग्लादेश के मौजूदा संविधान का पालन करना होगा, नहीं तो जमात की भागीदारी के लिए बांग्लादेश के संविधान में संशोधन करना होगा। स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। एक और मुद्दा भेदभाव के खिलाफ छात्र समूह की भूमिका है। सोमवार को समूह ने कहा कि वे अंतरिम सरकार में सैन्य भागीदारी के पक्ष में नहीं हैं। वे नागरिक समाज संगठनों की भागीदारी चाहते हैं। क्या छात्र समूह के प्रतिनिधि सत्ता साझा करने में रुचि रखते हैं? यदि हां, तो किस रूप में यह समूह पहले ही कह चुका है कि अवामी लीग को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वे अवामी लीग के नेताओं और इसके पार्टी विंग के छात्र नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग कर रहे हैं, जिन्होंने प्रदर्शनों के दौरान उन पर हमला किया था।

इस तरह, बांग्लादेश में अब अवामी लीग और बाकी के बीच एक बड़ा विभाजन हो जायेगा। भारत के लिए, बड़ी चिंता का विषय बांग्लादेश में रहने वाले 130 लाख हिंदुओं की सुरक्षा है। बांग्लादेश की कुल आबादी करीब 1800 लाख है। देश में जब भी कोई भारत- विरोधी आंदोलन शुरू होता है, तो अल्पसंख्यक समुदाय हमेशा हमले का निशाना बनता है। हाल ही में हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों में निश्चित रूप से भारत-विरोधी भावना थी और अब शेख हसीना के जाने और अवामी लीग के विघटन के बाद हिंदुओं के असुरक्षित महसूस करने के कई कारण हैं। भारत सरकार का प्राथमिक कार्य हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अगर किसी कारण से पलायन शुरू हो जाता है, तो इसका कोई अंत नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी को सेना के साथ-साथ कुछ विदेशी देशों से बात करके हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, जो बांग्लादेश के नये शासकों को प्रभावित कर सकते हैं। यह इस समय भारत के लिए सबसे जरूरी काम है। इसके अलावा, भारत को यह भी देखना होगा कि सत्ता परिवर्तन के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय आर्थिक संबंध प्रभावित न हों। बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 12.9अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। बांग्लादेश को भारत का निर्यात कुल 11अरब अमेरिकी डॉलर है।

**विचार**

# बड़े जनजातीय नरसंहार के स्मरण का शोक दिवस

**प्रवीण गुगनानी**

**नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधुओं का अपना-अपना महत्व था। दोनों ही समाज अपने उत्पादनों व वृत्तियों के आधार पर परस्पर निर्भरता के सिद्धांत से जीवन यापन करते हुए वैदिक धर्म को ही भिन्न रूपों में माना करते थे। शिव उपासना वैदिक धर्म का एक अविभाज्य अंग रहा है जिसे वन कंदराओं में रहने वाले जनजातीय बंधुओं ने भी आगे बढ़ाया व नगरीय समाज ने भी। वेदों, शास्त्रों, शिलालेखों, जीवाश्मों, श्रुतियों, पृथ्वी के सरंचनात्मक विज्ञान, जेनेटिक अध्ययनों आदि के आधार पर जो तथ्य सामनें आते हैं।**

विदेशी शक्तियां भारतीय समाज को विखंडित करने के लिए मूलनिवासी दिवस का उपयोग कर रही हैं। नौ अगस्त, वस्तुतः पश्चिमी साम्राज्यवादियों द्वारा किए गए बड़े और बर्बर नरसंहार का दिन है। इस शोक दिवस को उसी पीड़ित व दमित जनजातीय समाज द्वारा उत्सव व गौरवदिवस रूप में मनवा लेने का षड्यंत्र है यह। आश्चर्य यह है कि पश्चिम जगत, झूठे विमर्श गढ़ लेने में माहिर छद्म बुद्धिजिवियों के भरोसे जनजातीय नरसंहार के इस दिन को जनजातीय समाज द्वारा ही गौरव दिवस के रूप में मनवाने कुचक्र में सफल हो रहा है। वस्तुतः 09 अगस्त का यह दिन अमेरिका, जर्मनी, स्पेन सहित समस्त उन पश्चिमी देशों में वहां के बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा पश्चाताप, दुःख व क्षमाप्रार्थना का दिन होना चाहिए। इस दिन यूरोपियन आक्रमणकारियों को उन देशों के मूल निवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए जिन मूलनिवासियों को उन्होंने बर्बरतापूर्वक नरसंहार करके उन्हें उनके मूलनिवास से खदेड़ दिया था और नगर छोड़कर सुदूर जंगलों में बसने को विवश कर दिया था। पश्चिमी बौद्धिक जगत का प्रताप देखिए कि हुआ ठीक इसका उल्टा। उन्होंने इस दिन का स्वरूप, मंतव्य व आशय समूचा ही उलटा कर दिया और आश्चर्य यह कि हम भारतीय भी इस थोथे विमर्श में फंस गए। इस इंडीजेनस डे का हमसे तो कोई सरोकार ही नहीं है। यदि जनजातीय दिवस मनाना ही है तो हमारे पास भगवान बिरसा मुंडा से लेकर टंट्या मामा भील तक हजारों ऐसे जनजातीय यौद्धाओं का समृद्ध इतिहास है जिन्होंने हमारे समूचे भारतीय समाज के लिए कई गौरवमयी अभियान चलाए और भारतमाता को स्वतंत्र कराने हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

जनजातीय व वनवासी समाज की प्रतिष्ठा, उसके रक्षण व विकास की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। प्रकृति पूजन हमें वेदों से प्राप्त हुआ जिसके प्रति नगरीय समाज की अपेक्षा जनजातीय समाज अधिक आग्रही रहा है। जनजातीय समाज रक्षण का पात्र नहीं अपितु शेष समाज का रक्षक भी रहा है यह तथ्य भी हमें प्राचीन भारतीय परम्पराओं व लेखन से मिलता है। मूल निवासी दिवस की चर्चा करें तो ध्यान आता है कि हमारी नर्मदा घाटी ही मानव प्रजाति की जन्मदाता रही है। नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधुओं का अपना-अपना महत्व था। दोनों ही समाज अपने उत्पादनों व वृत्तियों के आधार पर परस्पर निर्भरता के सिद्धांत से जीवन यापन करते हुए वैदिक धर्म को ही भिन्न रूपों में माना करते थे। शिव उपासना वैदिक धर्म का एक अविभाज्य अंग रहा है जिसे वन कंदराओं में रहने वाले जनजातीय बंधुओं ने भी आगे बढ़ाया व नगरीय समाज ने भी। वेदों, शास्त्रों, शिलालेखों, जीवाश्मों, श्रुतियों, पृथ्वी के सरंचनात्मक विज्ञान, जेनेटिक अध्ययनों आदि के आधार पर जो तथ्य सामनें आते हैं उनके अनुसार पृथ्वी पर प्रथम जीव की उत्पत्ति गोंडवाना लैंड पर हुई थी जिसे तब पेंजिया कहा जाता था। पेंजिया गोंडवाना व लारेशिया को मिलाकर बना था। गोंडवाना लैंड के अमेरिका, अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया एवं भारतीय प्रायद्वीप में विखंडन के पश्चात यहां के निवासी अपने-अपने क्षेत्र में बंट गए थे। जीवन का विकास सर्वप्रथम भारतीय दक्षिण प्रायद्वीप में नर्मदा नदी के तट पर हुआ जो विश्व की प्राचीनतम नदी है। मध्य प्रदेश के भीम बैठका में पाए गए पच्चीस हजार वर्ष पुराने शैलचित्र, नर्मदा घाटी में की गई खुदाई, तथा मेहरगढ़ के अलावा कुछ अन्य नृवंशीय एवं पुरातत्वीय प्रमाणों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत भूमि, विश्व के प्राचीनतम आदिमानव की कर्मभूमि रही है। यही आदिमानव वैदिक या सनातन संस्कृति के जन्मदाता थे। डॉ. शशिकांत भट्ट की पुस्तक नर्मदा वैली - कल्चर एंड सिविलाइजेशन में नर्मदा घाटी सभ्यता के विषय में में विस्तार से उल्लेख मिलता है। नर्मदा किनारे मानव खोपड़ी का पांच से छह लाख वर्ष पुराना जीवाश्म मिला है जो सनातन धर्म के सर्वाधिक प्राचीन धर्म होने के अकाट्य प्रमाण को वैश्विक पटल रखता है। पौराणिक ग्रंथों में जिस ÷रेवाखंड÷ शब्द का प्रयोग मिलता है नर्मदा संस्कृति की प्राचीनता को प्रकट करता है। इन सब तथ्यों के प्रकाश में यह प्रश्न उपजता है कि अंततः यह मूलनिवासी दिवस मनाने का चलन उपजा क्यों व कहां से ? वस्तुतः यह मूलनिवासी दिवस पश्चिम के गोरों की देन है। कोलंबस दिवस के रूप में भी मनाए जाने वाले इस दिन को वस्तुतः अंग्रेजों के अपराध बोध को स्वीकार करने के दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमेरिका से वहां के मूल निवासियों को अतीव बर्बरता पूर्वक समाप्त कर देने की कहानी के पश्चिमी पश्चाताप दिवस का नाम है मूल निवासी दिवस।

वस्तुतः इस मूलनिवासी फंडे पर आधारित यह नई विभाजनकारी रेखा एक नए षड्यंत्र के तहत भारत में लाई जा रही है जिससे भारत को सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भारत सामाजिक समरसता के नए आयाम गढ़ रहा है व अंग्रेजों व परिवर्तन कुछ भारत विरोधी तत्वों को रास नहीं आ रहा है। इस सकारात्मक परिवर्तन के वातावरण में जहर बोने का कार्य करते हैं कुछ भारत विरोधी व विभाजनकारी लोग। मूल निवासी दिवस के एजेंडे के पीछे बहुत से ऐसे विदेशी मानसिकता के लोग खड़े हो गए हैं व भारत के भोले भाले जनजातीय समाज के मन में विभाजन के बीज बो रहे हैं। इस पूरे मामले की जड़ बाबा साहब आम्बेडकर के धर्म परिवर्तन के समय दो धर्मों; इस्लाम एवं ईसाईयत में उपजी निराशा में व कम्युनिस्टों की सोच में है। ईसाईयत व इस्लाम धर्म नहीं अपनाने को लेकर बाबा साहब के विचार सुस्पष्ट रहे हैं, उन्होंने सस्वर कहा व लिखा कि उनके अनुयायी इस्लाम व ईसाईयत से दूर रहें।

# जब हिल गई ब्रिटिश सरकार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नौ अगस्त, 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी। उस समय दूसरे विश्व युद्ध में उलझे इंग्लैंड को भारत में ऐसे आंदोलन की उम्मीद नहीं थी। पूरी ब्रिटिश हुकूमत इससे हिल गई थी। 1857 के बाद देश की आजादी के लिए चलाए जाने वाले सभी आंदोलनों में 1942 का ये आंदोलन सबसे विशाल और सबसे तीव्र आंदोलन साबित हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा। इस आंदोलन ने देखते ही देखते ऐसा रूप ले लिया था कि अंग्रेजी सत्ता को दमन के सभी उपाय नाकाफी साबित होने लगे थे।

1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चौधरी, लेना प्रसाद, मांतिगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाई लाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित, अशफकाउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र साबित हो रहा था।

बापू के इस मंत्र का भी देशव्यापी असर पड़ा और यह नारा बाद में आजादी पाने का ध्येय मंत्र बन गया। इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। 9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था। 9 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकर्ताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अंग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया।



# राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# देहरादून का खाराखेत, जहां नमक कानून तोड़ा गया

**राम प्रताप मिश्र**




**उत्तराखंड के देहरादून जनपद के विकासनगर में स्थित है खाराखेत गांव। यह वही स्थान है जहां स्थित खाराखेत स्वतंत्रता आंदोलन का गवाह है। इन स्थानों से हमें राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा और पाथेय मिलता है। राष्ट्रवाद की यह भावना इसी बात का संकेत देती है कि अंग्रेजों के शासनकाल में नमक सत्याग्रह के माध्यम से पीढ़ी को जगाने का काम किया गया था। खाराखेत वह गांव है जहां गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्रता के संवाहकों ने अंग्रेजों का कानून तोड़ा था। इतिहास बताता है कि 20 अप्रैल 1930 को नून नदी के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश शासन को बड़ी चुनौती दी गई। स्वतंत्रता के प्रेमियों ने नून नदी के किनारे नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था। ऐसे महापुरुषों का नाम इतिहास में भले ही राष्ट्रीय फलक पर प्रचलित न हुआ हो लेकिन खाराखेत में एक शिलापट्ट पर उनके नाम अंकित है। देहरादून नगर से 18 किलोमीटर दूर खाराखेत में 20 अप्रैल, 1930 को अखिल भारतीय नमक सत्याग्रह समिति के नेतृत्व में स्वतंत्रता के पुजारियों ने नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था।**

जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी की यह पंक्तियां भले ही उर्दू अदब का हिस्सा हों लेकिन उस समय के सेनानियों के लिए निश्चित रूप से महत्वपूर्ण पंक्तियां है। स्वतंत्रता आंदोलन के अमर सेनानियों को पूरा राष्ट्र याद कर रहा है। चाहे 15 अगस्त का पावन पर्व हो या 26 जनवरी का। हमें ऐसे सेनानियों की याद बरबस आ जाती है जिन्होंने इस राष्ट्र के लिए अपना आत्मोत्सर्ग कर दिया। जिन सेनानियों के कारण हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं उन्होंने इस स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

इतिहस के दर्पण में यदि उत्तराखंड का आकलन किया जाए तो यहां के चप्पे-चप्पे से भारत की स्वतंत्रता का जुड़ाव है। कुछ स्थानों का स्ववतंत्रता आंदोलन से जुड़ाव है तो कुछ स्थान सम्राट अशोक के काल से जुड़े हुए है जहां कण कण में स्वतंत्रता की अलख जगती दिखती है। ऐसा ही एक स्थान है विकासनगर का खाराखेत। जहां नून नदी के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी गई थी। यह घटना 20 अप्रैल 1930 की है जहां स्वतंत्रता आंदोलन के सपूतों ने नमक बनाकर कानून तोड़ा था। ऐसे लोगों की स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका थी और उसी के बल पर हम सब आज पूरी तरह स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं। उत्तराखंड के देहरादून जनपद के विकासनगर में स्थित है खाराखेत गांव। यह वही स्थान है जहां स्थित खाराखेत स्वतंत्रता आंदोलन का गवाह है। इन स्थानों से हमें राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा और पाथेय मिलता है। राष्ट्रवाद की यह भावना इसी बात का संकेत देती है कि अंग्रेजों के शासनकाल में नमक सत्याग्रह के माध्यम से पीढ़ी को जगाने का काम किया गया था। खाराखेत वह गांव है जहां गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्रता के संवाहकों ने अंग्रेजों का कानून तोड़ा था। इतिहास बताता है कि 20 अप्रैल 1930 को नून नदी के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश शासन को बड़ी चुनौती दी गई। स्वतंत्रता के प्रेमियों ने नून नदी के किनारे नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था। ऐसे महापुरुषों का नाम इतिहास में भले ही राष्ट्रीय फलक पर प्रचलित न हुआ हो लेकिन खाराखेत में एक शिलापट्ट पर उनके नाम अंकित है। देहरादून नगर से 18 किलोमीटर दूर खाराखेत में 20 अप्रैल, 1930 को अखिल भारतीय नमक सत्याग्रह समिति के नेतृत्व में स्वतंत्रता के पुजारियों ने नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था। इसी अभियान में खाराखेत को पूरे देश में प्रसिद्धि दिलाई। खाराखेत में एक स्तंभ बना है जिसे गांधीजी का स्तंभ कहा जाता है। इस स्तंभ पर जिन सेनानियों के नाम अंकित है उनमें हुकम सिंह, अमर सिंह, रीठा सिंह, धनपति, रणवीर सिंह, कृष्ण दत्त वैद्य, नारायण दत्त, महावीर त्यागी, नरदेव शास्त्री, दाना सिंह, श्रीकृष्ण, नत्थू राम, ध्रुव सिंह, किशन लाल, गौतम चंद, चौधरी बिहारी लाल, स्वामी विचारानंद, हुलास वर्मा, रामस्वरूप, नैन सिंह, किरण चंद आदि के नाम शामिल है। इसे प्राकृतिक परिवेश का नाम दिया जाए या नमक कानून तोड़ने का परिणाम के आज भी खाराखेत में बह रही नून नदी का पानी खारा लगता है। देहरादून नगर से बाहर मसूरी पर्वतमाला की तलहटी में बसा, खाराखेत गांव आज भी छोटा गांव है। जहां लगभग 40 घर हैं। प्रकृति के सुरम्य वातावरण में बसा यह शांत गांव स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने वाला गांव रहा होगा कोई नहीं कह सकता। यहां का दैनिक जीवन किसी भी आम पहाड़ी गांव से अलग नहीं है। कुछ साल पहले तक, गांव पहुंचने के लिए लगभग दो किलोमीटर की चढ़ाई चढ़नी पड़ती थी और नून नदी की धारा को पार करना पड़ता था। नून पर पुल बनने और गांव की सीमा को छूने वाली कंक्रीट की सड़क बनने से यहां के गांव के लोगों का जीवन बेहतर होता दिख रहा है। औपनिवेशिक काल के दौरान यहां एक खास घटना घटी और इस घटना ने इस शांत गांव को इतिहास के पन्नों में एक अच्छी पहचान दिलाई।

खाराखेत गांव से नीचे आती नून नदी घाटी से नीचे की ओर बहती है। दांडी मार्च या नमक सत्याग्रह या दांडी सत्याग्रह एक अहिंसक सविनय अवज्ञा आंदोलन था जो राज सरकार के चंगुल से आज़ादी की लड़ाई पर केंद्रित था।

नमक पर ब्रिटिश सरकार द्वारा कर लगाया जाता था, जो उनके कुल राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत था। नमक एक ऐसी वस्तु थी जिसका प्रयोग हर कोई करता था और इसलिए इस पर केंद्रित विरोध का उद्देश्य एक आम उद्देश्य यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जनमानस के एक बड़े हिस्से को एकजुट करना था। दांडी मार्च (पैदल यात्रा) 12 मार्च 1930 से 06 अप्रैल 1930 तक चला , जिस दिन महात्मा गांधी ने दांडी में नमक बनाकर नमक कानून तोड़ा था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सपा प्रदेश सचिव ने संविधान मान स्तम्भ का किया शुभारंभ

**अखिलेश ने सरकार से की मांग, जातीय जनगणना कराई जाए ताकि पता चले कि समाज में किसकी कितनी जाती के लोग हैं**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व बुंदेलखंड प्रभारी समरथ पाल ने बुधवार के रोज सपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी की नीति व सिद्धांतों को लेकर चर्चा की। प्रदेश सचिव व बुंदेलखंड प्रभारी ने औपचारिक मुलाकात के दौरान बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन पर बुंदेलखंड के प्रत्येक जनपद में पहुँच पीडीए के लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है तथा पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतो के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आपने कहा कि विगत 26 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश कार्यालय लखनऊ से संविधान मान स्तम्भ का अनावरण किया था जिस परिप्रेक्ष्य में आज जिला कार्यालय महोबा में इसकी शुरुआत की गई। इसके अलावा आपने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जातीय जनगणना कराई जाए ताकि यह पता चल सके कि समाज में किसकी कितनी जाती के लोग हैं। जनगणना के आधार यह निश्चित हो सकेगा कि किसकी जितनी भागीदारी उसकी इतनी हिस्सेदारी। इससे समाज का कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित नही रह सकेगा।

इसके पूर्व सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव व बुंदेलखंड प्रभारी समरथ पाल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव,जिला उपाध्यक्ष शाहिद अली राजू, वरिष्ठ समाजसेवी व सपा वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार उर्फ लल्लू साहू, जिला पंचायत सदस्य अजनर प्रतिनिधि विनोद कुमार राजपूत, महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव मारुति साहू, सदस्य जिला पंचायत अजनर अर्चना राजपूत सहित एक दर्जन से अधिक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थाना चरखारी पुलिस ने आमजनमानस से की अपील

**महोबा।** सभी जनपद वासियों संभ्रांत नागरिकों ,जन सामान्य ,को अवगत कराना है कि आज नाग पंचमी के त्यौहार के उपलक्ष्य मे मां मदारन देवी मन्दिर मे विशाल मेला का आयोजन होता है। मां मदारन देवी मंदिर मे दर्शन करने के लिये जनपद महोबा सहित हमीरपुर ,बांदा ,जालौन ,मध्य प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिससे यहां पर काफी भीड़ एकत्र होती है। जिससे यातायात सुविधा प्रभावित होती है। काफी संख्या में ट्रैक्टर, ट्राली ,लोडर, भारवाहन पर अपने परिवार सहित महिलाओं बच्चों के साथ दर्शन करने, प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं। जैसा कि आप अवगत हैं कि विगत दिनों थाना खरेला अंतर्गत हुई ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना में कई लोग हताहत हुए थे।

# हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भा ज पा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने कहा कि 11 12 और 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन युवा मोर्चा के नेतृत्व में होगा, 13 14 अगस्त को महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता का कार्यक्रम पार्टी द्वारा किया जाएगा, 13 14 अगस्त को भारत माता के वीर सपूतों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि, 13 14 व 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता जन-जन से संपर्क करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केंद्रो पर हर घर तिरंगा फहराने हेतु लोगों से आग्रह करेंगे इनमें बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत रहे, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है इसलिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी, मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी है इसमें लाखों लोगों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

15 अगस्त को सरकारी, अर्धसरकारी, शिक्षण संस्थानों आदि स्थान पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पार्टी के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी संजीव श्रृंगऋषि, जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, अभियान के सह संयोजक संदीप तिवारी, महोबा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्त उपस्थित रहे। इसके बाद हर घर तिरंगा को लेकर जिला कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें प्रत्येक मंडल में संयोजक सहसंयोजक बनाए गए एवं तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा, महापुरुषों की प्रतिमाओं चौराहा और स्मारकों की साफ सफाई की योजना बैठक निश्चित की गई।

# साइकिल चालक को बचाने में भाई-बहन घायल, कराया भर्ती



**पनवाड़ी/महोबा समृद्धि न्यूज़।**

हरपालपुर राजमार्ग पर देवगणपुरा गेट के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए।

जिन्हें पनवाड़ी के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, बताया गया कि बाइक सवार निष्कर्ष शर्मा और उसकी बहन तृप्ति शर्मा हैं जो कि ऊरई निवासी है, उन्होंने बताया कि वो उरई से छतरपुर जा रहे थे तभी अचानक सामने एक साइकिल चालक के आ जाने से उसे बचाने में हमारी बाइक अनियंत्रित हो गई थी, और गिर गए थे, जिससे महिला बेहोश हो गई थी,जिसके बाद बच्चों को पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

# डीआईजी ने थाना श्रीनगर का वार्षिक निरीक्षण कर, दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह द्वारा जनपद के अपने 02 दिवस के भ्रमण एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत थाना श्रीनगर एवं थाना कोतवाली नगर महोबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्बन्धित थाने में स्वागत किया गया और सुसज्जित गार्ड द्वारा सलामी दी गयी तदोपरान्त वार्षिक निरीक्षण की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में थाना श्रीनगर एवं थाना कोतवाली नगर महोबा के वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाने के महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखो, अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, फ्लाईशीट, लंबित विवेचना, शस्त्रों के रखरखाव, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, बैरक, भोजनालय, स्नानागार की साफ-सफाई इत्यादि का विस्तृत मुआयना किया गया एवं अभिलेखों को अद्यावधिक किए जाने के निर्देश दिए गए।

थाना श्रीनगर एवं थाना कोतवाली नगर महोबा में सम्भ्रान्त व्यक्तियों साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस को अपराधियों की सूचना दिए जाने की अपील की गयी। ग्राम चौकीदारों से वार्ता कर उनके मनोबल को बढाया गया तथा उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हें छाता, टार्च, साफा तथा अंगवस्त्रों का वितरण किया गया। सम्बन्धित थाना प्रभारी व थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियो के साथ गोष्ठी कर थानाक्षेत्र में अपराध की रोकथाम हेतु सक्रिय अपराधियों एवं टाप टेन अपराधियों की नियमित निगरानी की जाये, बीट बुक को आरक्षीगण अद्यावधिक रखें तथा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहें, किसी भी तरह के अपराध की सूचना पर तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही की जाये इत्यादि आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। डीआईजी द्वारा पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कराये गए अतिथिगृह के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम्, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर नरेन्द्र प्रताप सिंह, वाचक सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित सम्बन्धित अधि./कम. मौजूद रहे।

# 10 से 14 अगस्त तक खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोलः सीएमओ



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसाराम द्वारा पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि 10 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जनपद में 1-19 साल के सभी बच्चों को समस्त स्कूल एंव आँगनवाडी केन्द्रों गैर- पंजीकृत और स्कूल न जाने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल की व समस्त स्कूल एंव आँगनवाडी केन्द्रों पर खिलाई जाएगी एंव 10 को छूटे हुये बच्चों को 14 अगस्त को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जनपद का लक्ष्य- 4,58,671 इकाई चरखारी- 81,374, जैतपुर- 93,260, कबरई- 13,60,39, पनवाडी 83,184 एंव महोबा अर्बन 64,814 निर्धारित है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जनपद के समस्त स्कूलों का लक्ष्य 1302 इकाईवार निम्नवत है चरखारी - 256, जैतपुर- 273, कबरई 370, पनवाडी 278 एंव महोबा अर्बन 125 निर्धारित है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जनपद के समस्त आँगनवाडी का लक्ष्य- 881 इकाईवार निम्नवत है चरखारी- 177, जैतपुर- 205, कबरई- 273, पनवाडी 193 एंव महोबा अर्बन 33 निर्धारित है।

## खबरें एक नजर में

### तहसीलदार व वकीलो में वार्ता के दौरान मामला सुलटा

**मौदहा,हमीरपुर।** अधिवक्ताओ व तहसीलदार के मध्य हुआ विवाद सुलझ गया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने एक पत्र जारी कर सभी अधिवक्ताओं से पूर्व की भांति काम में सहयोग करने की बात कही है। नगर के तहसील परिसर स्थित बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदयभान सिंह बताया कि बुधवार को अधिवक्ताओं और तहसीलदार के मध्य दाखिल खारिज सहित अन्य बिंदुओं पर जो बात बिगड़ी थी तो गुरूवार को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई वार्तालाप सफल रही और दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वादकारियों एवं अधिवक्ताओं के हितों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी और नियमानुसार अधिवक्ताओं अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलकर सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। वहीं बैठक के बाद दोनों पक्षो ने एक दूसरे को धन्यवाद अदा किया और महीने में एक बार संयुक्त बैठक करके भ्रांतियों को दूर करने एवं कार्यों का वादकारियों के हितों की रक्षा में कार्य करने की बात कही है। वहीं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार से अदालतों का कार्य पूर्व की भांति चलेगा जिसमें सभी अधिवक्ता गण सहयोग करेंगे।

### चार दिनों से जन औषधि केंद्र में पड़ा ताला




**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** जिला अस्पताल में चार दिनों से जन औषधि केंद्र में ताला बंद होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीज व तीमारदारों को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन मरीजों को जिला अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है मामले की भनक लगते ही सीएमओ ने जांच के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार द्वारा महोबा जिला अस्पताल में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सस्ते दामों पर दवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र खुलवाए गए थे। जिसके चलते मरीजों को जन औषधि केंद्र से सस्ते दामों पर दवाइयां मुहैया कराई जा रही थी मगर बीते चार दिनों से जन औषधि केंद्र में ताला डाल होने के चलते मरीज और तीमारदार परेशान हो रहे हैं मरीज व तीमारदारों ने जन औषधि केंद्र खुलवाए जाने की मांग की है। तो वहीं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

# भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिला प्रमुख महासचिव बने संतराम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा गुरवार को मुख्यालय में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां संगठन के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ और इसके साथ ही संगठन के द्वारा किसान हित की बात करने पर जोर दिया गया है। गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित श्याम पैलेस में भारतीय हालदार किसान यूनियन के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जहां जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के द्वारा जिले के समाजसेवी संतराम त्रिपाठी को संगठन के प्रमुख महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि यह संगठन किसान हितैषी है। किसान देश की रीढ होते हैं। अन्नदाताओं का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और कहा कि किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही हमारे संगठन का परम उद्देश्य है। इस मौके पर दीपक त्रिपाठी, आलोक शर्मा सुभाष चंद्र चौरसिया सौरभ गुप्ता शिवपूजन सिंहअरुण कुमार गुप्ता रजनीश द्विवेदी बराती लाल कुशवाहा समेत अन्य किसान मौजूद रहे हैं। इस मौके पर किसानों के द्वारा जय जवान जय किसान का नारा बुलंद किया गया है। और इस मौके पर जिला महासचिव संतराम त्रिपाठी ने कहा कि संगठन के द्वारा उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह इसका पूर्णता निर्वाहन करेंगे और किसानों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

# दबंगों ने मरघट की जमीन कब्जाई बाल मुड़वाने गये लोगों को भगाया

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**कब्जा मुक्त कराने की उठायी मांग**

मरघट की जमीन पर बाल मुंडवाने गए कुछ लोगों ने धर्म विशेष के लोगों पर दबंगई कर गाली-गलौज करने तथा मरघट की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है तथा मरघट की जमीन कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। नगर के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी जैनेन्द्र कुमार, संतोष कुमार ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बताया कि जब वह लोग गुरुवार की सुबह छिमौली मार्ग स्थित मरघट की जमीन पर बाल मुंडवाने गए थे तभी वहां इड्डा पुत्र हल्लू आ गया और वहां बाल मुंडवाने के लिए, मना किया और घर जाकर धर्म विशेष की कई औरतों को वहां भेज दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची औरतों ने बाल मुंडवा रहे लोगों को गाली.गलौज कर झगड़ा करने पर आमादा हो गईं। उपजिलाधिकारी को बताया कि जहां वह लोग बाल मुंडवा रहे थे वह जमीन मरघट की जमीन है और लोग जबरन वहां कब्जा किये हुए हैं जिससे लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेजकर कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि लोग वहां बालू का डंप करने के साथ मुर्गा काटने की दुकान भी किये हैं।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में दी गई जानकारी

**महोबा।** भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प के अंतर्गत दिनांक 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्ष वर्धन नायक के निर्देशानुसार आज कबरई में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर महोबा से मनोसामाजिक प्रभारीदाता पूर्णिमा और स्टाफ नर्स आशा द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी गई बाल सेवा योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1098,1090 साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# फर्जी प्लाट की बिक्री कर लाखो हड़पे, एएसपी ने दिये जांच के आदेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

फर्जी प्रापर्टी डीलर का काम करने वाले कई लोगो का गिरोह राठ कस्बे में सक्रिय है। जिसे लोगो को गुमराह कर ठगी का शिकार बनाया जा रहाहै इस मामले में पीडित ने एएसपी से शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक राठ कस्बा निवासी जगत सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा को बताया कि राठ निवासी ,अफरोज जो प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है, बृजलाल,रफीक,मुश्ताक आदिलोग जमीन को खरीद फरोख्त करने के नाम पर जमकर की ठगी कर रहे है। जगत सिंह लोधी का कहना है कि इन लोगो ने उसे प्लाट की फर्जी रसीद थमा दी। बाद में पता चला कि इन्ही लोगो ने यह प्लाट किसी और को विक्री कर चुके है।जब इस मामले में उन्हे आपत्ति की तो सभी लोगो ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। यही नही दो जुलाई को सभी लोग घर में घुस आये और शिकायत वापस करने की दबाव बनाया। अफरोज शिक्षक ही इस कार्य में मास्टर माइंड है। इन अराजकतत्वों को बचाने में जनप्रतिनिधियों का पूरा संरक्षण है। जिससे लोग शिकायत करने में घबराते है। जगत सिंह ने एएसपी को बताया कि फोन नंबर की सीडीआर निकलवाने में पूरी घटना का पर्दाफाश हो जायेगा।

# प्रशासको ने गांवों में खर्च किए सवा पांच करोड़, जांच शुरु

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**ग्राम प्रधानो के चुनाव होने के बाद शपथ होने के पहले एडीओ पंचायत बनाये गये थे प्रशासक**

तीन साल पहले ग्राम पंचायत चुनाव के बाद व प्रधानों के शपथ होने के बीच के समय की यानी बीस दिन में प्रशासकों द्वारा खर्च की गयी सवा पांच करोड़ रुपये की धनराशि की जांच शासन के आदेश से शुरु कर दी गयी है।

इससे एडीओ पंचायत व एडीओ एसआईबी कर्मियों में हड़कंप मच गया है। हरेक ब्लाक में जांच अधिकारी भी नियुक्त कर दिये गये है जो शीघ्र ही जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौपेंगे।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद पांच मई 2021 से 25 मई 2021 तक ग्राम प्रधानों की शपथ नही हुई थी इस समय पंचायतों का आहरण वितरण करने का काम एडीओ पंचायत व एडीओ एसआईबी ने किया था जिसमे केंद्रीय वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग से गोहांड ब्लाक में 64 गांव,कुरारा ब्लाक में 30 गांव,मौदहा ब्लाक में साठ गांव,मुस्करा ब्लाक में 33 गांव,राठ ब्लाक में 45 गांव,सरीला ब्लाक में 50 गांव, सुमेरपुर ब्लाक में 58 गांवों में करीब पांच करोड 25 लाख 98 हजार 112 रुपये की धनराशि खर्च की गयी थी। गोरखपुर से जनप्रतिनिधि ने शासन से शिकायत की है कि जब ग्राम प्रधान का चुनाव संपन्न हो गया था तो प्रशासकों को खर्च में रोक क्यो नही लगायी गयी और शासन के बजट का जमकर दुरुपयोग किया गया है। इस मामले में जांच होना चाहिये। शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुये मामले की जांच पूरे प्रदेश की करने के आदेश दे दिये है।

डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इसके लिये कुरारा ब्लाक के लिये जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी,सुमेरपुर ब्लाक के लिये डीडीओ, मौदहा ब्लाक के लिये श्रमायुक्त स्वतःरोजगार,,मुस्करा ब्लाक के लिये उपकृषि निदेशक,राठ ब्लाक में डीपीओ, गोहांड में डीपीआरओ,सरीला में पीडी डीआरडीए को जांच अधिकारी बनाया गया है। डीपीआरओ का कहना है कि शासन के आदेशानुसार जांच करायी जा रही है। उस समय प्रशासक नियुक्त किये गये थे प्रशासको ने यह बजट किस मद में खर्च किया है इसकी जांच गहराई से करायी जा रही है।

इधर तीन साल में कई एडीओ पंचायत कर्मी रिटायरमेंट हो गये है। उनकी जांच कैसी होगी क्या कार्यवाही होगी।

यह चर्चा की विषय बना हुआ है। प्रशासक अपने अपने बचाव का रास्ता खोजने में लगे है। ताकि वह अनियमितताओं की चपेट में न आ जाये क्योकि जिले में बीस दिन मे पांच करोड रुपये काबजट खर्च होना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नाली में हो रहा घटिया मैटेरियल का प्रयोग

**लोनिवि द्वारा निर्मित नाली में लगायी जा रही घटिया सामग्री**

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई जा रही छः सौ मीटर नाली में भी घटिया किस्म के ईंटों और बालू के साथ ही डस्ट का जमकर प्रयोग किया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी में पढोरी पुलिस चौकी से लेकर पासुन रोड तक सड़क के दोनों ओर छः सौ मीटर एक एक फीट की नाली का निर्माण लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया जा रहा है जिसमें सबसे घटिया किस्म के ईंटों के साथ ही डस्ट का जमकर प्रयोग किया जा रहा है इस बारे मे काम करा रहे बच्चीलाल ने बताया कि नीचे डस्ट डाला जा रहा है।

इतना ही नहीं एक साईड की बन चुकी नाली में प्लास्टर भी नहीं किया गया था और दूसरे साईड की नाली का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते बन चुकी नाली की ईंटे भी निकलना शुरू हो गई है। यहनिर्माण कार्य कभी भी ध्वस्त हो सकता है लाखो के बजट के हिसाब से बनी नाली में मसाला टूटने लगा है। इस सम्बंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आरके वर्मा का कहना है कि मामले की जांच करायी जायेगी।

# एक साल में क्लीनिक व पैथालाजी का नही किया नवीनीकरणः सीएमओ

**क्या जिले भर के पैथालाजी व क्लीनक चल रहे है फर्जी ?**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सुमेरपुर क्षेत्र के धुंधपुर गांव में झोलाछाप डाक्टर द्वारा इलाज के दौरान मरीज की हुई मौत के बाद अवैध क्लीनिक व पैथालाजी को लेकर बहस छिड़ गयी है।

सदर भाजपा विधायक ने इसके लिये सीएमओ को दोषी ठहराय है वही सीएमओ ने कहा कि जिले में एक पैथालाजी को छोड़कर उन्होंने किसी का भी नवीनीकरण नही किया है। न ही किसी क्लीनिक की नवीनीकरण किया गया है। जानकारी के मुताबिक गांव में मरीज हरी की झोला छाप डाक्टर के उपचार के दौरान हुई मृत्यु के बाद अवैध क्लीनिक व पैथालाजी का मामला उभर कर सामने आ गया है।

मरीज हरी के जोड़ो में दर्द था मगर डॉ. अलीम ने उसे बोतल लगा दी जब केश खराब हो गया तो उसने इलाज करने से साफ इंकार कर दिया। जिससे हरी की मृत्यु हो गयी। सीएमओ डॉ गीतम सिंह ने साफ कहा कि जब से वह आये तब से सिर्फ एक पैथालाजी का नवीनीकरण किया है यहा तक कि किसी क्लीनिक का नवीनीकरण नही किया है।

इसका मतलब है कि जिलें में सभी क्लीनिक व पैथालाजी अवैध संचालित है। यदि अवैध संचालित है तो इनको बंद क्यो नही कराया जा रहा है। सीएमओ का कहना है कि पैथालाजी में जांच के लिये कम से कम डाक्टर को एमबीबीएस होना अनिवार्य है तभी भी वह जांच कर सकता है। मगर जिले में एक भी पैथालाजी केंद्र में डिग्री होल्डर डाक्टर नही है। इसी लिये उन्होंने किसी का नवीनीकरण नही किया है। इसका मतलब फर्जी जाचं कर्ता लोगो के जीवन के साथ खिलवाड कर रहे है।



### सीएमओ के कारण सरकार की छवि हो रही है खराब-सदर विधायक

हमीरपुर। जानकारी होने पर भाजपा के सदर विधायक मनोज प्रजापति ने मौके पर जाकर जानकारी की उन्होने कहा कि सीएमओ डा गीतम सिंह के भ्रष्ट आचरण के कारण सरकार की छवि खराब हो रही है। जिले में अवैध क्लीनक व पैथालाजी संचालित है इसके लिये सीएमओ ही जिम्मेदार है। उन्होने कहा कि सीएमओ की साठ गांठ के कारण ही झोलाछाप डाक्टरो का मनोबल बढ़ा है। इस पर सीएमओ को ध्यान देना चाहिये। इधर सीएमओ का कहना है कि उन्होने किसी पैथालाजी व क्लीनिक का नवीनीकरण नही किया तो वह दोषी नही है।

### फर्जी डाक्टर के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

हमीरपुर। जानकारी होने पर डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार घटना स्थल जाकर जानकारी ली उन्होने बताया कि डा अलीम खान के पास कोई डिग्री नही है वह पैरा मेडिकल कालेज संचालित कर रहा है। वह पूरी तरह से फर्जी है इसके खिलाफ उन्होने सुमेरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। डॉ संजय कुमार का कहना है कि इसके बाद सुमेरपुर कस्बे में नेशनल क्लीनिक की जांच की जिसमे उसे नोटिस देकर जवाब मांगा गया है उसके पास भी कोई डिग्री व कागजात नही है।

# प्राण घातक हमले में घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**

**6 दिन** पूर्व हुए प्राणघातक हमले में घायल ट्रक चालक की गुरुवार को ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आक्रोशित परिजन गांव के सैकड़ो व्यक्तियों के साथ परिवार को आर्थिक सहायता व आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही को लेकर मकनपुर स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचकर और हंगामा करते हुए सड़क जाम करने का प्रयास शुरू कर दिया। कई घंटे तक चला यह धरना प्रदर्शन उप जिलाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया समाचार भेजे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि थाना लोनीकटरा के कर्मेमऊ गांव निवासी ट्रक चालक संजय यादव पुत्र प्यारे लाल यादव 35 वर्ष पर शनिवार की रात उस समय प्राण घातक हमला किया गया था जब वह बरामदे में चारपाई डालकर सो रहा था हमलावरों ने पहले धारदार हथियार से हमला किया और फिर भागने की कोशिश कर

- आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित हुए लोग, सड़क जाम करने की हुई कोशिश
- परिजनों में मचा कोहराम

रहे मृतक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया था जहां से गंभीर हालत के चलते हैं उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था जहां पर गुरुवार की भोर संजय यादव की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर घर आ रहे परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा शव को लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मकनपुर मोड़ के निकट रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया था सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष लोनी कटरा दौमित्र सेन रावत इसकी सूचना और उच्चाधिकारियों को देते हुए दलबल के साथ पहुंचकर मृतक की पत्नी सविता रावत एवं



प्रदर्शनकारियो को समझाने का प्रयास किया इसी दरमियान उप जिलाधिकारी मो0 शम्स तबरेज खान एवं पुलिस उपाधीक्षक हर्षित चौहान भी मौके पर पहुंच गए यही नहीं स्थिति को संभालने के लिए दो यूनिट पीएसी भी मंगा ली गई। पीड़ित परिजन को हर संभवत सरकारी मदद व आरोपी पर सख्त कार्यवाही किए जाने भरोसा दिलाते हुए परिजनों को शांत कराया । उल्लेखनीय हो की थाना लोनी कटरा क्षेत्र के अंतर्गत कर्मेमऊ मजरे लखौरा गांव निवासी संजय यादव पुत्र प्यारेलाल 35 वर्ष शनिवार की रात खाना खाकर अपने बरामदे में सो गए। उनके समीप सामने बिस्तर पर उनके दो छोटे बच्चे भी सो रहे थे।पत्नी व अन्य परिजन छत पर सो रहे थे। बताते है कि रात्रि लगभग 12 बजे अचानक सोते समय हमलावरों ने धारदार हथियार से उनके सीने व सिर पर वार पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सी एच सी त्रिवेदीगंज में प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रिफर किया गया था जहां पर उपचार के दौरान गुरुवार की दोपहर मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।अक्रोशित मृतक की पत्नी सहित गांव के अन्य लोग सड़क पर पहुंचकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद शाम को मामला बातचीत से हल हो गया ।एस डी एम मो शम्स तबरेज खां ने पीड़िता की बात सुनी और हर संभवत सरकारी व कानूनी सहायता दिलाने का आश्वाशन दिया। मृतक की पत्नी ने उपजिलाधिकारी को बताया कि पति संजय यादव की मौत के बाद उसके परिवार के सामने अब रोजी रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है क्योंकि मृतक की नौकरी से ही घर का खर्च चलता था यही नहीं परिवार पर 5 से 6 लख रुपए का कर्जा है मृतक की पत्नी ने बताया कि घटना के बाद से ही दोनों आरोपियों के पिता एवं माता द्वारा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है जिससे उनका परिवार दहशत में है। दोनों अधिकारियों ने कार्यवाही के साथ-साथ आर्थिक सहायता का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

# कांग्रेसियों ने सौंपा अपर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**कुश्ती** की स्टार खिलाड़ी विनेश फोगाट को ओलंपिक संघ द्वारा अयोग्य घोषित करने को साजिश बताते हुए इस पर विरोध को लेकर कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर अपर सिटी मजिस्ट्रेट अंकित दीक्षित के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा विनेश फोगाट फाइनल मैच में पहुंच चुकी थी परंतु एक दिन बाद ही अचानक से खबर आई की उन्हें मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।उनका इस प्रकार से मैच अयोग्य घोषित होना उनके खिलाफ गहरी साजिश प्रतीत होती है,जिसकी कांग्रेस पार्टी निष्पक्ष जांच की मांग करती है।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कि विनेश फोगाट को हताश होने की ज़रूरत नही है।वो देश की बेटी हैं,जो मेडल से बढ़कर हैं।उनका होना ही हमारे लिए गोल्ड है। इतिहास में विनेश फोगाट का नाम हमेशा सुनहरे



अक्षरों में लिखा जायेगा।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि पूरे विश्व ने विनेश को फोगाट के खिलाफ हुई साजिश को देखा। विनेश फोगाट देश की पहली बेटी है जिन्होने यहां तक का सफर तय किया है। पहले मैच में ही विश्व की नंबर एक और पिछली बार ओलंपिक विजेता को हराकर यहां तक का सफर पूरा किया।पूरे देश को विनेश फोगाट पर नाज है। आपका स्वागत एक विजेता की तरह होना चाहिए।ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक माधव प्रसाद, पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, महानगर अध्यक्ष सविता यादव, करण त्रिपाठी, बसंत मिश्रा, फ्लावर नकवी, रामेंद्र मोहन मिश्रा, अशोक कनौजिया, चंचल सोनकर, उमेश उपाध्याय, प्रवीण श्रीवास्तव व रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

- रक्तदान करना महादान के समान है: सीडीओ

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर रफी अहमद किदवई जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिये स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए । आपके द्वारा किये गए रक्तदान से किसी की जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना महादान के समान है। जिला रक्तकोष में प्रभारी/




अधिकारी रक्तकोष डॉ वी पी सिंह के निर्देशन में और किसान यूनियन गुट के जिलाध्यक्ष राम बरन वर्मा के नेतृत्व में एडवोकेट राहुल रावत, अब्दुल रहमान सैय्यद, महेंद्र व बबलू आदि ने रक्तदान किया। मुख्य विकास अधिकारी ने शहीदों की स्मृति में किये जा रहे इस महत्वपूर्ण रक्त दान शिविर में सभी जनपदवासियों एवं प्रबुद्ध लोगों से अनुरोध किया कि देश भक्ति के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सभी लोग बड़-चढ़ कर रक्त दान महा दान करते हुऐ प्रतिभाग करें। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डा0 बृजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 राजीव सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 राजेश कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक, ब्लड बैंक प्रभारी डा0 वी0पी0 सिंह, डा0 विरेन्द्र सिंह, परामर्शदाता निश्चेतक, राम बरन वर्मा, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, मो0 इस्माईल तहसील अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, राजकुमार वर्मा, हास्पिटल मैनेजर, विवेकानन्द त्रिपाठी, लैब टैक्नीशियन एवं बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी तथा किसान यूनियन के कार्यकर्ता एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा चोरों का गैंग सक्रिय एक सप्ताह में दूसरा हुआ चोरी

जैदपुर बाराबंकी। रात के अंधेरे नये ई रिक्शा मे सवार होकर आने वाले शातिर चोरों के गैंग द्वारा एक सप्ताह मे दूसरा ई रिक्शा बीती रात चोरी होने से ई रिक्शा चालको मे दहशत का माहोल बना हुआ है।बीती रात कस्बे के मोहल्ला अहिरान से अज्ञात चोर रात के अंधेरे में एक ई रिक्शा चुरा ले गये। पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व चोरी हुए एक विकलांग चालक के ई रिक्शे का अभी खुलासा नही हो पाया और बुधवार की रात कस्बे के मोहल्ला अहिरान निवासी आमिल पुत्र रहमत अली का ई रिक्शा यूपी 32 आरएन 7319 चार्जिंग हेतु घर के सामने लगा था।जिसे दूसरे ई रिक्शा पर सवार होकर आने वाले अज्ञात चोर उठा ले गये।रात के तीन बजे पीड़ित की पत्नी के देखने पर चोरी की जानकारी होने पर पूरा परिवार सुबह तक अपनी जीविका चलाने वाले ई रिक्शे को खोजता रहा।मगर शातिर चोरो का कुछ पता नही चला। जबकि आपपास लगे सीसीटीवी कैमरे से जानकारी मिली कि ये शातिर रात के पौने दो बजे एक नये ई रिक्शा पर सवार होकर तीन चार लोग आये और चार्जिंग पर लगे ई रिक्शे को चलाकर बांध चौराहे की ओर छोटी छोटी गलियो से गुजरते हुए फरार हो गये।पीड़ित आमिल ने जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले की जानकारी दी है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है। कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह ने बताया कि ई रिक्शा चोरी होने की सूचना मिली है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लगभग एक पखवारा पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए साइकिल सवार की आज लखनऊ स्थित अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ज्ञात हो कि 26 जुलाई की सुबह कोतवाली हैदरगढ़ के खमन खेड़ा मजरे लक्ष्मनगढ़ गांव निवासी सुंदर पुत्र सरजू अपनी पुत्री प्रीति को साइकिल पर बैठाकर दवा लेने के लिए थाना लोनीकटरा के बड़वल चौराहे पर गए हुए थे दवा लेकर वापस आते समय पीछे से आए मोटर साइकिल चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसकी वजह से पिता पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल पिता पुत्री को ग्राम प्रधान द्वारा एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया था ।यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था जहां पर गुरुवार को सुंदर की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पुत्र अरविंद कुमार ने गत 30 जुलाई को मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत करवाया था।

### फर्राटा पंखा में उतरे करंट से वृद्ध की हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बीती रात फर्राटा पंखा में उतरी करंट की चपेट में आकर 75 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। कोतवाली हैदरगढ़ की कुमेदान पुरवा मजरे अंसारी गांव निवासी स्व0 सूरजपाल पांडे की 75 वर्षीय पत्नी कृष्णा कुमारी पति की मौत के बाद अपने घर पर अकेली रहती थी। आज सुबह लगभग 8 बजे तक वृद्धा के घर से बाहर न निकलने पर पड़ोसियों द्वारा जब देखा गया तो घर के अंदर फर्राटा पंखा गिर पड़ा था और महिला बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरी पड़ी हुई थी। पड़ोसियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर उमंग वर्मा द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया ।इसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### अनियंत्रित हुई बाइक सवार महिला बच्चों सहित घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोठिया निवासी विपिन कुमार पुत्र विनोद कुमार मिर्जापुर गांव अपनी रिश्तेदारी मे एक महिला व बच्चो को लेकर बाइक से जा रहे थे।तभी ग्राम मचौची के पास सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में वह स्वयं सड़क पर गिर गए।जिसमे महिला व बच्चो को मामूली चोटे आई तो वही बाइक चालक विपिन कुमार को गंभीर चोटे आई है। वही घटना के बाद भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सड़क पर जा रही अब्दुल्ला ग्राम पंचायत सचिव शैलजा तिवारी ने दुर्घटना देखा तो रुक कर तत्काल इसकी सूचना एंबुलेंस को दिया तथा अपनी गाड़ी में रखा हुआ पानी घायल को पिलाया तथा काफी देर तक एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध न होते देख स्थानीय लोगो की मदद से तत्काल घायल को पिकअप से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर ले जाया गया।जहां पर डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया गया।वही हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ट्रांसफार्मर की चपेट आया मवेशी, मौके पर मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** ज़ैदपुर के मोहल्ला बड़ापुरा कब्रिस्तान के पास में स्थित ट्रांसफार्मर में करंट के आने से इसकी चपेट में एक मवेशी आ गया। जिसकी मौके पर भी मौत हो गई। वहीं ट्रांसफार्मर में करंट आने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल दिखाई दिया। वही बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर मरम्मत किया गया।हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बताया गया की ट्रांसफार्मर के बेहद करीब पहुंचने के कारण मवेशी की मौत हुई है।

### वांछित को पुलिस ने भेजा जेल

**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जैदपुर बाराबंकी।थाना जैदपुर पुलिस द्वारा गुरुवार को एक वांछित व्यक्ति को एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि जैदपुर पुलिस टीम ने गुरुवार को मु0अ0सं0- 49/2024 धारा 420/467/468/471 भादवि में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार नागर पुत्र शिवशंकर नागर निवासी ग्राम म्योरा मजरे रतनपुर थाना एलाऊ जनपद मैनपुरी को छंदवल मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 32 जी. जे. 5855 बरामद किया गया।

### सैम श्रेणी के 315 बच्चों के परिजनों को सप्ताह भर में गाय गोद दिलायें

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार उरई में आहूत हुयी। जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यो, योजनाओं यथा-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सैम श्रेणी के अवशेष 315 बच्चों के परिवारों का चिन्हांकन कर नागपंचमी से रक्षा बंधन (एक सप्ताह) में सभी परिवारों को एक-एक दुधारु गाय गोद दिलायी जाये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दुधारु गाय की सूची टैग नम्बर सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को तत्काल उपलब्ध करायें। सैम बच्चों के परिवारजनों को दुधारु गाय गोद दिलाने के अभियान में जो भी सीडीपीओ, मुख्य सेविका अच्छा कार्य करेंगें उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये जायेंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने बैठक कर तिरंगा यात्रा रैली की बनाई रणनीति




**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**भाजपा जिला** कार्यालय पर युवा मोर्चा की बैठक कर तिरंगा यात्रा रैली की तैयारियां की गई। बैठक में राहुल गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहें। हर घर तिरंगा की तैयारी बैठक में युवाओ को संबोधित करते हुए बताया कि 11 से 13 अगस्त तक युवा मोर्चा प्रत्येक विधानसभा में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन करेगा जिसमे हाथों में तिरंगा लेकर शहर कस्बो के प्रमुख मार्गो से होकर तिरंगा यात्रा निकलेगी लोगो के दिलो में देश भक्ति का जज्बा पैदा करेगी बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने बताया कि आगामी अभियान हर घर तिरंगा व तिरंगा रैली के लिए विधानसभा स्तर पर विधानसभा संयोजक व सह संयोजक की नियुक्ति की गयी है विधानसभा में होने वाली रैली की जिम्मेदारी पदाधिकारीयो को दी गयी है तिरंगा झंडा,डंडा की व्यवस्था कर ली गयी है तिरंगा रैली को पूरी भव्यता के साथ प्रमुख मार्गो से निकाला जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री/हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक संदीप गुप्ता, राजेश वर्मा, सर्वेश अवस्थी, अनुज वर्मा, सुधाकर सोनी, अंकित वैश्य, प्रमोद गोस्वामी, सूरज भान, विकास शुक्ला, हरिकेश, मधुकर तिवारी, दिनेश सिंह,राम जी सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# प्रधान पद पर दुर्गेश गौतम, बीडीसी पद पर रंजना ने जीता उपचुनाव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**विकासखंड** हैदरगढ़ की रीठी सिकंदरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई मतगणना में जहां प्रधान पद पर दुर्गेश गौतम ने विजय श्री हासिल की,वही क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के सीधे मुकाबले में रंजना देवी ने आशा देवी को हरा दिया। निर्वाचन अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग बाराबंकी सुभाष चंद्र की देखरेख में सुबह 8 बजे शुरू हुई मतगणना में पहले ही बक्से से बढ़त बनाने वाले भियामऊ गांव निवासी प्रधान पद के प्रत्याशी दुर्गेश गौतम ने आखिरकार लगभग 12 बजे समाप्त हुई मतगणना में 380 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम नेवाज 352 मत को 28 मतो से हरा दिया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में 671 मत पाने वाली रंजना देवी पत्नी छोटेलाल ने 454 मत पाने वाली आशा देवी पत्नी दयाराम को 217 मतो से हरा दिया। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से प्रधान का चुनाव जीते जयप्रकाश गौतम एवं अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित सीट से विजई हुई सीमा के असमायिक निधन के बाद रिक्त हुए पदों पर संपन्न हुए चुनाव में प्रधान पद के लिए 6 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे इन प्रत्याशियों में चेतराम को 286 रमेश को 81 रामखेलावन को 12 एवं माया देवी को 6 मत हासिल हुए वही 38 मत अमान्य घोषित कर दिए गए । मतगणना संपन्न होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर विजई प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतगणना के दौरान कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी एवं नायब तहसीलदार सीमा भारती जहां पूरे समय ब्लॉक परिसर में मौजूद रहे वहीं पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षित चौहान भी मतगणना स्थल पर पहुंचकर जायजा लेते नजर आए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता भी अपने कार्यालय में मौजूद रहकर पल-पल की खबर लेते देखे गए। वही विकास खंड त्रिवेदीगंज की जौरास ग्राम पंचायत के प्रधान गया प्रसाद यादव एवं कान्हूपुर की महिला प्रधान सुमन पाल की मौत के बाद हुए उप चुनाव में उनके पारिवारिक सदस्यों ने सीट पर पुनः कब्जा कर लिया। रविवार को संपन्न हुए मतदान में ग्राम पंचायत जौरास के 4287 मतदाताओं में से 2726 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था यहां पर मृतक ग्राम प्रधान के पुत्र राम बहादुर यादव एवं प्रतिद्वंदी गुरुदीन मौर्य के बीच सीधा मुकाबला हो रहा था। आज संपन्न हुई मतगणना में स्वर्गीय गया प्रसाद यादव के पुत्र राम बहादुर को जहां 1771 मतदाताओं का समर्थन हासिल हुआ, वही सीधे मुकाबले में गुरुदीन मौर्य को केवल 857 मत ही हासिल हो सके। इस तरह प्रतिद्वंदी को 914 मतों की करारी हार का सामना करना पड़ा। यहां पर 94 मत अवैध पाए गए। महिला के लिए आरक्षित ग्राम पंचायत कान्हूपुर के प्रधान पद के लिए मृतक प्रधान सुमन पाल की जेठानी शीला पाल के अलावा अनीता द्विवेदी, निशा पांडे एवं राजरानी द्वारा चुनाव लड़ा जा रहा था, परंतु शीला पाल एवं अनीता द्विवेदी के बीच हुए सीधे मुकाबले में शीला पाल 517 मत ने अनीता द्विवेदी 353 मत को 164 मतों के अंतर से हरा दिया। यहां पर भी 60 मत अवैध पाए गए। यहां पर भी सुरक्षा के मद्देनजर जहां कई थानों की फोर्स तैनात रही वहीं उपजिलाधिकारी मो0 शम्स तरबेज खां एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान को पूरे मतगणना के दौरान पैनी नजर रखते देखा गया।

# संजय सेतु पुल पर लगे सीसीटीवी कैमरे,जांच में मददगार साबित होगी तीसरी आंख

**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**संजय सेतु** से संदिग्ध अवस्था मे गायब हो जाने वाले लोगो की आये दिन पुलिस और एसडीआरएफ की टीमे गोताखोरो के साथ तलाश किया करती है।लेकिन अधिकतर मामलो मे गायब हुआ व्यक्ति नदी में कूदा है कि किसी घटना दुर्घटना का शिकार हुआ है इसकी भनक तक नहीं मिल पाती है।परिजन नदी के पुल पर मिली बाइक मोबाइल फोन अथवा उक्त व्यक्ति से सम्बंधित सामान प्राप्त कर यह संतोष कर लेते है कि वह नदी के आगोश में समा गया है।अब सही क्या है इस बात की जानकारी के लिये यहां पर पुल के दोनो ओर यदि तीसरी आंख की मदद ली जाय तो काफी हद तक सही तथ्यो से पुलिस के अवगत हो जाने के साथ एक बड़ी समस्या से छुट्टी पा सकती है।मालूम हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी के अन्तर्गत सरयू नदी के पुल से संदिग्ध परिस्थितियो में आये दिन



व्यक्तियो के लापता होने की घटनाये घंटा करती है।ऐसी घटनाओ की जानकारी तब हो पाती है जब लापता व्यक्ति की मोटरसाइकिल,फोन,कपड़े आदि पुल से बरामद होते है।इसके बाद पुलिस असमंजस की स्थिति मे सरयू नदी मे उक्त व्यक्ति की तलाश करती है।अधिकतर मामलो मे तमाम प्रयासो के बावजूद पुलिस के हाथ खाली रह जाते है।वही संदिग्ध हालत में पुल से लापता होने वाले व्यक्ति के परिजनो के मन में भी तरह-तरह के विचार उठते रहते है यदि पुल पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिये जाएं तो व्यक्ति के संदिग्ध हालातों में गायब होने के मामले में संजय सेतु के आसपास से बरामद होने वाली वस्तुएं कौन डाल गया है जिसकी जानकारी कैमरो की बदौलत साफ हो सकती है।जिससे असमंजस की स्थिती से निजात मिल सकती है।अभी विगत 16 जुलाई को अपने ननिहाल में रह रहा युवक सरयू नदी के पुल से अचानक लापता हो गया।पुल के ऊपर उसकी बाइक एवं मोबाइल फोन मिलने से युवक के नदी में छलांग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है।इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार पांडेय ने बताया सुनील शर्मा पुत्र गोविंद बड़नपुर के फिरोजपुर मे अपने नाना लक्ष्मी नरायण के यहां बचपन से रहता था चाऊमीन बर्गर का ठेला लगाता था। मंगलवार की शाम घाघरा पुल पर उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व कपड़े रखे पाए गए।जिससे प्रतीत हो रहा है कि युवक घाघरा नदी मे कूद गया है।गोंडा जिले मे देवस्थान बटौरा बाबा मे दुकान लगाने को बता कर घर से निकले व्यक्ति की बाइक कपड़े व दुकान का सामान संजय सेतु के निकट बरामद हुआ है।जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही।पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम लोधौरा निवासी नीरज वर्मा पुत्र रमेश वर्मा की महादेवा में कॉस्मेटिक की दुकान है आज सुबह मंगलवार को जनपद गोंडा के बटौरा बाबा के स्थान पर दुकान लगाने के लिए कॉस्मेटिक का सामान लेकर गया था। देर शाम एक लावारिस बाइक पर रखे कपड़े और दुकान का सामान संजय सेतु के निकट होने की जानकारी पर पहुँची पुलिस ने खोजबीन की तब परिजनो ने बाइक व सामान की पहचान करते हुए। युवक के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।जागरुक जनों का कहना है कि यदि पुल के दोनों ओर तीसरी आंख का पहरा हो तो बड़ी बड़ी घटनाओ का पर्दाफाश होना तय है।जागरूकजनो ने पुल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने की मांग की है।

## डीएम एसपी ने बाढ़ प्रभावित गांव का किया दौरा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ तहसील रामनगर के बाढ़ प्रभावित गांव बबुरी मजरे सरसंडा का दौरा किया। सरयू नदी की कटान से इस गांव के अस्तित्व पर संकट आ गया है। ग्रामीणों सहित हलका लेखपाल ने बताया कि 55 घरों के इस गांव में अबतक 29 मकान सरयू नदी की तेज कटान में गिर गए/समा चुके है, लोग अपने परिजनों व जानवरों को लेकर सुरक्षित स्थान की तलाश में है। डीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार रामनगर सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों व उनके जानवरों के लिये लिये समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी के खाने पीने व उनके जानवरों के लिये भूसे आदि की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है।

# विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का करें प्रचार- प्रसारः डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रचार- प्रसार बृहद स्तर से किया जाए। प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले चौपाल में कैंप के माध्यम से फॉर्म भरकर राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लाभार्थियों को दिया जाए। पंपलेट, बैनर, पोस्टर का भी वितरण किया जाए जिसमें सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो। छात्र वृत्ति वितरण के अंतर्गत कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, सभी स्कूलों का डाटा सही होना चाहिए। हाजी नगर पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की संख्या 68 है। वृद्ध जनों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो वृद्ध जनों के बच्चे देख-रेख नहीं कर रहे हैं, उन्हें परेशान कर मारपीट कर रहे हैं। एक कमेटी बनाई जाए जिससे ऐसे लोगों पर कार्रवाई समय से कर सके जिससे वृद्धजनों को किसी प्रकार की निराशा ना रहे। वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा हेतु वाहन की व्यवस्था की जाए एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आंख के इलाज पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शिक्षकों का चयन बेहतर से बेहतर किया जाए, जिससे जो बच्चा जिस कोर्स की तैयारी कर रहा है उसे शिक्षा अच्छी मिल सके। उन्होंने जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अधिक से अधिक आवेदन कराए जाएं और 444 लंबित आवेदनो का निस्तारण समय से किया जाए। यदि किसी लाभार्थी को जो धनराशि सेंशन करते हैं तो उन्हें एसएमएस, फोन आदि के माध्यम से सूचना दी जाए। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) पर विशेष ध्यान दें, जिला संचालन समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन 734 हैं। तहसील/ विकासखंड स्तर पर 55 आवेदन लंबित है उनका निस्तारण समय से किया जाए। ओ लेवल/ सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# एनसीसी भर्ती के लिए हुआ फिजीकल व लिखित परीक्षा

- एनसीसी कैडेट्स को 'सी' सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़


कैडेट को सर्टिफिकेट प्रदान करते सीओ सतेंद्र सिंह

**4 यूपी** गर्ल्स बटालियन फतेहगढ़ की ओर से गुरुवार को गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में एनसीसी कैडेट्स प्रथम वर्ष के लिए फिजिकल व लिखित परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें %ए% सर्टिफिकेट के लिए अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। 4 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन फतेहगढ़ के सीओ सतेंद्र सिंह दहिया, जीआईसी गीतांजलि, सूबेदार मेजर मनोज कुमार, योगेश ने उपस्थित विद्यार्थियों को अनुशासन एकता के बारे में विस्तार से बताया। भविष्य में एनसीसी से होने वाले लाभ के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसीक्रम में सीओ सतेंद्र सिंह दहिया ने साक्षी तिवारी, आध्या दुबे, कौशकी, मानशी तिवारी, रागिनी गिहार, सुरभि, शिवानी को एनसीसी कैडेट्स को ÷सी÷ सर्टिफिकेट प्रदान किया। सीओ ने कैडेट्स की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीटीओ डॉ पल्लवी ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी के अनुशासन व निष्ठा के महत्व से अवगत कराया। महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ रजनीकांत व प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति सहित समस्त स्टाफ ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# खबरें चलते-चलते

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत, दो घायल

**तिर्वा।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ईंटखारी गांव के निकट शुक्रवार की शाम चार बजे के करीब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलो का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। कानपुर जनपद के चैबेपुर थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव निवासी रमेश चन्द्र (55) पुत्र बनवारी लाल तिर्वा कस्बे के इन्द्रानगर मोहल्ला निवासी तरूण कुमार गुप्ता पुत्र शिवकुमार व शिवा पुत्र संतोष के साथ अपनी बाइक से खैरनगर जा रहे थे। जब उनकी बाइक तिर्वा-खैरनगर रोड पर ईंटखारी गांव के सामने पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने रमेश चन्द्र को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल तरूण व शिवा का इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों के आने पर शव का भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। उधर घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं हुई है।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी श्रीनाथ पुत्र पुत्तू लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार के दोपहर वह अपने घर में था तभी परिवार के ही पवन कुमार उर्फबबलू आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।

## कोर्ट के आदेश पर सात पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 29 जून की रात्रि 09 बजे वह अपने घर में थी तभी गांव के ही दौलतराम, छविराम, मुकेश, राधे, सुभि, विटोली, उषा आए और घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगे उसके व उसके पति द्वारा मना करने पर उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम डुंडबा बुजुर्ग निवासी आयशा पुत्री गफ्फार खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 25 जुलाई की सुबह वह अपने मायके में थी तभी पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना तिकोना चौकी निवासी पति सोहेल, ससुर एजाद, सास आशा, देवर एखलाख व मुबारक खान, ननंद खुशबू एवं सलमा आए और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सपा छात्रसभा के रामानंद बने नगराध्यक्ष

**कोंच (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के सहयोगी संगठन छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने जिलाध्यक्ष पद पर कोंच के पार्टी कार्यकर्ता रामानंद कुशवाहा को मनोनीत किया है। बीते रोज पार्टी मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष ने रामानंद को मनोनयन पत्र सौंप कर उनसे संगठन को मजबूत कर छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने के निर्देश दिए। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कोंच नगर अध्यक्ष और पालिका सभासद अमित यादव सहित कई युवा नेता साथ रहे।

# छात्रा के सुसाइड मामले में पुलिस ने प्रेमी को किया गिरफ्तार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़



**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली कन्नौज क्षेत्रांतर्गत एक लड़की के सुसाइड की घटना में प्रकाश में आए अभियुक्त राजू पुत्र पृथ्वीराज निवासी कछपुर्वा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बीते 25 जुलाई को सन्तोषी पत्नी सतीश निवासी ग्राम- कछपुर्वा ने थाने पर सूचना दी कि उसकी पुत्री ने गांव के बाहर नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर तत्काल थाना कन्नौज पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण फील्ड यूनिट द्वारा किया गया। तो ज्ञात हुआ कि अपने घर से मॉडल स्कूल जसोदा गई थी। देर शाम तक घर वापस नहीं आई। इसके संबंध में सन्तोषी पत्नी सतीश ने थाना कोतवाली कन्नौज ने प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। मृतिका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें मृतिका के शरीर पर अन्य कोई चोट के निशान नहीं थे। पोस्टमार्टम के बाद मृतिका के शरीर को परिवार को सुपुर्द किया गया था। तथा परिजनों द्वारा मृतिका का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने गुरुवार को गोवर्धनी तिराहा जलालपुर पनवारा से अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। अभियुक्त राजू ने बताया कि मैं अपने गाँव कछपुर्वा की रहने वाली मृतिका को भली भांति जानता हूँ। वह मेरी दोस्त थी। जिससे मैं पिछले करीब 5 माह से फोन पर बातचीत करता था। 24 जुलाई को मेरी उससे फोन पर बात हुई थी। जिसके बाद वह अचानक मुझसे मिलने दिल्ली आ गयी। जब मैं आनन्द बिहार स्टेशन पहूँचा तो वह खड़ी रो रही थी। उसने मुझे बताया कि मैं घर से नाराज होकर घर छोड़ आई हूँ। तथा मेरे साथ रहेगी और मेरे साथ शादी करने की जिद करने लगी तो मैने कर दिया था। जिसे लेकर रात में ही बस से कन्नौज आया और उसे गाँव के बाहर छोड़कर वापस दिल्ली चला गया। उसके बाद से उसका फोन बन्द हो गया। इसकी जानकारी मैंने न तो मृतिका के परिजनों को दी। न ही अपने परिजनों को दी। मैं दिल्ली पहुँचा तो जानकारी हुई कि उसने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण की मौत

- कानपुर में उपचार के दौरान हुई मौत

तिर्वा। समृद्धि न्यूज


फाइल फोटो मृतक ग्रामीण

**सौरिख** से बाजार करके वापस आ रहे एक ग्रामीण को छह दिनों पहले एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। बुधवार की शाम को कानपुर में उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सौरिख थाना क्षेत्र के रौसेन गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र हरिराम गत 02 अगस्त को अपनी साइकिल से सौरिख बाजार करने गए थे। देर शाम बाजार से वापस लौटते समय रास्ते एक बाइक चालक ने उनके टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद उनको कानपुर रेफर कर दिया गया था। बुधवार की शाम कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरूवार की दोपहर शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# भाकियू (अवधेश) ने किया संगठन का विस्तार



छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर में** विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में हुई भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की संस्तुति पर पूर्व सैनिक अखिलेश दुबे को सैनिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने अखिलेश दुबे को निर्देशित किया कि 15 दिन में अपनी कार्यकारिणी का गठन कर लें। इस दौरान प्रदेश सचिव गोपाल दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष लालू यादव, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली रमेश चंद्र यादव एडवोकेट, मंडल संगठन मंत्री प्रमोद यादव, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष आगरा पिंटू भदौरिया, कुलदीप दुबे, आशीष सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष, आशीष भदौरिया जिला संगठन मंत्री, सुरेश चंद दुबे मंडल उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष कन्नौज अनुज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब पीकर ग्रामीणों से मारपीट कर किया पथराव

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**शराब के** नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली, गलौज व मारपीट करने एवं रोकने पर पथराव किए जाने की शिकायत पीड़ित ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी हिमांश तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही बृजेश बुधवार की रात करीब आठ बजे शराब के नशे में उसके घर के सामने खड़े होकर गांव में निकलने वाले लोगों के साथ गाली, गलौज कर रहा था। यदि कोई कुछ कहता तो उसके साथ मारपीट कर देता। काफी देर तक उसका यह रवैया देखकर जब उसने उसे रोका तो वह नाराज होकर उसके साथ भी गाली, गलौज कर पथराव करने लगा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यातायात पुलिस ने ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान, दी हिदायत

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़


चालक का ब्रेथ एनालाइजर से जांच करते यातायात प्रभारी आफाक खां

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने सरायमीरा क्षेत्र में सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कई वाहन ओवरलोडिंग करते हुए पाए गए। जिनके चालान किये गए। एक मैजिक में 16 सवारियां बैठी पाए जाने पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालक का चालान करते हुए। चेतावनी देकर छोड़ा गया। मैजिक चालक ने अपनी सीट पर ही एक सवारी को बैठा रखा था। जिस कारण चालक खुद नहीं सही से बैठ पा रहा था। वही एक टेंपो (विक्रम) चालक नशे की हालत में खतरनाक ढंग से वाहन चला रहा था। जिसको रोक कर ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेक किया गया। तो पाया गया कि बहुत अधिक नशे की हालत में है। जिसको यातायात प्रभारी द्वारा कोतवाली कन्नौज में निरुद्ध कर दिया गया। वहीं यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# सपा नेताओं ने शहर की बिजली समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**सपा के** सयुस प्रदेश सचिव राशिद फारुकी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता ने शहर की बिजली समस्या को लेकर एक ज्ञापन बिजली घर पहुंच कर अधिशासी अभियंता को पाच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा नगर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। नगर में बिजली आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है जिससे लोगों में इस उमस भरी गर्मी में नगर के लोगों को काफी बेचैनी हो रही है जिससे लोग बीमार हो रहे हैं! बिजली ट्रिपिंग हर दस मिनट में हो रही है ट्रिपिंग बंद हो! बिजली बिल के नाम पर विभाग में हो रही लूट बंद होनी चाहिए! बिजली उपभोक्ताओं के क्षमता से अधिक बिल भेजे जा रहे हैं बिल सही कराने के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण बंद हो! वक्त वक्त पर बिजली चली जाती है और गर्मी का मौसम है इससे जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, आपसे आग्रह है कि बिजली की पर्याप्त आपूर्ति कराएं ताकि लोग चैन की सांस ले सकें, हम सब लोग समझते हैं कि आप इन सभी ऊपर दी गई समयाओं पर ध्यान देंगेऔर सभी समास्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सोपा इस मौके पर सपा कार्यकर्ता शकील शेख मेजर यादव संतोष गुप्ता आदि लोग मे मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की समीक्षा बैठक की, दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गंगा एक्शन प्लान के अन्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु लाभार्थियों द्वारा प्राप्त 352 आवेदनो का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र किया जाये। उन्होने कहा कि गंगा के किनारे बसे ग्राम पंचायतो का गंदा पानी गंगा नदी में जाने से रोकने के लिए गांवों में सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान बनाया जाये और वाटर डिस्चार्ज एवं सोख टैंक बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। गांव में जो नालिया बनायी जाये, समतलीकरण होने के साथ सही दिशा में होनी चाहिये। नालियां बनाते समय बीच-बीच में चेम्बर बनाकर छन्नी लगायी जाये, जिससे पानी छनकर सोख टैंक में जा जाये। जिस कार्य में जो पैसा खर्च हो उसका लाभ मिलना चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे गांव जो साफ सुथरे होने की स्थिति को बनाए रखने के अलावा कचरे के प्रबंधन का इस्तेमाल करता है ओडीएफ प्लस गांव की श्रेणी में आते हैं। गांव को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाये जाने के जो उद्देश्य हैं, उसी क्रम में चरण वाइज कार्य करें। कन्वर्जन व अन्य योजनाओं के माध्यम से इस पर कार्य किया जाये। ओडीएफ प्लस संबंधी समस्त कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण किये जायें। कार्य का समय निश्चित करें, कायटेरिया क्या है, उसके बिन्दुवार प्रोफार्मा बना लें। प्रत्येक दशा में गांव में स्वच्छता दिखनी चाहिये। अनावश्यक पैसा बर्बाद न किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवीन लक्ष्य 13813 पात्र लाभार्थियों के शौचालय निर्माण हेतु प्रथम/द्वितीय किश्त की धनराशि समय से निर्गत की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# उपचुनाव में स्व. प्रधान नूर मोहम्मद के पुत्र की हुई जीत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**उप चुनाव** में स्व0 प्रधान पुत्र ने 6 वोटों से जीत कर अपने प्रतिद्वंदी चंदन श्रीवास्तव को पराजित कर दिया। उन्होंने सभी ग्रामीणों का हृदय से आभार व्यक्त किया। आरओ ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र के गांव अभयपुर में 6 अगस्त को प्रधानी का उप चुनाव हुआ था। जिसमें पांच प्रत्याशी मैदान में थे। गुरुवार को मतगणना हुई। जिसमें स्वर्गीय प्रधान नूर मोहम्मद के पुत्र मोहम्मद सनी को 213 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी चंदन श्रीवास्तव को 207 वोट मिले। तीसरे नंबर के प्रत्याशी को 193 वोट मिले और चौथे नंबर के प्रत्याशी राम मनोहर को 181 वोट, पांचवें नंबर पर देवेश सिंह को मात्र 52 वोट ही मिले। ग्राम पंचायत की टोटल वोटिंग 1247 है। जिसमें से 846 वोट पड़े। जीत होने के बाद में प्रधान पद के प्रत्याशी मोहम्मद सनी ने ग्रामीणों को हृदय से आभार व्यक्त किया। आशा करता हूं कि सभी की उम्मीद पर खरा उतरूंगा। इसके बाद आरओ प्रवीण कुमार तथा खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने मोहम्मद सनी को जीत का प्रमाण पत्र दिया। बताते चलें कि मोहम्मद सनी का पूरे गांव में एक मात्र मुसलमान के नाम पर अकेला घर है। जिसमें केवल 5 वोट है। उसके बावजूद भी लगातार तीसरी बार उन्होंने पंचायत चुनाव में जीत दर्ज की, जबकि इससे पहले उनके पिता स्वर्गीय नूर मोहम्मद दो बार जीत दर्ज कर प्रधान रह चुके हैं।



मोहम्मद सनी को जीत का प्रमाण देते आरओ — समृद्धि न्यूज

## पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त चार महिलाएं व दो पुरुष पकड़े

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस में आज बबना तिराहे से देह व्यापार संलिप्त 4 महिलाओं को पकड़ लिया। उनके साथ दो युवकों को भी पुलिस ने मौके पर पकड़कर थाने ले गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद पुलिस के साथ मौजूद रहे। बताया जाता है कि काफी दिनों से बबना तिराहे पर देह व्यापार की सूचना पुलिस को मिलती रही, लेकिन कानूनी अड़चन के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती। जिसके चलते उक्त देह व्यापार का धंधा काफी फल फूल रहा था। एक सप्ताह में दो बार लगातार दविश के चलते क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन कानूनी प्रक्रिया की जटिलता के चलते पुलिस ने चारों महिलाओं और दोनों पुरुषों को 294 आईपीसी में गिरफ्तारी दिखाकर थाने से ही 6 लोगों को जमानत दे दी। कस्बा इंचार्ज गिरीश कुमार ने बताया है कि यह चार महिलाएं और दो पुरुष राह चलते लोगों से अश्लील इशारे कर रहे थे।

# एआरटीओ ने डग्गामार बस को पकड़कर किया सीज

▸ 45 हजार लगाया जुर्माना, बोले जारी रहेगा अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एआरटीओ तथा** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम ने संयुक्त रुप से चेकिंग अभियान चलाकर एक डग्गामार बस को पकड़ लिया। उस पर 45 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। बाद में बस को सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह के निर्देशन में अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम राजेश कुमार की टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग करते हुए एक बस को पकड़ा गया। बस जयपुर से फर्रुखाबाद तथा हरदोई की सवारियां ले जा रही थी। बस में निश्चित सीट क्षमता से अधिक सीट लगी पाई गईं। बस को पकड़कर उत्तर प्रदेश रोडवेज बस अड्डे पर सीज कर दिया गया तथा उस पर 45000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी टीम द्वारा कल भी जयपुर से सवारी लाने वाली एक बस को सीज किया गया था तथा उस पर भी रूपये 30000 का जुर्माना लगाया गया था। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



बस को सीज करते अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# बाइक फिसलने से दो घायल



सीएचसी में उपचार के दौरान घायल — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**बाइक फिसलने** से दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जनपद बदायूँ के थाना उसैत क्षेत्र के गॉव सतरा निवासी आशीष उम्र 26 वर्षीय पुत्र महावीर अपने साथी दीपचन्द्र उम्र 25 वर्षीय पुत्र राजवीर निवासी सिकन्दरपुर तिहैया थाना कम्पिल बाइक द्वारा अपनी बहन सुष्मा के यहाँ अपजाल नगला जनपद कासगंज गये थे। वहाँ से वापस लौटते समय जैसे ही वह कमरूददीन नगर के निकट पहुँचे, तभी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए प्रचार वाहनों की डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फाइलेरिया रोग** से बचाव के लिए प्रचार वाहनों को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार ने हरी झंडी प्रचार वाहनों को रवाना किया। यह प्रचार वाहन गांव-गांव जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के प्रति ग्रामीणों को जागरुक करेंगे। जिससे फाइलेरिया रोग से बचा जा सके। फाइलेरिया अभियान 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा। जिसमें गांव-गांव, घर-घर जाकर आशा बहुएं व स्वास्थ्यकर्मी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलायेंगीं। दवा खिलाने के बाद दवा खाने वाले व्यक्ति के कूल्हे पर पहचान के लिए निशान लगाया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 1 साल से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी खास कीड़े की वजह से फैलती है। जो 15 साल बाद बाहर आता है। सरकारी अस्पतालों समेत निजी अस्पतालों में भी फाइलेरिया की दवा खिलायी जायेगी।



हरी झंडी दिखवाते डीएम व सीएमओ आदि — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## आठवीं कावड़ यात्रा करेगी गोला गोकर्णनाथ में भोलेनाथ का जलाभिषेक



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** ढाईघाट गंगा नदी तट पर ग्राम सुल्तानपुर बरझाला कायमगंज से आठवीं बार कावड़ यात्रा लेकर भक्त पहुंचे। गंगा में स्नान कर गंगा जल भरा और बम-बम भोले के जयकारे लगाये। जनकारी के अनुसारप ग्राम सुल्तानपुर से आए हुए शिव भक्तों ने बताया है हम लोग आठवीं बार जा रहे हैं। जिसमें अमित गंगवार, मोहित शर्मा, रघुवीर गंगवार, अंकुर गंगवार, अंशुल शर्मा, प्रिंस शर्मा, गोलू श्रीवास्तव, नन्हें शर्मा, पंकज गंगवार, ऋषभ गंगवार के साथ लगभग 70 शिव भक्त ग्राम वासियों की संख्या होगी। किसी अनहोनी घटना के चलते गंगा नदी के किनारे बेरीकेडिंग की गयी है। जिससे स्नान करने वाले कांवड़ियां गहरे पानी में स्नान करने को नहीं जा सके। गंगा में आई बाढ़ का जलस्तर कुछ घट गया है। जिससे आने वाले कांवड़ियां जहां पर स्नान की व्यवस्था की गयी है, उसे छोड़कर दूसरी तरफ स्नान करने जा रहे हैं। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। कांवड़िया जान जोखिम में डालकर गंगा स्नान कर रहे हैं।

## काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ पर हुई प्रतियोगितायें



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के आयोजन में गुरुवार को नवाबगंज बीआरसी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा की देखरेख में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम प्रसंजिल उच्च प्राथमिक विद्यालय अचरिया बाकरपुर, द्वितीय स्थान रमाकांत, तृतीय स्थान तथा शिवम और तनिष्का क्रमशः चौथे स्थान पर रहीं। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या पाल उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरार, द्वितीय स्थान आकांक्षा कुरार एवं तृतीय स्थान अंजू कुमारी उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगांव, वहीं सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदर्श शर्मा कुरार, द्वितीय स्थान नेहा राजपूत नौगांव एवं तृतीय स्थान आर्यन शाक्य नौगांव को प्राप्त हुआ। वहीं निबंध प्रतियोगिता में काजल प्रजापति प्रथम स्थान चांदपुर, शीतला शाक्य द्वितीय स्थान चांदपुर, रमाकांत तृतीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढर्रा शादी नगर रहे। इस मौके पर एनआरपी प्रदीप कुमार पाल, पंकज कुमार, सुरेश कुमार, बलवीर सिंह कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर मजदूर को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव सिकन्दरपुर कोला निवासी दीपचन्द्र पुत्र लालाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह मजदूरी करने कायमगंज आया था। वहाँ पर मौजूद सुनील पुत्र बहोरे निवासी अताईपुर कोहना उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सुनील अपने परिजनों के साथ एक जुट होकर आये और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर दीपचन्द्र का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# मवेशी प्लाट में जाने पर दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के गांव हकीकतपुर निवासी राजेश्वरी देवी की मवेसी बुधवार सुबह पड़ोसी युवक के प्लाट मे चली गयी। जिस पर पड़ोसी से विवाद हो गया था। आरोप है की बुधवार देर रात्रि पड़ोसी चार युवक जीने के सहारे छत पर चढ़ गये व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। बचाने आयी पुत्री कामिनी व पुत्र अश्वनी के साथ भी उक्त लोगो ने लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट मे राजेश्वरी गंभीर रूप से घायल हो गयी। पीड़ित ने थाने आकर तहरीर दी। बाद में दोनों पक्षों मे समझौता हो गया।

# बच्ची को बचाने में करंट से ताऊ की मौत

▸ घटना के बाद से परिजनों में मचा कोहराम

**कम्पिल/कायगमंज, समृद्धि न्यूज**

**बोर्ड में** तार लगाते समय बालिका करंट लगने से चिपक गयी। बचाने आये ताऊ को भी बिजली ने पकड़ लिया। स्वजन ताऊ को गम्भीर हालत में सीएचसी कायमगंज ले गये। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी रशीद की पांच वर्षीय पुत्री शहनाज गुरूवार दोपहर पंखे के तार को बोर्ड में लगाते समय करंट से चिपक गयी। भतीजी को बचाने के प्रयास में 40 वर्षीय ताऊ शाबिर हुसैन ने भतीजी को छुड़ा लिया, लेकिन स्वयं करंट से चिपक गए। स्वजनों ने आनन-फानन में तार को काटकर उन्हें छुड़ाया, लेकिन वह गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए। स्वजन ने उन्हें सीएचसी कायमगंज मे भर्ती करवाया। जहां डॉ0 विपिन कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार मे कोहराम मच गया। मृतक साबिर हुसैन की माँ नूरजादी व पत्नी शरीना बिलखने लगी। मृतक के तीन पुत्र मुशर्रफ, जाकिब व सलमान व चार पुत्रियां मीना, रुखसाना, करीना, करिश्मा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के 7 बच्चे हैं। मशर्रफ 20, जाकिर 18, मीना 16, सलमान 14, रुखसाना 12, करीना 10 व करिश्मा 8 साल की है। अभी किसी बच्चे की शादी नहीं हुई है। मृतक पांच भाइयों मे सबसे बड़ा था।



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# किशोरी से छेड़छाड़/अश्लील वीडियो बनाने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**युवक ने** किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर उसके अश्लील फोटो खींच लिए। विरोध करने पर फोटो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर स्वजनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित युवक व उसके भाई के खिलाफ पॉस्को साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपितों की तलाश में दबिश दी। आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी पिता ने दो दिन पूर्व दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी मोहल्ले का ही एक युवक बीते कई दिन से बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। युवक ने बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। विरोध करने पर युवक व उसके भाई ने स्वजनों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किशोरी ने दो दिन पूर्व पिता को रोते हुए घटना की जानकारी दी। पिता ने मंगलवार को आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच की बात कह पीड़ित को थाने से टरका दिया। पीड़ित ने गुरूवार सुबह मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी की फटकार के बाद गुरुवार दोपहर आरोपित अनस खान व उसके भाई विलाल के खिलाफ पॉस्को सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपितों की तलाश में दविश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# एनडीपीएस के आरोपी को दो वर्ष का कारावास

▸ 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिला** जज विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने राजा पुत्र हरिश्चन्द्र वल्मीकि निवासी नौगवां कोतवाली फतेहगढ़ को दोषी करार देते दो वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 15 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ में तैनात उपनिरीक्षक अनेक सिंह, कांस्टेबिल नवीन कुमार, शिवबहादुर सिंह के साथ देखरेख शांति व्यवस्था गश्त कर व वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील थे। मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की रेलवे लाइन के किनारे बनी तम्बाकू गोदाम के पास चार लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी करने के लिए घेराबंदी की। उनमें से एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। तीन लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में एक ने अपना नाम छविराम वर्मा पुत्र सुखराम निवासी परसादी नगला शमशाबाद, दूसरे ने अपना नाम पंकज वर्मा पुत्र रामकुमार, राजा पुत्र हरिश्चंद्र निवासीगण नौगवां फतेहगढ़ बताया। तीनो पकड़े लोगों की जामा तलाशी लेने पर चोरी करने में उपयोग होने वाले समस्त हथियार मिले। पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग नशीले पदार्थ का काम करते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। राजा की पत्रवाली पृथक हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने राजा को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास से दण्डित किया व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# मंत्री के कार्यक्रम को लेकर सीडीओ व एडीएम ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के गांव रानूखेड़ा में बने अमृत सरोवर का कल प्रभारी मंत्री निरीक्षण करेंगे। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र के गांव रानू खेड़ा में प्रभारी मंत्री के प्रोग्राम को लेकर सभी अधिकारी सजग दिखाई दे रहे हैं। प्रभारी मंत्री के आने से पहले किसी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए, इसलिए मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं व्यवस्था देखी। उनके साथ में एडीएम तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर की साफ -सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अमृत सरोवर के किनारे खड़ी झाड़ियां तथा घास साफ होनी चाहिए। बताते कल अमृत सरोवर के किनारे प्रभारी मंत्री द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बाद रानू खेड़ा में बने रामकृष्ण इंटर कॉलेज महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इन मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार, एडीएम सुभाष प्रजापति, डीसी मनरेगा रंजीत कुमार, खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान, बीडीओ पंचायत विपिन कुमार पाल, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, प्रधान प्रतिनिधि शीशराम राजपूत, रोजगार सेवक, सहदेव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण करते जाते अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# किसानों ने समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जय जवान** जय किसान लोकशक्ति संगठन ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि कायमगंज तहसील में किसानों की राजस्व संबंधित शिकायतें है उनका निस्तारण किया जाये। कायमगंज मण्डी समिति 1 जनवरी को जिला इकाई द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था। अभी तक कार्यवाही नहीं हुई। मण्डी समिति में टीनशेड पड़े है, जो किसानों के हित के लिए बने है। यहां के व्यापारी टीनशेड के किनारे अवैध कब्जा किये हुए है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। व्यापारियों को नोटिस भी दिया गया, लेकिन अभी तक कब्जा नहीं हटा है। किसानों का



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता — समृद्धि न्यूज

अनाज बारिश से भीग रहा है। मजबूरन किसान व्यापारी के हाथ आधे-पौने दामों में अपनी फसल बेंच रहा है। शीघ्र कार्यवाही की जाये। इस मौके पर अवनीश, रामप्रसाद, सत्य कुमार पाल, रोहित पाल, ऋषिपाल सिंह, रतन पाल, हर्षित गंगवार, वारिश खां, रश्मी देवी, विवेक पाण्डेय, हरिनाथ सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरे ज्ञापन में मांग की है कि जलालपुर जनपद मैनपुरी निवासी श्यामादेवी पत्नी महावीर ने सन् 2016 में साढ़े 18 बीघा जमीन शेर अली खां निवासी शमशाबाद से खरीदी थी। शेर अली का फर्जी बैनामा श्यामादेवी के नाम किया, और धोखाधड़ी में श्यामादेवी को ही फंसाया गया। कायमगंज सामुदायिक केंद्र पर जो भी डाक्टर है वह सुचारु रुप से कार्य कर रहे है। अस्पताल में मरीज आते है वहां कोई सर्जन नहीं है। ऐसे में सर्जन भेजा जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# समस्याओं को लेकर भारतीय कृषक एसो. ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय कृषक** एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सम्बोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनहित की मांगों को पूरा किया जाये। जिले के अधिकारियों एवं कोल्ड स्टोरेज मालिकों की मिलीभगत से आलू की निकासी नहीं की जा रही है। आलू की कीमतें निरंतर बढ़ रही है। बड़ी मात्रा में निकासी करायी जाये। निकासी में बाधा बन रहे लोगों को दंडित किया जाये। सरकार अस्पतालों के आवास खाली कराये जाये। डाक्टर जनपद के बाहर जा चुके है व दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात है। मुख्य चिकित्साधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। ऐसे में रिश्वतखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण डा0 विपिन हत्याकाण्ड का मामला तथा बाहर की दवाइयां लिखने वालों को दंडित कर हटाया जाये और उनकी जांच की जाये। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में प्राइवेट अस्पतालों में डाक्टरों की जानकारी नहीं है। दवाइयां ज्यादातर उसी मेडिकल पर मिलती है ऐसे में उनका लाइसेंस निलंबित करने की मांग की है। अधिकांश कर्मचारियों की जगह तहसील में प्राइवेट कर्मचारी तैनात है, जो संविदा कर्मचारी भी है, भ्रष्टाचार कर रहे है। जनहित में समस्याओं का निस्तारण नहीं कर रहे है। बिजली विभाग द्वारा गलत मीटर रीडिंग आ रही है। तत्काल जांच करवायी जाये। सीएचसी शमशाबाद व कायमगंज पर प्राइवेट प्रक्टिस कर रहे लोगों से आवास खाली करवाया जाये। कायमगंज नगर पालिका में मृत्यु व जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर परेशान किया जा रहा है और 1 हजार रुपये तक वसूला जा रहा है उसकी जांच की जाये और उनका पटल बदला जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रामलाल गुप्ता, सुनील मिश्रा, बिंदु सिंह गंगवार, मुन्नालाल सक्सेना आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सांसद ने गडकरी से मिलकर तीन ओवर ब्रिज बनाने की मांग की

**इटावा।** सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात कर संसदीय क्षेत्र इटावा के मलाजनी चौराहा, जसवंतनगर, इटावा, पेंगुपुर गांव, अजीतमल और चौबे महाविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए 3 ओवर ब्रिज बनाने तथा अनंतराम टोल प्लाजा पर टोल टैक्स माफ करने की मांग की। सांसद जितेन्द्र दोहरे ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को दिये पत्र में कहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा के अंतर्गत मलाजनी चौराहा, जसवंतनगर, इटावा तथा पेंगूपुर गाँव के सामने अजीतमल, और चौबे महाविद्यालय, अजीतमल7 में राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं क्योंकि लोगों को इसे क्रॉस करना पड़ता है। अतः आपसे निवेदन है कि निम्नलिखित स्थानों पर कृपया 3 ओवर ब्रिज बनवाने का कष्ट करें। जिससे जनता को इसका लाभ मिलेगा तथा साथ ही स्कूली बच्चो को स्कूल जाने के लिए न तो रोड क्रॉस करना पड़ेगा और इस प्रकार दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। इससे जनता का हित होगा। 2 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर अजीतमल के आगे स्थापित अनन्तराम टोल प्लाज़ा दो दशकों से ज्यादा से टोल टैक्स वसूल कर रहा है जोकि गलत है। इस तरह इस टोल टैक्स द्वारा जनता को लूटा जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि इस टोल टैक्स वसूली को बंद कराया जाए अथवा निजी वाहनों पर टोल टैक्स माफ किया जाये।मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र की उक्त समस्याओं को देखते हुए उन पर अमल किया जाए और इन मांगों को पूरा किया जाए।

### चेकिंग में 22 लोग बिजलीं चोरी करते पकड़े गए

**इटावा।** बिजलीं विभाग की टीम द्वारा चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है फिर भी बिजली चोरी करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। अवर अभियंता एंव विजीलेंस टीम द्वारा हाई लास फीडर फेंडस् कॉलोनी के आसपास क्षेत्र पर चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान 22 उपभोक्ताओं के मीटर से पहले केवल में कट लगाकर विघुत चोरी करते पाई गई जिनके खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस कार्यवाही में उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### किसान से खरीदा मूंगफली का बीज अब नहीं दे रहा भुगतान

**जालौन (उरई)।** किसान से मूंगफली का बीज खरीदने के बाद अब क्रेता बकाया रुपयों का भुगतान नहीं कर रहा है। मांगने पर गाली, गलौज व झगड़े पर आमादा है। पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर बकाया का भुगतान कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी अमित कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि वह मूंगफली के बीज बेचने का काम करता हैं फरवरी माह में प्रतापपुरा निवासी एक व्यक्ति ने उनसे पांच क्विंटल 20 किग्रा मूंगफली का बीज लिया। 12 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से उसका 62 हजार 400 रुपये बना था। जिसमें से उन्होंने 30 हजार रुपये नकद दे दिए थे। शेष 32 हजार 400 रुपये कुछ दिन बाद देने के लिए कहा था। तबसे लगभग छह माह बीत चुके हैं। अब तक उन्होंने उसका बकाया रुपया नहीं दिया है। कई बार मांगने पर पहले तो वह टहलाते रहे। अब उन्होंने धमकाना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं रुपये मांगने पर गाली, गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किसान के नलकूप का स्टार्टर चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई)।** नलकूप का स्टार्टर चोरी होने की सूचना पड़ित किसान ने कोतवाली में की थी। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी धर्मेंद्र सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने अपने खेत में सिंचाई के लिए नलकूप लगवाया था। जिसे चलाने के लिए बिजली का कनेक्शन लेने के साथ ही स्टार्टर भी लगवाया था। बीती पांच अगस्त को उसके खेत से नलकूप का स्टार्टर चोर चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने दो व्यक्तियों पर शक जाहिर करते हुए बताया कि उनसे उसकी रंजिश चलती है। जिसके चलते वह लोग उसे परेशान करते हैं। इसको लेकर उन्होंने कोतवाली में भी शिकायत की थी। लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पीड़ित किसान ने एसपी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसके नलकूप का स्टार्टर बरामद कराने की गुहार लगाई है।

### हीरापुर माइनर पर पुलिया निर्माण की मांग उठायी ग्रामीणों ने

**जालौन (उरई)।** हीरापुर माइनर के एक ओर कुठौंदा बुजुर्ग व दूसरी ओर कुठौंदा बुजुर्ग गांव है। इस माइनर से होकर निकले चकरोड पर पुलिया ने होने से ग्रामीणों को घूमकर अपने खेतों तक पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस माइनर पर पुलिया बनवाने की मांग बेतवा नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंता से की थी। जिस पर अधिशाषी अभियंता द्वारा उच्चधिकारियों से अनापत्ति प्राप्त करने के लिए पुलिया की ड्राइंग व डिजायन उपलब्ध कराने के लिए बीडीओ को पत्र लिखा गया। कुठौंदा बुजुर्ग व हीरापुर गांव के निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर, अमित कुमार, राहुल, विकास, जितेंद्र आदि ने बताया कि हीरापुर से कुठौंदा बुजुर्ग गांव के बीच चकरोड निकला है।

# कुश्ती स्टार विनेश फोगाट के मामले में केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर करायें जांच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कांग्रेस पार्टी** की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कुश्ती स्टार विनेश फोगाट द्वारा अपना शानदार प्रदर्शन करने के दौरान फाइनल में अयोग्य घोषित कर दिया। जिसके विरोध में कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मोनिका को सौंपा। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में सदर तहसील पहुंचकर पुन्नी शुक्ला के साथ राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर मांग की है कि देश की स्टार खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विनेश फोगाट ने फाइनल में जगह बनायी। आखिरी दौर के मैच में उन्हें अयोग्य



ज्ञापन सौंपती शकुंतला देवी मौजूद कांग्रेसी

घोषित कर दिया। इससे प्रतीत होता है कि संगीन साजिश है। कांग्रेसजन मांग करते है केंद्र सरकार अपने स्तर पर हस्तक्षेप कर घटना का खुलासा कराये। इस मौके पर दीपक कुमार चतुर्वेदी, वरुण त्रिपाठी, नईम उल्लाह, दानिश अली, फैजान खान, शोऐब, अंश गुप्ता, हसमत अली, अलीशा, मुस्कान, समीरा, पप्पो, सुनीता, नसरीन, नसीम बानो, आसिफ खां, जानकी शुक्ला, अभिषेक सारस्वत, वीरेन्द्र मिश्रा, हिलाल सफीकी आदि लोग मौजूद रहे।

### सलमान खुर्शीद के खिलाफ भाजपा नेता विमल कटियार ने दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेता ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के खिलाफ फतेहगढ़ कोतवाली में तहरीर दी है। कांग्रेस नेता व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद निवासी पितौरा कायमगंज हाल निवासी नई दिल्ली ने बांग्लादेश में हुए तख्तापलट को लेकर भारत में भी ऐसी घटना होने की चेतावनी दी है। जिससे देश व प्रदेश का सौहार्द बिगड़ सकता है। ऐसे में उनका बयान देश को नफरत की तरफ ले जाने के लिए प्रेरित करता है। जो कि देशद्रोह की श्रेणी में आता है। सलमान खुर्शीद के खिलाफ भड़काऊ भाषण व बयान की साजिश जैसी सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। फतेहगढ़ कोतवाली में विमल कटियार ने सलामन खुर्शीद के खिलाफ तहरीर दी है।

# 11 अगस्त को नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी नगर में कांवड़ यात्राः विमलेश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासभा एवं जय भोलेबाबा कमेटी द्वारा सामूहिक विशाल कांवड़ यात्रा 11 अगस्त को नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश



विमलेश मिश्रा

मिश्रा ने बताया कि दुर्वाषा ऋषि आश्रम से गंगा स्नान के साथ कांवड़ यात्रा प्रारम्भ होकर पांचाल घाट से खानपुर कादरीगेट, लालगेट, घुमना, चौक होते हुए रेलवे रोड स्थित पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां भक्तगण भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगें। भोलेबाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि सभी भक्तों से अपील है कि अपनी कांवड़ के साथ सभी लोग यात्रा में शामिल हो। इसके लिए वह कमेटी के लोगों से सम्पर्क करें। हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकाली जायेगी। जिसके लिए हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक व प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव मिश्रा आदि लोग तैयारी में लगे है।

# जनपद में 348 फाइलेरिया, 388 हाइड्रोसील रोगी चिन्हितः सीएमओ

इटावा। समृद्धि न्यूज

**आज** से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीताराम ने बताया कि जनपद में अब तक 348 फाइलेरिया एवं 388 हाइड्रोसील रोगियों को चिन्हित किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 1611060 लक्षित लाभार्थियों को 3092 स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से बूथ से लेकर घर-घर जाकर इन दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दवाओं का वितरण बिल्कुल भी नहीं किया जायेगा, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं खिलाई जायेंगी। डॉ गीताराम ने लोगों से अपील की इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं फाइलेरिया के पूर्ण उन्मूलन के लिए हम सब यह प्रयास करें कि इस बार शत-प्रतिशत फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाये।।नोडल अधिकारी डॉ श्री निवास यादव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के दिशा निर्देश के अनुपालन में जनपद से सभी ब्लॉक एवं गांव तक समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में एल्बेंडाजॉल भी खिलाई जाती है जो बच्चों में होने वाले कृमि रोग का उपचार करती है और सीधे तौर पर बच्चों के शारीरिक व वौद्धिक विकास में सहायक होती है।

# तहसील बार एसो. की बैठक में नई एल्डर्स कमेटी बनाने की उठी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** तहसील सदर कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष अतर सिंह कटियार के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। जिसमें तय किया गया है कि 12 अगस्त को आम सभा में वोटर लिस्ट पुर्नरीक्षण करते हुए एल्डर्स कमेटी का गठन कर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जायेगा। चुनाव कराने के लिए एल्डर्स कमेटी की आवश्यकता होगी। पुरानी एल्डर्स कमेटी को अधिवक्ता रविनेश चन्द्र यादव द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र 17 मई 2023 के आधार पर 19 मई को आमसभा की सर्वसम्मति से भंग कर दिया गया था। पुरानी एल्डर्स कमेटी के कई सदस्य अन्य बार एसोसिएशन के भी सदस्य है। ऐसे में वन फार वन वोट का पालन नहीं हो



तहसील बार एसो0 की बैठक में मौजूद अधिवक्ता — समृद्धि न्यूज

पा रहा है। लिहाजा बार एसोसिएशन तहसील के द्वारा जारी लेटरपैड की मान्यता रहेगी। अन्य लेटरपैड मान्य नहीं होगा। बैठक के दौरान सचिव अतुल कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी नई एल्डर्स कमेटी गठन करने की बात कही है। बताते चले कि एल्डर्स कमेटी व बार एसोसिएशन में आपसी विवाद बढ़ गया है। पहले की तरह फिर भी स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में आगे क्या रणनीति बनेगी यह 12 अगस्त के बाद ही पता चल पायेगा।

# पार्टी की गाइडलाइन को लेकर कायमगंज बसपा विधानसभा अध्यक्ष सक्रिय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बहुजन समाज** पार्टी की बैठक विधानसभा कायमगंज के सेक्टर कम्पिल में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध, विधान सभा प्रभारी प्रेम सिंह, रामोतार गौतम, अहिवरन सिंह लोधी, उपेन्द्र सिंह लोधी विधान सभा अध्यक्ष, गौरव सिद्धार्थ, अजीत पाल ने एक स्वर में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बताये हुए रास्ते पर चलने का आवाह्न किया और काशीराम के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही विधानसभा के प्रत्येक



कार्यकर्ताओं को पत्र सौंपते विजय भास्कर

बूथ पर जाकर लोगों को जागरुक कर पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेगें। इस मौके पर कायमगंज विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साथ ही मायावती के बयान को सही मानते हुए पदाधिकारियों ने उनकी बात जनता तक पहुंचायी। जिसमें बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के द्वारा केन्द्र व यूपी सरकार द्वारा मस्जिद, मदरसा, वक्फ आदि मामलों में जबरदस्ती की दखलन्दाजी तथा मन्दिर व मठ जैसे धार्मिक मामलों में अति-दिलचस्पी लेना संविधान व उसकी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त के विपरीत अर्थात ऐसी संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति क्या जरूरी सरकार राष्ट्रधर्म निभाए। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार जल्दबाजी न करें। कांग्रेस, भाजपा साम्प्रदायिक उन्माद की आड़ में राजनीति कर रही है।

# 13 परिवारिक मामले अब तक लोक अदालत के लिए चिन्हित



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आगामी** 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में परिवारिक विवादों से संबंधित तैयारी बैठक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अशोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। परिवारिक विवादों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितम्बर के लिए मामलों को चिन्हित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं विधि सलाहकारों को निर्देश दिये गये। परिवारिक विवादों से संबंधित अब तक कुल 13 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस मौके पर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजू कम्बोज, विधि सलाहकार जवाहर सिंह गंगवार, प्रमेश चन्द्र सक्सेना, स्नेहलता शाक्य, जगदीश चन्द्र सागर, ओमप्रकाश गौतम, रघुवीर दास आदि लोग मौजूद रहे।

# कबाइं कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से फाइलेरिया के प्रति किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**फाइलेरिया बीमारी** के प्रति जागरुक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। फाइलेरिया यानी हाथी पांव बीमारी है। आम जनमानस को जागरुक करने के लिए इसकी दवाई बांटी जा रही है। इसे खाना बहुत अनिवार्य है। इससे निपटने के लिए जिलाधिकारी ने सभी को फाइलेरिया दवाई खाने का निर्देश दिया है। मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया यानि हांथी पांव के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया।



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार ने कहा कि फाइलेरिया का दंश कितना दर्दनाक होता है यह कोई फाइलेरिया रोगी ही बता सकते है। 27 जनपदों में 10 अगस्त से 28 अगस्त के बीच फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने कहा कि हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फाईलेरिया रोग के लक्षण है। फाइलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। जिला मलेरिया अधिकारी नौसाद अली ने बताया कि फाइलेरिया रोग प्रबंधन के लिए 2 वर्ष से ऊपर तथा 5 वर्ष से छोटे बच्चों को डीईसी की 1 टैबलेट और एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जाएगी एवं 5 वर्ष से ऊपर और 15 वर्ष से छोटे बच्चों को डीईसी की 2 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट तथा 15 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियो को डीईसी की 3 टेबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जायेगी। पीसीआई से शादाब आलम ने कहा कि यह अभियान वर्ष में एक बार चलाया जाता है, इसलिए सभी लक्षित वर्ग को इसका सेवन जरूर करना चाहिए। विद्यालय में फाइलेरिया के प्रति जागरुक करते हुए प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की देखरेख में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर अनुपम मिश्रा, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, समीक्षा अग्निहोत्री, दर्शना आर्या, सुनीता पाण्डेय, पूनम शुक्ला, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, स्मृति दुबे आदि शिक्षिकायें मौजूद रही।

**कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2024-25/शमशाबाद — दिनांक 08 अगस्त 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद अतहर निवासी मोहल्ला सैय्यदवाड़ा फर्रुखहुसैन द्वारा एक किता दुकान मोहल्ला बाजार मण्डी शमशाबाद में श्री हसीब उल्ला खां व अनीस उल्ला खां पुत्रगण हबीव उल्ला खां व शहवाज उल्ला खां व अमान उल्ला खां पुत्रगण स्व0 रईस उल्ला खां निवासी मो0 गढ़ी शमशाबाद से पंजीकृत बैनामा के द्वारा क्रय की है उपरोक्त दुकान को अपने नाम करवाने हेतु प्रार्थना प्रस्तुत किया है। उपरोक्त दुकान की चौहद्दी इस प्रकार है पूरब में कब्रिस्तान, पश्चिम में रास्ता नगर पंचायत शमशाबाद, उत्तर में दुकान शाहिस्ता बेगम, दक्षिण में अमाज अहमद कुरैशी है। अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**( अधिशासी अधिकारी ) नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

**कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2024-25/शमशाबाद — दिनांक 08 अगस्त 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कान्ती पत्नी रामदास निवासी मो0 सिकन्दरपुर महमूद शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद द्वारा अपना नाम नगर पंचायत शमशाबाद में दर्ज करवाने हेतु प्रार्थना पंजीकृत बैनाम की छाया प्रति के साथ प्रस्तुत किया है दुकान मोहल्ला बाजार मण्डी में स्थित है जो पूर्व में रिफाकत उल्ला के नाम दर्ज थी उसके उपरान्त पंजीकृत वसीयत नामा द्वारा श्री इन्तजार पुत्र रिफाकत उल्ला के दर्ज नाम हुई तत्पश्चात इन्तजार द्वारा श्रीमती कान्ती पत्नी रामदास निवासी सिकन्दरपुर महमूद को बेंच दी है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है पूरब में मार्केट अफसर खां, पश्चिम में आराजी विक्रेता स्वयं, उत्तर में रास्ता नगर पंचायत शमशाबाद, दक्षिण में बिजली घर है। अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**( अधिशासी अधिकारी ) नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

# जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम हो जीएसटी मुक्त : विपक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विपक्षी सदस्यों ने गुरुवार को राज्यसभा में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर लग रहे 18 प्रतिशत जीएसटी को वापस लेने की मांग की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्यांक3)विधेयक 2024, वित्त (संख्यांक 2) विधेयक 2024 और विनियोग (संख्यांक2) विधेयक 2024 पर आगे चर्चा की शुरूआत करते हुये कांग्रेस के विवेक तन्खा ने कहा कि भारत बंगलादेश, वियतनाम और इंडोनेशिया से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ गया है। सरकार कंपनियों के कर को कम कर रही है जबकि व्यक्तिगत करदाताओं पर कर का बोझ बढ़ा रही है। मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट को लेकर पूंजीगत लाभ पर कर को कम किया गया लेकिन इंडेक्सेशन को



हटाने के बाद यह अधिक हो जायेगा। हालाँकि इंडेक्सेशन को आंशिक तौर पर बहाल किया गया है जो स्वागत योग्य है। रोजगार के लिए भी कोई विशेष प्रावधान नहीं है। सरकार का इंटर्नशिप कार्यक्रम भी उत्साहवर्धक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट में शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी जोर नहीं दिया गय है। हर क्षेत्र की उपेक्षा की गयी है।

भारतीय जनता पार्टी की रमिलाबेन बेचारभाई बारा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत बनाने के साथ ही उसके लिए नींव को सशक्त बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के दौरान जनता विशेषकर महिलाओं को 8500 रुपये हर महीने खटाखट आने का झांसा देकर वोट लिया लेकिन अब वे महिलायें इंतजार कर रही है कि उसके खाते में यह राशि कब आयेगी जबकि मोदी सरकार देश की महिलाओं और माता बहनों को सशक्त बनाने का काम कर रही है। बेटी पढ़ाओ बेची बचाओं जैसे कार्यक्रमों से बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर लगाये जा रहे जीएसटी को वापस लेने की मांग की है क्योंकि केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसकी मांग की है।

वाईएसआर कांग्रेस के वी विजयसाई रेड्डी ने कहा कि बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त किया जाना चाहिए।

## विपक्ष के आचरण से खिन्न धनखड़ ने कुछ देर के लिए छोड़ा आसन

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ गुरूवार को सदन में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के आचरण से इतने दुखी हुए कि वह खिन्न होकर कुछ देर के लिए आसन छोड़कर चले गये। सभापति ने जैसे ही सदन में विधायी कामकाज शुरू कर शून्यकाल शुरू करना चाहा नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फौगाट के प्रकरण से जुड़ा मुद्दा उठाना चाहा। सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जिससे विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करने लगे । तृणमूल कांग्रेस के सदन में नेता डेरेक ओ ब्रायन ने उत्तेजित होकर चिल्लाते हुए इसका विरोध किया। विपक्ष के सदस्यों ने कुछ देर के लिए सदन से बहिर्गमन किया। श्री धनखड़ ने श्री ब्रायन को आगाह करते



हुए कहा कि वह बार बार आसन को चुनौती देते हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि श्री ब्रायन अपने आचरण में सुधार नहीं करते हैं तो उन्हें मजबूरन उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी। सभापति ने विपक्ष के आचरण पर अफसोस जताते हुए कहा कि इस पवित्र सदन को अराजकता का केन्द्र बनाना, लोकतंत्र पर कुठाराघात करना और देश की गरिमा को धूमिल करना अमार्यादित आचरण है और सदन की मर्यादा का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें शब्दों से, पत्र के द्वारा और अखबार के माध्यम से जिस तरह से चुनौती दी जा रही है तथा अनुचित टिप्पणी की जा रही है वह अनुचित है। उन्होंने कहा कि यह चुनौती उन्हें नहीं बल्कि सभापति के पद को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्य सोचते हैं कि जो व्यक्ति सभापति के पद पर बैठा है वह इसके लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपनी शपथ से भाग नहीं रहे हैं लेकिन अब उनके पास एक ही विकल्प है और जिस तरह का व्यवहार हुआ है उससे वह कुछ समय के लिए यहां नहीं बैठ पायेंगे। उन्होंने कहा कि वह अभी दुखी मन से जा रहे हैं। इसके बाद वह सदन छोडकर चले गये।

# सीडीएस ने बांग्लादेश में अशांति और अस्थिरता पर पहली बार जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

शेख हसीना के खिलाफ शुरू हुए आरक्षण विरोधी आंदोलन के बाद बांग्लादेश में अस्थिरता पर भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पहली बार चिंता जताई है। उन्होंने बांग्लादेश में अशांति, जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद पर चिंताओं को उजागर किया है। सीडीएस चौहान ने कहा कि तीन साल से चीन के साथ गतिरोध के बावजूद हमारे पास पूर्व और उत्तर में जीवंत सीमाएं हैं। इसलिए पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति होना निश्चय ही भारत के लिए भी चिंता का विषय है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान गुरुवार को दिल्ली में सैन्य गोला-बारूद पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के बाद वहां अराजकता का माहौल है,





**पाकिस्तान से बढ़ते तनाव और चीन के साथ सीमा विवाद पर भी खुलकर बोले सीडीएस- बांग्लादेश की करीब 4000 किमी. लंबी सीमा पर सेना और बीएसएफ हाई अलर्ट पर**

जिसने अब वहां सांप्रदायिक रंग ले लिया है। हिंदुओं के साथ ही वहां दूसरे अल्पसंख्यकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जो अब पूर्वोत्तर की सीमा से भारत में पलायन करने की ताक में हैं लेकिन सीमा सुरक्षा बल उन्हें वापस बांग्लादेश भेजकर घुसपैठ को नाकाम कर रहे हैं। भारतीय सेना और बीएसएफ भारत से लगती बांग्लादेश की करीब 4000 किमी. लंबी सीमा पर हाई अलर्ट पर है।

# राष्ट्रपति ने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स से की बातचीत

**एजेंसी, वेलिंगटन/नई दिल्ली।**

न्यूजीलैंड की राजकीय यात्रा पर आयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स के साथ बातचीत की और न्यूजीलैंड अतंरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को भी संबोधित किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति भवन कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तौर तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने पर चर्चा की। न्यूजीलैंड अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि शिक्षा



संबंध - भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत इस वर्ष के सम्मेलन में सम्मान के पात्र का देश है। राष्ट्रपति ने शिक्षा के लिए अपना दृष्टिकोण रखा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सहित शिक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला। श्रीमति मुर्मु ने द्विपक्षीय शिक्षा संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया।

श्रीमती मुर्मु ने वेलिंगटन में पुकेहू राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वेलिंगटन रेलवे स्टेशन के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा की विरासत मानव जाति के लिए एक मार्गदर्शक है। उनकी कालजयी शिक्षाएँ हमें प्रेरित करती रहती हैं।

## मोदी ने बुद्धदेव के निधन पर व्यक्त किया शोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन से व्यथित हूं। वह एक राजनीतिक दिग्गज थे जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ राज्य की सेवा की। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। ओम शांति। श्री भट्टाचार्य का 80 वर्ष की आयु में आज सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारी और सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित थे। बंगाल में वाम मोर्चे के 34 साल तक सत्तारुढ़ रहने के दौरान श्री भट्टाचार्य दूसरे और आखिरी माकपा मुख्यमंत्री रहे। श्री भट्टाचार्य 2000 से 2011 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

# बांग्लादेश के घटनाक्रम में विदेशी हाथ की भूमिका की भी होगी समीक्षा : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत विदेशी शक्तियों और सरकारों की भागीदारी सहित बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रम के सभी पहलुओं का विश्लेषण कर रहा है। बांग्लादेश का घटनाक्रम बदल रहा है, भारत इस पर नजर रखे हुए है और अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए हुए है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बांग्लादेश के संबंध में पूछे गए एक सवाल के उत्तर में यह बात कही। प्रवक्ता से अपदस्त प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र सजीब वाजेद के बयान के बारे में पूछा गया था। वाजेद ने बांग्लादेश में तख्तापलट में अमेरिका और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका का जिक्र किया है। प्रवक्ता ने कहा कि



बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी राजनयिकों को आमंत्रित किया गया है। भारत की ओर से इसमें ढाका स्थित भारत के उच्चायुक्त शामिल होंगे। प्रवक्ता ने अंतरिम सरकार के संबंध में और कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। विभिन्न सवालों के उत्तर में विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा संसद में दिए बयान का बार-बार हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बांग्लादेश की अवाम का हित और कल्याण सर्वोपरि है।

प्रवक्ता ने बांग्लादेश के हालात पर कहा कि हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वे अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करे। भारत चाहता है कि बांग्लादेश में शीघ्र ही कानून-व्यवस्था बहाल हो। यह पड़ोसी देश ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के हित में है।

अपदस्त प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देने अथवा उनके आगामी गंतव्य के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि यह फैसला उन्हें स्वयं करना है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट है कि विभिन्न संगठन और समूह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के संबंध में उपाय कर रहे हैं। भारत अल्पसंख्यकों की दशा पर निगरानी रखे हुए है।

प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय राजनयिक मिशनों में कार्यरत कर्मचारियों को गैर जरूरी कर्मचारी और परिवार के सदस्य भारत आ गए हैं। अन्य दूतावास ने भी ऐसा ही किया है। हमें आशा है कि स्थिति जल्द ही सामान्य होगी।

## संसद भवन में मछुआरों व राइट टू फूड डेलीगेशन के प्रतिनिधियों से मिले राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को संसद भवन के रिसेप्शन एरिया में मछुआरों व राइट टू फूड डेलीगेशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। कांग्रेस पार्टी ने भी इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रतिक्रिया दी है, जिसमें पार्टी ने पोस्ट पर कहा कि आज नेता विपक्ष राहुल से मछुआरों के डेलिगेशन और राइट टू फूड डेलिगेशन की मुलाकात संसद में होनी थी लेकिन उन्हें संसद में जाने का पास नहीं दिया गया। जैसे ही ये जानकारी नेता विपक्ष राहुल गांधी को हुई, तो उन्होंने संसद भवन के रिसेप्शन एरिया में जाकर मछुआरों के डेलिगेशन और राइट टू फूड डेलिगेशन से मुलाकात की।' सवाल ये है कि क्या संसद में किसान, मछुआरे और देश के आम लोग नहीं जा सकते? राहुल गांधी संसद भवन से निकलकर जब रिसेप्शन एरिया में जा रहे थे, तब उनके साथ पार्टी के सांसद भी थे। इस दौरान सांसद गौरव गोगोई ने मीडिया से कहा कि संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलना राहुल गांधी की न्याय यात्रा का हिस्सा है।

# उच्च शिक्षा सचिव ने किया स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण का शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के. संजय मूर्ति ने गुरुवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2024 के सातवें संस्करण का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम और उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और एआईसीटीई द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दुनिया का सबसे बड़ा ओपन इनोवेशन मॉडल है। एसआईएच के सातवें संस्करण में 20 केंद्रीय मंत्रालयों, 5 राज्य सरकारों, 3 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और 3 निजी संगठनों की ओर से 202 प्रॉब्लम स्टेटमेंट प्रस्तुत की गई हैं। अब छात्र



इन पर अपने आइडिया फाइल करेंगे। छात्रों की यह व्यापक भागीदारी खुले नवाचार मॉडल के महत्व और देश की सबसे अधिक दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आवश्यक सहयोगी प्रयासों को रेखांकित करती है। गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड इस वर्ष के संस्करण के लिए प्रमुख प्रायोजक भागीदार है। देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए पंजीकरण और आइडिया प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल अब खुले हैं जिसकी अंतिम तिथि 12 सितंबर, 2024 है। इच्छुक छात्र आधिकारिक वेबसाइट www.sih.gov.in पर पंजीकरण कर सकते हैं। के. संजय मूर्ति ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 के उद्देश्यों को साकार करने में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने और उद्योग जगत व अकादमिक सहयोग को बढ़ाने की दिशा में हैकाथॉन के योगदान पर प्रकाश डाला। स्थिरता के महत्व पर जोर देते हुए मूर्ति ने प्रतिभागियों से ऐसे अभिनव समाधान विकसित करने की अपील की जो अधिक टिकाऊ हों और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें।

# चुनाव आयोग की टीम पहुंची श्रीनगर

## राजनीतिक दलों ने जल्द चुनाव कराने के दिए सुझाव

**एजेंसी, श्रीनगर।**

**कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने श्रीनगर के एसकेआईसीसी में भारतीय चुनाव आयोग से मुलाकात की**

केन्द्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की गुरुवार को जम्मू-कश्मीर पहुंची एक टीम से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने श्रीनगर के शेरे-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में मुलाकात की। सभी ने जम्मू और कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव कराने की मांग की। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के प्रांतीय अध्यक्ष नासिर असलम वानी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने और पीडीपी, भाजपा के सदस्यों ने ईसीआई की टीम से मुलाकात की है। एनसी के प्रांतीय अध्यक्ष वानी ने कहा कि आज हम ईसीआई से मिलने आए हैं। यह अच्छा है कि चुनाव आयोग हमारी बात सुनने के लिए यहां आया है और हमें उम्मीद है कि अब सही निर्णय लिया जाएगा। वानी ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू और कश्मीर के लोग पिछले दस वर्षों से एक निर्वाचित सरकार का इंतजार कर रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने भी भारत के चुनाव आयोग से मुलाकात की और उन्हें निर्वाचित सरकार की अनुपस्थिति में जमीनी स्तर पर लोगों के सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। पीडीपी की वरिष्ठ महिला नेता आसिया नकाश ने कहा कि हमने चुनाव आयोग के समक्ष अपनी मांग रखी। हमने उन्हें बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव कराने के लिए राजी किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता आरएस पठानिया ने कहा कि हमारी उम्मीद है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होने चाहिए और सबसे अधिक मतदान होगा।

## हस्त नक्षत्र और सिद्ध योग में मनाई जाएगी नाग पंचमी

**एजेंसी, जयपुर।** श्रावण शुक्ल पंचमी आज 9 अगस्त को हस्त नक्षत्र और सिद्ध योग में नाग पंचमी (राजस्थान के अलावा) के रूप में मनाई जाएगी। महिलाएं भोलेनाथ के साथ नाग देवता की भी पूजा करेंगी। जिन जातकों की कुंडली में कालसर्प दोष या पितृ दोष है वे इस दोष से छुटकारा पाने के लिए नाग पंचमी के दिन श्री सर्प सूक्त का पाठ करेंगे। शिवालयों में नाग पंचमी के दिन भगवान शिव को चंदन अर्पित करेंगी। नाग पंचमी के दिन चांदी की धातु से बने नाग–नागिन का जोड़ा किसी मंदिर में दान करना बहुत शुभ होता है। माना जाता है कि इससे धन लाभ की संभावना बढ़ जाती है। ज्योतिषाचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव का दूध से अभिषेक करने के साथ–साथ नाग देवता को भी दूध अर्पित करना चाहिए। नाग पंचमी के दिन सूर्य अस्त होते ही मिट्टी के दीये में गाय का दूध नाग देवता के नाम से घर के मंदिरों और कोनों में रखना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को सभी संकटों से छुटकारा मिल जाता है।

# इन्फिनिक्स ने पेश किया नोट 40 एक्स 5जी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

देश की लोकप्रिय स्मार्टफोन प्रदाता कंपनी इन्फिनिक्स ने आज अत्याधुनिक खूबियों से लैस 40 एक्स 5जी के दो वैरिएंट बाजार में उतारे हैं।

इसका 12जीबी+256जीबी वैरिएंट 14 हजार 999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट 13 हजार 499 रुपये में उपलब्ध है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंपनी ने दोनो वैरिएंट पर डेढ़ हजार रुपये की छूट की पेशकश की है।

कंपनी के सीईओ अनीश कपूर ने यहां बताया कि एआई तकनीक से लैस फोन के कई फीचर महंगे ब्रांड के स्मार्टफोन की बराबरी करते हैं। इसमें शानदार परफॉर्मेंस के लिए मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर दिया गया है जबकि क्वाड एलईडी फ्लैश के साथ 108 मेगापिक्सल का आधुनिक ट्रिपल एआई कैमरा और 15 से अधिक मोड हैं। हाई-क्वालिटी सेल्फी के लिए इसमें





एलईडी फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। प्रीमियम ऑडियो अनुभव के लिए इसमें डीटीएस सराउंड साउंड के साथ ड्युअल स्पीकर हैं। उन्होने बताया कि इसमें 18 वॉट की चार्जिंग के साथ पूरा दिन चलने वाला 5000 एमएएच की बैटरी लगी है वहीं क्लीन यूज़र अनुभव के लिए एक्सओएस 14 इंटरफेस के साथ लेटेस्ट एंड्रॉयड 14 दिया गया है। यह साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और फेस अनलॉक के साथ बेहतर सिक्योरिटी प्रदान करता है। आधुनिक कनेक्टिविटी विकल्पों के लिए मल्टी-फंक्शनल एनएफसी दी गई है।

# विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा, हिल्डेब्रांट ने जीता खिताब

**एजेंसी, पेरिस।**

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मुकाबले के लिये अयोग्य ठहराये जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। वहीं अमेरीकी पहलवान सारा एन हिल्डेब्रांट ने कुश्ती का खिताब जीत लिया।

हिन्डेब्रांट ने फाइनल मुकाबले में युसनेलिस गुजमान को 50 किग्रा वर्ग में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

उल्लेखनीय है कि विनेश को फाइनल मैच के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद सेमीफाइनल मैच में विनेश से हारी युसनेलिस गुजमान लोपेज को फाइनल मुकाबले में जगह दी गयी थी।

इससे पहले निराश विनेश ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा वह अब हमेशा के लिए कुश्ती छोड़ रही हैं।



उन्होंने अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए लिखा, ÷माँ, कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। आपके सपने और मेरी हिम्मत टूट गई है। मुझमें अब और आगे बढ़ने की ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं हमेशा आप सभी की ऋणी रहूँगी। माफी। गौरतलब है कि बुधवार को 50 किग्रा कुश्ती वर्ग के फाइनल मुकाबले के लिये विनेश फोगाट को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश पेरिस 2024 में मंगलवार को जापान की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यूई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की मौजूदा पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युसनेलिस गुजमान को हराकर महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचीं थीं। हालांकि, ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के लिए तैयार विनेश का सपना टूट गया। अपने वजन को कम करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के बावजूद विनेश का वजन उनके भार वर्ग 50 किग्रा से थोड़ा अधिक पाया गया और उन्हें कुश्ती फाइनल मुकाबले के लिए अयोग्य करार कर दिया गया। इसके बाद भोजन और तरल पदार्थों की कमी से हुए डिहाइड्रेशन की वजह से विनेश को ओलंपिक गांव के एक पॉलीक्लिनिक में ले जाना पड़ा। उन्होंने वजन कम करने के लिए खाना-पीना बंद कर दिया था। विनेश भारतीय पहलवानों के इतिहास में सबसे सफल पहलवानों में से एक हैं। विनेश तीन बार की ओलंपियन, दो बार विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता, तीन बार राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता रहीं।

## अमन सहरावत 57 किग्रा वर्ग की कुश्ती के क्वार्टरफाइनल में

भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल राउंड ऑफ 16 बाउट में उत्तरी मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव को 10–0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अमन ने दूसरे पीरियड में दो मिनट पहले ही तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना पहला मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अमन अब अपने अगले मुकाबले में विश्व चैंपियन पहलवान





अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव से भिड़ेंगे। वहीं अगर अमन फाइनल में पहुंचते हैं तो ईगोरोव रेपेचेज राउंड में जगह बना सकते है।

# श्रावण मेरे लिए विशेष महत्व रखता है, मेरे दिन की शुरुआत महादेव की प्रार्थना से ही होती : देवोलीना

**श्रावण केवल भक्ति का मास नहीं है, बल्कि भगवान शिव के साथ से जुड़ने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का समय भी है : लक्ष्य खुराना**

**एजेंसी, मुंबई।**

श्रावण का महीना भगवान शिव के लिए समर्पित है। इसका अपना आध्यात्मिक महत्व है, जिसके दौरान लोग शिव जी की उपासना करते हैं। इस शुभ समय के दौरान, सन नियो के कलाकार ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों और श्रावण के दौरान अपनाए जाने वाले अभ्यासों के बारे में खुलकर बात की। छठी मैया की बिटिया शो में छठी मैया का किरदार निभाने वाली देवोलीना भट्टाचार्जी, साझा सिंदूर शो में माँ हुकुम का किरदार निभाने वाली नीलू वाघेला और इश्क़ जबरिया शो में आदित्य की मुख्य भूमिका निभाने वाले लक्ष्य खुराना ने अपने मत साझा किए।



देवोलीना भट्टाचार्जी का कहना है कि श्रावण उनके लिए विशेष महत्त्व रखता है, वह इसके आगमन का बेसब्री से इंतजार करती हैं। उनके दिन की शुरुआत महादेव की प्रार्थना से ही होती है।

वही नीलू वाघेला का मानना है कि यह एक पावन महीना है, जिसमें लड़कियाँ और महिलाएँ मेहंदी लगाकर, हरी चूड़ियाँ पहनकर खुद को सजाती और सँवारती हैं।

शिव जी की आराधना करने से लड़कियों को उनका मन चाहा पति मिलता है और महिलाओं के पतियों की उम्र लंबी होती है। श्रावण को लेकर लक्ष्य खुराना का कहना है की श्रावण केवल भक्ति का मास नहीं है, बल्कि भगवान शिव के साथ से जुड़ने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का समय भी है।